e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 11, अंक 235

# प्रभात मंत्र
हिन्दी दैनिक

मंगलवार
27.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
अगर आप खुश रहना जानते हो तो आप कम संसाधनों में भी सुखी रह सकते हो

ताजा खबरों के लिए देखें


## वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो की बलिदानी भूमि संताल परगना की लाखों बहनों को

## खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

27 अगस्त, 2024 | पूर्वाह्न 11:30 बजे से
पंदन पहाड़ी मैदान, जामा, दुमका

**संताल परगना** (गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

- 48 लाख से अधिक निबंधन
- अब तक 43 लाख से अधिक बहनों का आवेदन स्वीकृत
- 31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
- सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

## हर बहना को हर साल ₹ 12 हजार




हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR-333750(Women, Child Development & Social Security)24-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

# गढ़वा के लोगों का मिल रहा है भरपूर प्यार व आशीर्वाद : मंत्री मिथिलेश

## गढ़वा नप क्षेत्र सहित विभिन्न गावों के 500 से अधिक लोग झामुमो में शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा शहरी क्षेत्र के युवाओं सहित विभिन्न गावों के 500 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। सोमवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर शहर के कई युवा, व्यवसायी एवं समाजसेवी सहित काफी संख्या में लोग, मेराल प्रखंड के करकोमा से ब्राहमन समाज एवं अन्य समाज के लोग, ग्राम कोरवाडीह एवं जोबरईया के युवाओं सहित अन्य लोगों ने भाजपा एवं अन्य राजनीति दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर लिया। जबकि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मेराल प्रखंड के तेनार पंचायत भवन, तेनार उच्च विद्यालय एवं तेनार पचमुहान टोला में काफी संख्या में युवकों, महिलाओं एवं पुरुषों ने भी भाजपा एवं दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर लिया। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से गढ़वा शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी युवा समाजसेवी धीरज कुमार मालाकार (मंटू), विवेक कुमार केशरी, पिंटु गुप्ता, बिट्टु गुप्ता आदि का नाम शामिल है। जबकि जोबरईया गांव से राजन चंद्रवंशी, हिमांशु कुमार, नौशाद आलम, छोटू शर्मा, सुधीर कुमार, पप्पु शर्मा, सोनू खां, विनय पासवान, नेजाम आलम, श्रीकांत शर्मा, राजू राम, शाहिद अंसारी, लक्की ठाकुर, पवन कुमार, दानिश खां, एजाज अंसारी, करकोमा से कमला तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, विनोद दुबे, मनमोहन तिवारी, राधेश्याम तिवारी, कृष्णा तिवारी, परीखा चौधरी, राजेंद्र तिवारी सहित कोरवाडीह गांव से अंबेडकर क्लब कोरवाडीह के अध्यक्ष रामचंद्र राम, सचिव जगदीप राम, कोषाध्यक्ष असर्फी राम, स्टोर कीपर कुलदीप कुमार, मनोज राम, सदस्य सुनील कुमार सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूरे गढ़वा में जनता का अपार आशीर्वाद एवं प्यार मिल रहा है। गढ़वा में हो रहे चहुमुखी विकास कार्यों ने सभी का दिल जीत लिया है। यही कारण है कि प्रतिदिन हर क्षेत्र से काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल होकर पार्टी को और भी मजबूती प्रदान कर रहे हैं। ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बन सके एवं गढ़वा सहित पूरे राज्य का विकास निरंतर आगे बढ़ता रहे। मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, फुजैल अहमद, सलीम जाफर, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अबुआ आवास के लिए खुले रहे प्रखंड कार्यालय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जिले में अबुआ आवास के कार्यों में तेजी लाने व ससमय निष्पादित करने को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन के निर्देशानुसार सभी प्रखंड कार्यालय रविवारीय अवकाश के बावजूद खुले रहे। इस दौरान उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने सदर मेदिनीनगर, नवाबाजार, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज एवं विश्रामपुर सहित अन्य प्रखंडों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी प्रखंडों में कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध योग्य लाभुकों का चयन व संबंधित लाभुकों का आधार/ बैंक खाता सहित सभी आवश्यक विवरणी तैयार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान हैदरनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। उप विकास आयुक्त ने विभिन्न ब्लॉक पहुंचकर सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि अबुआ आवास सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। ऐसे में इस योजना में किसी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने सभी से अपने आवास समन्वयकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने की बात कही। उन्होंने अनुपस्थित बीडीओ समेत कर्मचारियों से स्पष्टीकरण पूछा है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर कार्रवाई की बात कही।

# ओबीसी एकता अधिकार मंच के द्वारा न्याय रथयात्रा निकाला गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** जिले के नावा बजार प्रखंड मे ओ,बी,सी ऐकता अधिकार मंच के केंद्रीय सदस्य गोरखनाथ चौधरी के द्वारा न्याय रथ यात्रा निकाला गया, जहा सभा संबोधित कर अपने ओबीसी समाज के लोगों से जनसंवाद कर अपने हक एवं अधिकारों के लिए एकजुट होकर सरकार के खिलाफ लड़ने का संदेश दिया साथ ही उन्होंने कहा कि ब्रह्मदेव प्रसाद के साथ जुड़कर ओबीसी समाज को एकजुट किया जाए, तथा ब्रह्मदेव प्रसाद के हाथों को मजबूत किया जाए ताकि ओबीसी समाज की आवाज विधानसभा पटल पर रखा जा सके, आज ओबीसी समाज का आरक्षण शून्य के बराबर कर दिया गया है, जो मेरा हक अधिकार था और मिलना चाहिए था पर मिल नही पा रहा है इसका मुख्य कारण है की ओबीसी समाज गहरी नींद मे सो रहा है, जिस दिन हम जाग जाएंगे उस दिन मेरा जो हक अधिकार है वह जनसंख्या के आधार पर सरकार को देना पड़ेगा , वही पिंटू यादव ने अपनी बात रखते हुए कहा पिछड़ा वर्ग में प्रगतिशील सामाजिक राजनीतिक लोग है, फिर भी उन्हें सत्ताधारी राजनीतिक लोग चुनावी फायदे के लिए गुणवत्ताहीन तरीके से बहला फूसला कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने मे उपयोग कर रहे हैं अऐसे लोगो से हमे दूर रहने की जरूरत है, हमे एकजुट होना होगा और अपने हक अधिकार के लिए लड़ना होगा मौके पर उपस्थित नारायण महतो, मकून राम, विनय कुमार मेहता, महावीर कुमार, विकेश कुमार, राम राज, सुरेन्द्र कुमार, व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे

# मुहर्रम के चालीसवें पर निकला ताजिया जुलूस

## 11 लाख की लागत से बनी ताजिया रहा आकर्षण का केंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेउरा गांव में सोमवार को चालीसवां का जुलूस निकाला गया। जुलूस में ग्यारह लाख की लागत से बनी कर्बला का प्रारूप ताजिया रहा आकर्षण का केंद्र। बताते चलें कि नेउरा में मोहर्रम की चालीस दिन के बाद मनाने वाली चालीसवां का त्योहार विशेष तौर पर मनाया जाता है। इस मौके पर स्थानीय कार्यक्रम के द्वारा बेहतरीन नकाशी से खूबसूरत ताजिया का निर्माण किया जाता है। इसे देखने के लिए आसपास के सैकड़ो लोग कई किलोमीटर दूर से हजारों लोग आते हैं। जुलूस में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी,नगर निगम के पूर्व पार्षद मनोज सिंह, चैनपुर पूर्वी के जीप सदस्य फैयजाल अहमद ,चैनपुर प्रखंड के उप प्रमुख सुनील सिंह, जनरल खलीफा खुश मोहम्मद, चालीसवां कमेटी के सदर जुबैर अंसारी, सेक्रेटरी रिजवान अंसारी नायब सदर रहमान अंसारी, नाइस सेक्रेटरी, नजीर अंसारी, खजांची फिरोज आलम, कारीगर सफीक अंसारी, शाहिद अंसारी, खुर्शीद अंसारी, पिंटू अंसारी, नसीम अंसारी, नजरुल अंसारी, फुल मोहम्मद अंसारी, साजिद अंसारी, सहित गणमान्य लोगों में अकबर कुरैशी, कासिम अंसारी, लुकमान अंसारी, अब्दुल मुतालिब, जुनाब अंसारी , अकलीम अंसारी, गुलाम हैदर, वसीद अंसारी, अजमल अंसारी, इस्तखार अहमद, सोनू डीलर सद्दाम अंसारी ,सरफुद्दीन अंसारी, व जमीर अंसारी सहित कई लोग मौजूद थें।

# मुखिया का कलमबंद अनिश्चितकालीन हड़ताल आज से



**पंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज वित्त आयोग की राशि पंचायत को देने सहित विभिन्न मांगों को ले झारखंड के सभी मुखिया 27 अगस्त से राज भवन के सामने प्रातः 11:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक जाकिर हुसैन पार्क में अनिश्चित कालीन धरना देंगे। उक्त जानकारी पंडवा मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजना कुमारी सिंह ने दी। कहा की अपनी मांगों को ले झारखंड प्रदेश मुखिया संघ ने मुख्यमंत्री के नाम 24 जुलाई व 29 जुलाई को मांग पत्र सौंपा था तथा मुख्यमंत्री से मुलाकात का समय मांगा गया था। परंतु मुख्यमंत्री संघ से मिलना उचित नहीं समझे। इससे झारखंड प्रदेश के सभी मुखिया में आक्रोश व्याप्त है कारण सभी मुखिया अनिश्चितकालीन हड़ताल रहेंगे। मालूम हो कि मुखिया के कलमबद हड़ताल पर चले जाने से सरकार द्वारा चलाए जा रही योजनाएं महिला सम्मान योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य सभी तरह के प्रमाणपत्र निर्गत करने में परेशानी होगी।

# नगर पंचायत सफाई कर्मचारी की हड़ताल से छतरपुर की चरमराई सफाई व्यवस्था



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत छतरपुर सफाई कर्मचारी की अनिश्चितकालीन हड़ताल से नगर पंचायत की साफ सफाई व्यवस्था चरमरा गई है सफाई कर्मचारी झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लॉइज फेडरेशन के बैनर तले हड़ताल पर हैं उनके समर्थन में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमून धरना मे भाग लेकर सफाई कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि नगर निकाय के कर्मी कई चुनौतियों के साथ नगर में कार्य कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए ताकि उन्हें उनका वाजिब हक मिल सके। जिन मांगों के लिए सफाई कर्मचारी हडताल पर हैं उनमें दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किये जाने, स्थापना मद में दिए जाने वाले 70 फीसद अनुदान को बरकरार रखने, सभी दैनिक अनुबन्धकर्मियों का 20 लाख का बीमा कराने, पुराने पेंशन को लागू करते हुए। सेवा नियमित से पहले नई बहाली न करने, एनजीओ कर्मियों और मज़दूरों को निकाय में समायोजित करने की मांगें शामिल है। नगर कमेटी के अध्यक्ष दिनेश कुमार, सचिव राजन कुमार, सुपरवाइजर पिंकू, शीतल, लेखपाल सूरज पासवान, कम्प्यूटर ऑपरेटर राम प्रताप, संजय सिंह, गणेश मिस्त्री, चालक अजित, राजेन्द्र, सफाईकर्मियों में राजमोहन राम, पिंकी, लक्ष्मण, महेंद्र, अजय कुमार, अनूप, बिनय, सीमा सहित दर्जनो लोग शामिल थे।

# ऑटो पलटने से एक की मौत चार घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बंशीधर नगर-गढ़वा राष्टीय राज मार्ग 75 स्थित चौबेडीह गांव के समीप टेंपू पलटने से एक युवक की मौत हो गया। जब कि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। घटना रविवार की शाम 7 बजे का बताया जाता है। मृतक की पहचान मेराल थाना क्षेत्र के गोंदा ग्राम निवासी जवाहर प्रजापति के 16 वर्षीय पुत्र जोगेंद्र प्रजापति के रूप में किया गया। वही एक अन्य घायल उसी गांव का भानू प्रजापति का नाम शामिल है। अन्य घायलों में थाना क्षेत्र के जतपुरा गांव निवासी गुडु राम, उतर प्रदेश के विंढमगंज थाना क्षेत्र के हरनाकछार गांव निवासी सुनील राम तथा खरौंधी थाना क्षेत्र के खरौंधी ग्राम निवासी मनोज राम का नाम शामिल है। घटना के बारे बताया जाता है कि टेंपू में सवार दो युवक सगमा से मेराल जा रहे थे। चौबेडिह गांव के समीप सड़क के किनारे तीन लोग खड़े थे उसी दौरान खड़े लोगो को धक्का मारते टेम्पु हुए पलट गया। स्थानीय लोगो ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहा जोगेंद्र प्रजापति को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मुहर्रम का चालीसवां मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड अंतर्गत बेलावार, नावाडीह गांव में मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा बड़े ही सादगी और अकीदत के साथ सोमवार को 40वां जुलूस निकालकर पहलाम मनाया। इस अवसर पर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैह वसल्लम के नवासे इमामे हसन व इमामें हुसैन की शहादत कि 40 दिन बाद चहलूम मनाया गया। आज पूरे दिन गांव के विभिन्न मुहल्ले में मातम, मरसीहा गाजे-बाजे के साथ गूंजता रहा। सुबह 8बजे के करीब जुलूस कुशवा टोला, बरवाही टोला, पूरबारा टोला से उठकर मस्जिद के रास्ते होते हुए पंडा नदी के किनारे पहुचा। जहा लोगो ने बेलावार, नावाडीह के ताजिया, शिपड, दुलदुल, इस्लामिया झंडा को आपस मे मिलान कर अपने घर को लौट गए। पुणः दोपहर बाद पुरबार टोला से जुलूस उठकर शाम 5बजे कर्बला मैदान तक पहुंचा। जहां गांव के ही कलाकारों ने एक से बढ़कर एक लाठी डंडे का खेल दिखाकर प्रदर्शन किया। साथ ही कई लोगो ने गढ़ासा, तलवार, भाला का भी खेल दिखाकर लोगों का मनोरंजन किया। इस मौके पर पंचायत के मुखिया मूंगा साह, बीडीसी प्रतिनिधि सह पत्रकार इम्तेयाज आलम, अंजुमन सदर शमीम अंसारी, हकीमुदिन अंसारी, डॉ. तौफीक अंसारी, अल्ताफ अंसारी, जसमुदीन अंसारी, सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अध्यक्ष ने बच्चों को दो बूंद पल्स पोलियो दवा पिलाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत बलिगढ़ के आंगनबाड़ी केंद्र बलिगढ एवं दासीपुर चौपाल म ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने 0 से 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो का दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस बीच ग्राम स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से पल्स पोलियों की दवा बच्चों को पिलाई जा रही है।जो आज प्रारंभ कर दिया गया है और यह अभियान आगामी सोमवार और मंगलवार तक चलेगा जिसमें स्वास्थ्य सहिया एवं आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा घर-घर जाकर 0 से 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया है कि आप अपने बच्चों को दो बूंद दवा अवश्य पिलाएं। दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार, इस मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्य राजूबैठा, शिक्षक नरेंद्र सिंह, रविंद्र सोनी, स्वास्थ्य सहिया संगीता देवी, सेविका अनिता देवी, संगीत देवी, ममता देवी सहित अन्य कई महिलाएं उपस्थित थी।

# स्वहित के लिए नहीं, जनहित के लिए करता हूं राजनीति : मंत्री मिथिलेश



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर लगातार विधानसभा क्षेत्र में गांव-गांव का भ्रमण कर रहे हैं। क्षेत्र भ्रमण कर मंत्री श्री ठाकुर प्रतिदिन ग्रामीणों की जनसमस्या का निदान कर रहे हैं। सोमवार को मंत्री श्री ठाकुर ने मेराल प्रखंड के तेनार एवं संगबरिया पंचायत में लगभग एक दर्जन गांव में भ्रमण कर जनसंवाद का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीणों से मिल कर क्षेत्र की समस्या का निदान भी किया। इस क्रम में मंत्री श्री ठाकुर तेनार पंचायत के ग्राम तेनार में पंचायत भवन के समीप, तेनार उच्च विद्यालय के समीप, बगही टोला में स्कूल के समीप, ग्राम सोहबरिया के चकनाही टोला में स्कूल के समीप, सोहबरिया दुर्गा मंडप के समीप, पंचायत संगबरिया के ग्राम भीमखांड़ में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम बनुआ में स्कूल के समीप, ग्राम रजहारा एवं शेराशाम का रजहारा मध्य विद्यालय, दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम संगबरिया में पंचायत भवन के समीप आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों की समस्या सुनी। इस दौरान उन्होंने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान करते हुए शेष समस्याओ का यथाशीघ्र निदान कराने की बात कही। इसके लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की जनता ने जब से मुझे अपना सेवक चुना है, तब से वे लगातार क्षेत्र में जनता के बीच रहकर जनता के लिए ही काम कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि राजनीति मेरा पेशा नहीं है। मैं जनसेवा के लिए राजनीति करता हूं। जनता की सेवा में ही खुद को समर्पित कर चुका हूं। जनता का हर दुख दर्द, हर समस्या मेरी अपनी समस्या है। यही सोच कर मैं हमेशा जनसेवा का कार्य करता हूं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में झारखंड में नई सरकार गठन होने के बाद से हेमंत सरकार लगातार जनहित में बेहतर कार्य कर रही है। राज्य गठन के बाद से 2019 के पूर्व तक किसी भी सरकार ने कोई भी ऐसा कार्य नहीं किया, जिससे राज्य एवं राज्य की जनता का भला हो सके। जनहित में लगातार किये जा रहे बेहतर कार्यो से केंद्र सरकार बेचैन हो गई है। यही कारण है कि झूठे आरोप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा। परंतु राज्य की जनता की ताकत एवं आशीर्वाद से हेमंत सोरेन जेल से छूटकर पुनः मुख्यमंत्री बने।

# विधायक मृतकों के परिजनों से मिलने पहुंचे नगर पंचायत क्षेत्र के उरांव टोला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विधायक भानु प्रताप शाही नगर पंचायत क्षेत्र के उरांव टोला जाकर मृतक के परिजनों से मुलाकात किया।इस दौरान विधायक ने परिजनों को आर्थिक सहायता भी प्रदान किया। सोमवार को पहुंचे विधायक ने इस दौरान परिजनों को सांत्वना हुए आपदा राहत के तहत मिलने वाली मुआवजे की राशि को जल्द से जल्द दिलवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि घटना काफी दुखद है।वहीं उपस्थित लोगों से कहा कि लगातार इस तरह की घटना घट रही है। 3 सालों के अंदर 12 बच्चों की मौत हो गई है। अभिभावक बच्चों पर ध्यान दें। वे डैम पर गार्ड की प्रतिनियुक्ति और घेराबंदी के लिए प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान विधायक भानु प्रताप शाही ने डीसी से मोबाइल पर बात कर सुरक्षा को लेकर सरकार को प्रस्ताव भेजने की मांग की। साथ ही सिविल सर्जन से अब तक बच्चों के पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल रिपोर्ट बनाने की बात कही। ग्रामीणों से बताया कि क्षेत्र में नहीं रहने के कारण घटना के दिन नहीं आ सके थे। लेकिन घटना की जानकारी मिलते ही डीसी से मुआवजे को लेकर मोबाइल से बात की थी तथा अपने प्रतिनिधि मंडल को भेज कर भोज सामग्री उपलब्ध कराई थी। इस दौरान जिला कार्य समिति सदस्य अनिल चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पांडे, भाजयुमो अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह, ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि विभूति चौबे, संजय कांस्यकार, सोनू कुमार, रामप्रवेश कमलापुरी, योगेश उरांव, बंधन उरांव, लालू ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# पर्यावरण की रक्षा हम सब की जिम्मेदारी : रागिनी राय

## सर्वेश्वरी वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत ब्राइटलैंड संस्कृति स्कूल में पौधा वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सर्वेश्वरी वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत चैनपुर प्रखंड के बंभडी में स्थित ब्राइटलैंड संस्कृति स्कूल में पौधरोपण सह वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम और पूज्यपाद गुरूपद संभव राम जी की पूजा अर्चना कर की गयी। मौके पर स्कूल की चैयरमैन रागिनी राय ने श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा चलाये जा रहे अभियान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि वर्तमान दौर में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हम सभी को सजग और सचेत रहने की आवश्यकता है। जीवन के प्रारंभिक दौर से ही बच्चों के मन में पर्यावरण के प्रति अपनापन का भाव रहे इसे लेकर स्कूल के बच्चों के बीच पौधा का वितरण किया जा रहा है। श्रीमति राय ने कहा कि पर्यावरण को ले कर परम पूज्य गुरूपद संभव राम जी का यह संदेश है कि वृक्षों की अंधाधुंध कटाई तथा मनुष्यों के अप्राकृतिक कृत्यों के चलते प्रकृति कुपित हो गयी है जिसका दुष्परिणाम पूरी मानवता पर संकट के रूप में आज दिखायी दे रहा है। इसलिए समूह के स्तर से निरंतर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम किया जा रहा है। बताया गया कि इस अभियान के तहत ब्राइटलैंड संस्कृति और ब्राइटलैंड स्कूल में लगभग आठ सौ पौधा का वितरण किया गया। मौके पर समूह के प्रचार मंत्री अनुराग कुमार सिंह ,नवनीत सिंह, स्कूल के प्राचार्य राहुल सिंह, पुष्पेंद्र कौर, प्रसन्नजीत बोराल, अनुभव पटेल, शोभा तिवारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थें।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 11, अंक 235

**सुविचार**

अगर आप खुश रहना जानते हो तो आप कम संसाधनों में भी सुखी रह सकते हो

# प्रभात मंत्र

मंगलवार

27.08.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में पांच नए जिले बनाए जाएंगे अमित शाह

**लद्दाख :** केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में पांच नए जिले बनाए जाएंगे, जिसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से मंजूरी मिल चुकी है.केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को इसका ऐलान किया है.अमित शाह ने बताया कि गृह मंत्रालय ने लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश के भीतर पांच नए जिलों के निर्माण को मंजूरी दे दी है. सरकार का कहना है कि पांच नए जिले बनाने का मकसद सरकार की आम जनता तक पहुंच बढ़ाना और प्रशासनिक लाभों को लद्दाख के लोगों के करीब लाना है.

### तीन वाहनों की टक्कर में दो लोगों की जलकर मौत

**जयपुर :** राजस्थान के जयपुर-अजमेर हाईवे पर सोमवार सुबह तीन वाहनों की टक्कर में दो लोगों की जलकर मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का केबिन और ड्राइवर-क्लीनर पूरी तरह से जल गए, जिससे पूरा हाईवे जाम हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फ्लाईओवर से उतरते समय एक टैंकर, ईंटों से भरा ट्रक और एक ट्रॉली आपस में टकरा गए। ट्रक में आग लग गई और केबिन में बैठे ड्राइवर और क्लीनर बच नहीं पाए और जलकर मर गए।

### पश्चिम त्रिपुरा में मां काली की मूर्ति तोड़ने के बाद आगजनी और तनाव, निषेधाज्ञा लागू

**अगरतला :** पश्चिम त्रिपुरा जिले के जिरानिया उप-मंडल में मां काली की मूर्ति क्षतिग्रस्त किये जाने के बाद उत्पन्न तनाव के मद्देनजर आज निषेधाज्ञा लागू की गई है। जिला प्रशासन ने बुधवार तक धारा 163 (बीएनएसएस) के तहत निषेधाज्ञा लागू करने के आदेश जारी किए हैं।पुलिस ने बताया कि रविवार को उपद्रवियों के एक समूह ने जिरानिया उप-मंडल के दुर्गानगर गांव में धावा बोल दिया और कई घरों में तोड़फोड़ कर उन्हें आग के हवाले कर दिया। यह उपद्रव एक मंदिर में मां काली की मूर्ति के क्षतिग्रस्त किये जाने के बाद हुआ।

### दो छात्राओं को चार युवकों ने बाइकों से अगवा कर जंगल ले जाकर किया सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**गोंडा :** गोंडा जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो छात्राओं को चार युवकों ने बाइकों से अगवा कर लिया और कुबरी जंगल में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। बेटी की तलाश में निकले एक छात्रा के पिता ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया। मगर चारों आरोपी भाग गए। छात्रा के पिता ने चार युवकों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### बांग्लादेश में बाढ़ ने मचा दी तबाही, 20 की मौत, मुसीबत में हैं 50 लाख से ज्यादा लोग

**ढाका :** बांग्लादेश एक तरफ जहां सियासी संकट से उबरने की कोशिश में लगा है तो वहीं अब में बाढ़ ने यहां तबाही मचा दी है। लगातार हो रही बारिश और नदियों में उफान की वजह से बांग्लादेश के कई इलाके बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ से 20 लोगों की मौत हो गई है जबकि 50 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। बाढ़ से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, लोगों को खाना और साफ पानी तक नहीं मिल पा रहा है।

### सागर द्वीप के पास कार्गो जहाज डूबा, तटरक्षक बल ने चालक दल के 11 सदस्यों को बचाया

**कोलकाता :** भारतीय तटरक्षक बल ने एक सफल बचाव अभियान चलाते हुए डूब रहे कार्गो जहाज एमवी आईटीटी प्यूमा पर सवार 11 सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया। यह जहाज कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर की ओर जा रहा था, लेकिन सागर द्वीप से 70 समुद्री मील दक्षिण में खराब मौसम के कारण डूब गया।तटरक्षक बल के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि चालक दल के तीन सदस्य अभी भी लापता हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30° |
| न्युनतम | 24° |

# दिल्ली शिफ्ट हुआ चंपाई की राजनीति

## चंपाई के अगले कदम पर टिकी सबकी निगाहें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के राजनीतिक सफर को लेकर सस्पेंस बरकरार है.सोमवार को चंपई सोरेन की राजनीति रांची से एक बार फिर दिल्ली शिफ्ट कर गया है।

यही कारण है कि सबकी निगाहें हेमंत के अगले कदम पर टिक गई है। दिल्ली दौरे पर पहुंचे चंपाई सोरेन की मुलाकात केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से होने की संभावना के बाद इनके बीजेपी में शामिल होने की संभावना प्रबल हो गया है. इन सबके बीच असम के सीएम और झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा रांची से दिल्ली के लिए रवाना हुए.

हिमंता बिस्वा सरमा असम जाने वाले थे. मगर बीच में ही दिल्ली के लिए कार्यक्रम तय किया गया. रांची से रवाना होने के वक्त असम के सीएम ने संकेत भी दिया था कि चंपाई सोरेन से वे लगातार संपर्क में हैं.

हिमंता विश्व सरमा का यह संकेत बहुत कुछ कहता है. बता दें कि चंपाई सोरेन केंद्रीय मंत्री और झारखंड बीजेपी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमंता विश्व सरमा के खास पसंद हैं और कोल्हान में कमल खिलाने के लिए उनका सहयोग लेने में जुटे हैं.

बहरहाल राजनीतिक चर्चाओं के बीच चंपाई सोरेन दिल्ली के ताज होटल में ठहरे हैं और जल्द ही रांची वापस लौटने वाले हैं. जानकारी के मुताबिक मंगलवार या बुधवार को चंपाई सोरेन झारखंड लौट सकते हैं. इन सबके बीच असम के सीएम हिमंता विश्व सरमा का भी दौरा 28 या 29 को एक बार फिर आने वाले हैं.

### चंपाई सोरेन पर अन्य दलों की भी निगाहें

झारखंड मुक्ति मोर्चा से चंपाई सोरेन की नाराजगी सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ जदयू भी चंपई सोरेन पर डोरे डालने में जुटा हुआ है. संभावना यह भी व्यक्त की जा रही है कि चंपाई सोरेन अपनी सियासी सफर जदयू के साथ भी शुरू कर सकते हैं. दरअसल यह चर्चा हाल ही में सरयू राय के जदयू में शामिल होने के बाद आए बयान के बाद से तेज हुआ है. जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो हालांकि सबकुछ चंपाई सोरेन पर छोड़ने की बात कहते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के फैसला का इंतजार करने की बात कहते नजर आते हैं. मगर जानकारी के मुताबिक चंपाई सोरेन से दिल्ली में जदयू के बड़े नेताओं से जल्द होने की बात सामने आ रही है. बहरहाल सियासी चर्चा के बीच पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का एक सप्ताह में अपना नया राजनीतिक दिशा की घोषणा करने का समय आ चुका है. अब ऐसी उम्मीद की जा रही है चंपाई सोरेन अपने नये सियासी अध्याय की जल्द ही घोषणा करने वाले हैं.

### झारखंड की जनता सब देख रही है : इरफान



मंत्री इरफान अंसारी ने चंपाई सोरेन प्रकरण में कहा कि यह जेएमएम का मामला है. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने चंपाई सोरेन पर विश्वास जताकर मुख्यमंत्री पद दिया था.अब मुख्यमंत्री पद से हटने बाद वे बीजेपी में जाने के लिए परेशान हैं. झारखंड की जनता सब देख रही है. उन्होंने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाकर ठीक किया था, क्योंकि जनता ने लालू यादव पर विश्वास जताया था.उन्होंने विशेष परिस्थिति में राबड़ी देवी को सीएम बनाया.मंत्री इरफान ने कहा कि यदि हेमंत सोरेन कल्पना सोरेन या बसंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाते तो ऐसी स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती.



## धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

### दही हांडी कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूरे राज्य में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी जन्माष्टमी की धूम रही। हर तरफ उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर बच्चों में गजब का उत्साह दिखा। कृष्ण और राधा बनकर सबका ध्यान खींचा। कृष्ण और राधा बने बच्चों ने काफी मस्ती की। दहीहंडी कार्यक्रम का भी जमकर लुत्फ उठाया। इस अवसर पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा अर्चना से माहौल भक्तिमय हो गया। रविवार की रात राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव-2024 में मुख्य अतिथि के रूप में सीएम हेमंत सोरेन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने गोविंदा आला रे,के जयघोष के बीच दही हाण्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर आधारित लेजर शो का भी आनंद लिया। वहीं, बाल गोपाल तथा बाल राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व -त्योहारों के अवसर पर आयोजित होने वाले ऐसे कार्यक्रमों से हमारी पौराणिक परंपरा- संस्कृति मजबूत होती है।ऐसे कार्यक्रम हमें एकजुट करते हैं। सभी मिलकर पूरे हर्ष और उल्लास के साथ त्योहारों का आनंद लेते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म ग्रन्थों पर निरंतर शोध हो रहे हैं। इन्हें सरल भाषा में लिखा जा रहा है, ताकि लोग आसानी से अपने धर्म ग्रंथो को पढ़कर अपनी पौराणिक गाथाओं से अवगत हो सकें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने पेरिस ओलंपिक- 2024 में कांस्य पदक हासिल करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम की जर्सी और मोमेंटो सप्रेम भेंट किया।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री राजीव रंजन प्रसाद, झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष श्री जयशंकर पाठक, श्री राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय, सुश्री यशस्विनी सहाय, श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति, रांची के संरक्षक डॉ कुमार राजा और डॉ राजेश गुप्ता, अध्यक्ष श्री विनोद गोप एवं अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

## जेजेएमपी के तीन नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जन्म मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के तीन सक्रिय सदस्यों को सतबरवा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों किसी घटना को अंजाम देने के लिए निकले थे। उससे पहले ही गुप्त सूचना पर उन्हें वाहन जांच के दौरान धर दबोचा गया। सोमवार को जेल भेज दिया। मेदिनीनगर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के तीन सदस्य रविवार रात्रि में किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से लातेहार जिले के छिपादोहर की ओर से अपाची बाइक पर सवार होकर सतबरवा आ रहे हैं।

सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार के नेतृत्व में तुंबागड़ा के पास जांच टीम गठित की गई। इसी दौरान तीनों पुलिस को देखकर बाइक छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने तीनों को खदेड़कर पकड़ लिया।उन्होंने बताया कि जेजेएमपी नक्सलियों के पास एक देसी मेड राइफल, एक देसी लोडेड कट्टा, छह जिंदा कारतूस और तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया।

एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली विजय पासवान पलामू के होटाई गांव के रहने वाले जेजेएमपी नक्सली अखिलेश यादव के काफी गरीबी है। विजय के पास से देसी मेड राइफल बरामद हुई है। तीनों अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि रजडेरवा में बन रही पुलिया के मजदूरों के साथ लेवी के लिए मारपीट की थी एवं निर्माण कार्य रोकने की धमकी दी थी।

## कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस ने सीट बंटवारे का किया एलान

**सीट बंटवारे पर राज्य कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, कांग्रेस 32 पर और हम पांच सीटों पर मैत्रीपूर्ण लेकिन अनुशासित मुकाबला करने पर सहमत हुए हैं।**



**एजेंसी**

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी स्थित साफ कर दी। पार्टी ने घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। इसके तहत कांग्रेस प्रदेश की 32 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारेगी। वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 सीटों पर लड़ेगी। इसके अलावा पांच सीटों पर दोनों अपने-अपने प्रत्याशी उतारेंगे। जिसे फ्रेंडली फाइट के तौर पर लड़ा जाएगा। सीट बंटवारे पर राज्य कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, कांग्रेस 32 पर और हम पांच सीटों पर मैत्रीपूर्ण लेकिन अनुशासित मुकाबला करने पर सहमत हुए हैं। इन 88 सीटों के अलावा, हमने एक सीट सीपीआई (एम) और एक सीट पैंथर्स पार्टी के लिए छोड़ी है।कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा जम्मू-कश्मीर की आत्मा को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। हमारे गठबंधन का मुख्य उद्देश्य जम्मू-कश्मीर की आत्मा को बचाना है।

### जम्मू-कश्मीर भाजपा में घमासान

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की 2 लिस्ट जारी की हैं। 2 लिस्ट में पार्टी ने कुल 16 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। हालांकि, उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होते ही भाजपा के कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा और जमकर बवाल मचाया। यहां भाजपा के कार्यकर्ता टिकट बंटवारे से नाराज बताए जा रहे हैं।जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए जिन भाजपा नेताओं को टिकट नहीं मिला, उनके समर्थक जम्मू में भाजपा कार्यालय पहुंच गए और अपने उम्मीदवार के लिए टिकट की मांग कर रहे हैं।

## पाकिस्तान में आतंकियों ने 23 लोगों को मार दी गोली, मौत

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में एक और बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों ने बलूचिस्तान के मूसाखेल जिले में पंजाब के कम से कम 23 लोगों की हत्या कर दी है। पाकिस्तानी समाचार पत्र डॉन ने एक अधिकारी ने के हवाले से बताया गया कि आतंकियों ने बसों और अन्य वाहनों से यात्रियों को उतारा और फिर उनकी पहचान जांचने के बाद उन्हें गोली मार दी। पाकिस्तानी मीडिया ने सहायक



आयुक्त मूसाखेल नजीब काकर के हवाले से बताया कि हथियारबंद लोगों ने मूसाखेल के राराशम जिले में राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और यात्रियों को गोली मार दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, मृतकों में से अधिकांश की पहचान पंजाब के लोगों के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि हथियारबंद लोगों ने 10 वाहनों में भी आग लगा दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची जिसके बाद शवों को अस्पताल भेजा। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने आतंकवाद की इस घटना को लेकर कड़ी निंदा की है। साफ है कि मुसाखेल में हुआ यह आतंकी हमला पंजाब के लोगों को निशाना बनाकर किया गया है। इससे पहले इसी साल अप्रैल में, बंदूकधारियों ने नोशकी के पास एक बस से नौ यात्रियों को उतारकर उनकी आईडी कार्ड की जांच करने के बाद उन्हें गोली मार दी थी।

## भारतीय समुदाय से बातचीत के बाद खत्म हुई राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने अमेरिका दौरे के अंतिम दिन टेनेसी के मेम्फिस में स्थित राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय का दौरा किया और भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत की। रक्षा मंत्री ने भारतीय समुदाय के सदस्यों को भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों का समकालीन सेतु करार दिया, जो घनिष्ठ संबंधों एवं सद्भावना को बढ़ावा देता है।मेम्फिस में स्थित राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय 17वीं शताब्दी से लेकर वर्तमान तक अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन के इतिहास को दर्शाता है। इस महत्वपूर्ण परिसर का निर्माण वर्ष 1968 में उस स्थल के आसपास किया गया है, जहां पर मार्टिन लूथर किंग जूनियर की हत्या हुई थी। इस संग्रहालय में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा भी है, जो अहिंसा के साथ संघर्ष के लिए उनकी प्रेरणा को दर्शाती है।

असर्फी कैंसर संस्थान

वही तरीका वही इलाज

संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना

PET CT Scan

की सुविधा उपलब्ध

9297970030

Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, मंगलवार, 27 अगस्त 2024 | पेज 4


## मजदूर नेता ने किया आर्थिक मदद



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के चुरी होयर निवासी स्व सुंदरी देवी के परिजन को मजदूर नेता अब्दुल्लाह अंसारी ने आर्थिक मदद किया। अब्दुल्ला ने बताया कि सुंदरी देवी का बीमारी के कारण एक सप्ताह पूर्व मृत्यु हो गया था। परिवार वालों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। जानकारी मिलने पर सोमवार को मजदूर नेता अब्दुल्लाह अंसारी सुंदरी के घर गए। परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त कर परिवालों को ढांढस बढ़ाया। साथ ही श्राद्ध के लिए आर्थिक सहयोग किया। अंसारी ने आगे भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत प्रखंडो में बूथ का आयोजन



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत प्रखंडों में बूथ का आयोजन कर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो दवा का खुराक पिलाया गया। उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों समेत अन्य चिन्हित स्थानों पर बूथ का आयोजन किया गया। बूथ पर स्वास्थ्य कर्मियों, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका समेत अन्य द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। इसके आलावे 26 एवं 27 अगस्त को स्वास्थ्य सहिया एवं सेविका द्वारा घर-घर जाकर छुटे हुए बच्चों को पाल्स पोलियो पिलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले में 25 से 27 अगस्त तक चलने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आज उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा शुभारंभ किया गया। सदर अस्पताल पहुँच उपायुक्त ने स्वयं से बच्चों को दो बूंद पोलियो दवा की खुराक पिलाया। इस दौरान उन्होंने आम लोगों से भी अपील किया कि अपने 0 से 5 वर्ष तक के आयुवर्ग के बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम जिले में शत प्रतिशत बच्चों को राष्ट्रीय पल्स पोलियो के तहत पोलियो ड्राप पिलाना सुनिश्चित कर जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखें।

## विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सशिवि मन्दिर के बच्चों का रहा शानदार प्रदर्शन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के बच्चों ने विभाग स्तरीय आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।जानकारी के अनुसार विद्या भारती द्वारा रामगढ़ में आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता मे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के बच्चो ने बेहतर प्रदर्शन किया है।वैदिक गणित में शिशु वर्ग मे प्रथम, बाल वर्ग मे प्रथम एवं किशोर वर्ग मे तृतीय स्थान प्राप्त किया है।वही रांची के मोराबादी मे आयोजित विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव मे संस्कृत विषय प्रतियोगिता में किशोर वर्ग मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश महतो ने सफल बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में सफल हुए बच्चों का चयन 31 अगस्त एवं एक सितंबर को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कस्तूरबा ढोरी में आयोजित प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। उन्होंने चयनित सभी बच्चों को प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की।

## सर्व ब्राह्मण महासभा कमिटि का हुआ विस्तार



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सर्व ब्राह्मण महासभा के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से सर्व ब्राह्मण महासभा के कमिटि का विस्तार किया गया। जिसमें सतीश कुमार पांडेय, बीएन पांडेय, प्रमोद पाठक, बीके तिवारी, जितेंद्र नाथ पांडेय, रतन मिश्रा, रमेश शर्मा, एच के दुबे, नव कुमार बनर्जी, राजीव कुमार मिश्रा, राजीव चटर्जी, अनिल चौबे, एसके चौधरी को संरक्षक, प्रमोद कुमार तिवारी को अध्यक्ष, धीरेंद्र कुमार शर्मा, गिरधर तिवारी, जितेंद्र गिरि, अनिल पांडेय, सत्यनारायण चौबे, गुड्डू गिरि, इंद्रदेव पाठक को उपाध्यक्ष, दिनेश कुमार पांडेय को सचिव, विकास कुमार दुबे, संतोष कुमार गिरि, गिरधर मिश्रा, कन्हैया झा, सोनु पांडेय, अमित कुमार तिवारी, शशि पांडेय को सह सचिव, अवधेश कुमार उपाध्याय को कोषाध्यक्ष, पंकज कुमार मिश्रा को उप कोषाध्यक्ष, अनिल पांडेय को मीडिया प्रभारी एवं सोनु पांडेय को प्रवक्ता बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी समिति में परमेश्वर गिरि, आशीष कुमार दुबे, शंभू नाथ पाण्डेय, सोनु तिवारी, अरविंद चौबे, योगेंद्र पांडेय, जितेंद्र शुक्ला, सुशील कुमार पांडेय, गोल्डन चौबे, मनीष तिवारी, उदित पांडेय, आदर्श बाजपेयी, रणजीत मिश्रा, मोनू शर्मा, लक्ष्मण दुबे, अमित दुबे, अजय मिश्रा, राकेश दुबे, बृजराज दुबे, मोहन पांडेय, विकास पाठक, अविनाश पांडेय, अजय मिश्रा, सुनील गिरि, दीपक गिरि, कल्याण झा, दीपक ओझा, अवधेश पाण्डेय समेत अन्य लोगों का चयन किया गया है।

## पिपरवार एरिया को मिला सीसीएल इंटर एरिया क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल में होने वाले सीसीएल इंटर एरिया क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी सीसीएल पिपरवार एरिया को मिली है।इस वर्ष सीसीएल पिपरवार एरिया की मेजबानी में इंटर एरिया क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार 27 सितंबर 2024 से लेकर 06 अक्टूबर 2024 तक सीसीएल पिपरवार में इंटर एरिया क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान और बचरा स्वर्ण जयंती स्टेडियम में सभी मैच खेले जाएंगे।इस वर्ष इस टूर्नामेंट में सीसीएल के सभी 18 क्षेत्रो की टीम शामिल होंगे।पिपरवार में होने वाले इंटर एरिया क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर जल्द ही सीसीएल के खेल अधिकारी के पिपरवार दौरा करने की संभावना है।इधर पिपरवार एरिया को इंटर एरिया क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी मिलने के बाद स्थानीय पिपरवार एरिया प्रबंधन द्वारा इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।वहीं पिपरवार एरिया क्रिकेट टीम के सभी खिलाड़ियों में भी उत्साह देखा जा रहा है। पिपरवार क्षेत्र के सभी खिलाड़ी इंटर एरिया क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर जमकर अभ्यास कर रहे हैं।

### मांडर प्रखण्ड के मिशन नवाटांड में अल्पसंख्यक सम्मेलन का आयोजन

# सहिष्णुता, सद्भावना एवं एकजुटता ही हम सभी का मूल मंत्र : बंधु तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि सहिष्णुता, सद्भावना एवं एकजुटता ही हम सभी का मूल मंत्र है और इसके लिये यह बहुत जरूरी है कि बाँटनेवाली शक्तियों के साथ ही उसके पीछे खड़ी भाजपा और उसके नेता के मंसूबों को ध्वस्त किया जाये। सोमवार को मांडर प्रखण्ड के मिशन नवाटांड में एतेहादुल मोमीन कमिटी द्वारा आयोजित अल्पसंख्यक सम्मेलन में श्री तिर्की ने कहा कि शांति, सद्भावना, दूरदृष्टि और आपसी एकता ही हमारी पहचान है और इसी के लिये यह पूरा जीवन समर्पित है. सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है किकेवल अपने राजनीतिक लाभ के लिये लोगों को बांटना न केवल समाज या झारखण्ड बल्कि लोगों के लिये भी घातक है. उन्होंने कहा कि नफरत के माहौल से सारा जीवन ठहर जाता है पर झारखण्ड में महागठबंधन की सरकार समाज विरोधी और देशद्रोही तत्वों के सपनों को कभी भी पूरा नहीं होने देगी. श्रीमती तिर्की ने कहा कि झारखण्ड की संस्कृति ज़मीनी स्तर पर आपसी मेलजोल से आगे बढ़ने का है और झारखण्ड का हर एक व्यक्ति शरारती तत्वों के मंसूबों को विफल करेगा. श्रीमती तिर्की ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज की जरूरतों का ख्याल न केवल उन्हें बल्कि उनकी सरकार को भी है. आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों के मध्य परस्पर सामंजस्य पर श्रीमती तिर्की ने जोर दिया। आज की बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं सहित मांडर प्रखण्ड के सभी गाँवों के सदर, सेक्रेटरी, सम्मानित व्यक्ति, अग्रणी समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भागवत कथा के भव्य आयोजन के लिए बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** भागवत कथा आयोजन समिति के द्वारा सरला विरला यूनिवर्सिटी के सभागार में कथा के भव्य आयोजन हेतु बैठक का आयोजन किया गया।इस अवसर पर समिति द्वारा राज्य सभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर अभिनन्दन किया गया। इस बैठक का संचालन रासेश्वर नाथ मिश्र ने किया।आगत अतिथियों में प्रख्यात शिक्षाविद् प्रोफेसर गोपाल पाठक के द्वारा भागवत की महता को विस्तार से बताया गया।इस अवसर पर समिति के सचिव मनोरंजन मिश्रा के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा व व्यय के बारे में बताया गया। डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने कहा कि भागवत का आयोजन हम सनातनियों के लिए गौरव की बात है।इस अवसर पर डॉक्टर गोपाल पाठक निदेशक,बी के सिंह रजिस्ट्रार एस बी यू,सीताराम पाठक, डाडी सर,शंकर प्रसाद साहू,उमेश प्रसाद,राजेंद्र प्रमाणिक,मंगल गुप्ता,पूर्व विधायक राम कुमार पाहन,पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,गिरिधर मिश्रा,अमित मिश्रा,माधुरी देवी, उपप्रमुख जयपाल हज़ाम,पूर्व मुखिया सोहन मुंडा,मुखिया कृष्णा पाहन,रामजी पांडे,राजू पाठक,पी के रावत,रामेश्वर नाथ मिश्र,प्रेम शर्मा,सिदाम सिंह मुंडा,अमरेंद्र सिंह,रविन्द्र तिवारी,आशुतोष द्विवेदी , सुरेंद्र ठाकुर,कृष्ण कुमार,राजेश मिश्रा,प्रदीप पांडे,एम एम मिश्रा, संजय गोयल ,नरहरी दास,रणधीर कुमार,संजीत सिंह,कर्नल बी के सिंह,सत्यजीत सिंह,उद्यवचंद्र महतो,सुभाष इत्यादि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद ने किया।

# रतनलाल होंडा की अध्यक्षता में आजसू की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आज आजसू पार्टी का ग्राम प्रभारी एवं पंचायत प्रभारियों का बैठक प्रखंड अध्यक्ष रतनलाल होंडा जी की अध्यक्षता में वाई बी एन यूनिवर्सिटी में सम्पन्न हुआ। बैठक में जे एम एम नामकुम प्रखंड अध्यक्ष बिनोद बड़ाईक ने आजसू पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने कहा हेमंत सोरेन सरकार अपने वादों में विफल रहा है ।युवाओं को रोजगार के नाम पर सिर्फ धोखा दिया है और आदिवासियों को छलने का काम किया है। वहीं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा आजसू पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है ।इसके लिए गाँव स्तर पर पंचायत प्रभारी,ग्राम प्रभारी,चुल्हा प्रमुख का संगठन तैयार है ।जो पार्टी की रीढ़ है। इस बार खिजरी विधानसभा के लोग बदलाव के मूड में तैयार हैं । संचालन राजू उराँव ने किया। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य जितेंद्र सिंह,राँची जिला अध्यक्ष सह नामकुम उपप्रमुख वीणा कुमारी,फुलकुमारी देवी,प्रदीप जायसवाल,माथुर प्रसाद,महेंद्र स्वांसी,चमरा बिंहा,बुधराम मुंडा,मनोज लकड़ा, विनोद लोहरा,दिलीप महतो,विवेक गोप,मधु सिंह बिंझिया,बिनोद मुंडा,राजू टोप्पो,मंगरु मुंडा,मंटू पाहन,रूपा उराँव,सावित्री देवी,खुसबू बड़ाईक, सुनीता देवी,नीला देवी,मोनिका कुजूर, इत्यादि उपस्थित थे।

# डॉ. परमेश्वर भगत ने बिरगोड़ा नदी पर अर्धनिर्मित पुल का निरीक्षण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड के बिरगोडा नदी पर पुराना पुल को तोड़कर नया पुल का निर्माण किया जा रहा था परंतु ठेकेदार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के लापरवाही के वजह से पुल नहीं बन पाया जो कि ग्रामीणों को दैनिक समस्याओं का कारण बन चुका है। जिससे वह अपने रोजी रोजगार हेतु एक दूसरे गांव जाने में भी असमर्थ है। हालांकि ग्रामीणों के सहयोग से बांस का पुल बनाया गया है। जिसमें बड़े बुजुर्ग, युवा, स्कूली बच्चे, महिला जान जोखिम में डालकर पुल पार करते हैं। ज्ञात हो के डॉ परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों की अगुवाई करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी मांडर को ज्ञापन सौंपा था और अपील किए थे कि कोई बड़ा अनहोनी होने से पहले डायवर्सन बनाया जाए परंतु आज तक कोई एक काम भी दिख नहीं रहा है यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। आए दिन हो रहे परेशानियों की वजह से डुमरी, पचपदा, सरवा, सहित 10 गांव के ग्रामीणों में आक्रोश दिख रहा है। मौके पर जुम्मउद्दीन अंसारी, हातिम अंसारी, अशोक , निरंजन खलखो, खोएना खलखो, मो. इजहार, अलविष खलखो, सुकरा किशपोटा, साबिर अंसारी और आरिफ अंसारी उपस्थित थे।

## उलिहातु से आजसू ने जन जागरण पदयात्रा प्रारंभ किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की में सोमवार को आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार जन जागरण पदयात्रा की शुभारंभ भगवान् बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलीहातु से किया गया। आजसू पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने उलिहातु पहुँच कर बिरसा ओड़ा में बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर धरती आबा के वंशज सुखराम मुंडा के पुजा अर्चना के बाद पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद जन जागरण पदयात्रा की शुरुआत किया । गौरतलब है कि आजसू पार्टी के द्वारा पूरे झारखंड प्रदेश में जन जागरण पदयात्रा द्वारा जनसंपर्क कर याद कराने प्रयास किया जा रहा है।कि वर्तमान सरकार के द्वारा चुनाव के पूर्व किया गया वादा पांच वर्ष के बाद भी अधुरी है। जन संपर्क कार्यक्रम के दौरान आजसू पार्टी के वरीय सदस्य सह पूर्व अभियंता प्रमुख सिंगराय टुटी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वादा खिलाफी सरकार है जो चुनाव से पूर्व राज्य के जनता से जो वादा किया था। जैसे प्रत्येक वर्ष पांच लाख लोगों को नौकरी, आंगनवाड़ी सेविका, होमगार्ड, पारा शिक्षक, सहयोगी स्वास्थ्य कर्मी, कर्मचारी, बीएलडब्ल्यू, ओपरेटर एवं राज्य के अन्य कर्मी को समान काम के बदले समान वेतन देने का वादा किया था। जरूरतमंद लोगों को 3 लाख की आवास योजना देने की बात कही थी। जल जमीन जंगल की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने का वादा किए थे सभी वादे अधूरे रह गए । उपस्थित परमेश्वरी शांडिल ने कहा झारखंड की धरती और अपनी माटी की सरकार होने के बावजूद हेमंत सोरेन की सरकार के कार्यकाल में गाँव की विकास नाम मात्र का नहीं हुआ है। वहीं उपस्थित गुंजल इकीर मुंडा ने जन संपर्क अभियान में ग्रामीणों से कहा कि झारखंड के पढ़े-लिखे युवाओं को वर्तमान सरकार छलने का काम किया है आने वाले चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार को ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्रों में बदलाव लानी है ।

## हर्षोल्लास से मनाया गया भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के मंदिरों को विद्युत सज्जा से आकर्षक सजाया गया था। कई मंदिरों में भगवान कृष्ण का पालना सजाया गया। देर शाम से मंदिरों में हरिकीर्तन शुरू किया गया जो रात 12 बजे भगवान के जन्म के बाद समाप्त हुआ। भगवान के जन्म के बाद विशेष आरती की गई। भगवान के जयकारे से मंदिर गूंज उठे। जन्माष्टमी का उपवास रखे महिलाएं-पुरूष पूजन किए। लोगों के बीच धनिया और नारियल चूरा से बना विशेष प्रसाद बांटा गया। मंदिर के अलावा कई घरों में भी भगवान श्रीकृष्ण का पालना सजाया गया था। मंदिर पहुंचे श्रद्धालु पूरी आस्था से पालना में लेटे भगवान को झूला झुलाए। क्षेत्र के श्रीजानकी रमण मंदिर खलारी, पहाड़ी मंदिर, शिव मंदिर खलारी बाजारटांड़, करकट्टा शिव मंदिर, धमधमिया, मोहननगर आदि मंदिरों में जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर घरों में भी प्रकार-प्रकार का हलवा, नारियल व धनिया के मीठे चूर्ण बनाए गए।

## कुटाम राधारमण मंदिर में विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राधा रमण मंदिर भक्ति वेदांत गुरुकुल कुटाम में रविवार को विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। गुरुकुल के संचालक दास गदाधर दास एवं करुणा अवतार दास गौर प्रभु ने हवन सम्पन्न कराया। शाम को घनश्याम आनद प्रभु ने कृष्ण लीला एवं कृष्ण जन्माष्टमी के महत्व पर प्रवचन किया। रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ भी गुरुकुल के कार्यक्रमों में शामिल हुए। संजय सेठ ने महोत्सव में आयोजित किए गए डांस ड्रामा प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। **जन्माष्टमी महोत्सव आज :** गुरुकुल में सोमवार को नौ दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव का समापन समारोह का आयोजन किया गया है। मौके पर दही हांडी, कलश यात्रा, भगवान का अभिषेक का आयोजन किया गया है। भगवान के जन्मोत्सव के मौके पर 500 किलो का केक काटा जाएगा। यह जानकारी गुरुकुल से दी गई।

## वज्रपात से एक बैल की हुई मौत

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ईटा गांव में सोमवार को शाम लगभग 4 बजे की बारिश के दौरान हुए वज्रपात से सतवीर उरांव पिता सोमरा उरांव की एक बैल की मौत हो गई। बैल गांव के हड़गड़ी बाड़ी में घार चर रहा था। इस दौरान अचानक बिजली कड़की और एक बैल वज्रपात की चपेट में आने से घटना स्थल पर मौत हो गई। इधर ईटा पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा घटना की जानकारी होने पर घटना स्थल पर पहुंचे और आपदा प्रबंधन विभाग से सतवीर उरांव को मुआवजा दिलाने की बात कही।

## फ्लिपकार्ट समर्थ ने 5 साल की उपलब्धि हासिल की

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** फ्लिपकार्ट की सप्लाई चेन ऑपरेशंस एकेडमी (एससीओए) ने भारत भर में हजारों रोजगार योग्य युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के साथ एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने भारत के कारीगरों, बुनकरों, एसएचजी, महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित एक कार्यक्रम के माध्यम से अपनी 5 साल की यात्रा की उपलब्धि का जश्न मनाया। इस कार्यक्रम में 250 से अधिक उद्योग जगत के नेताओं, विक्रेताओं, कारीगरों, बुनकरों, शिल्पकारों और एसएचजी ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाना और उसे आगे बढ़ाना था ।

# अशोक परियोजना में विश्वकर्मा पूजा समिति का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना वर्कशॉप कार्यालय मे अधिकारियो और कर्मचरियो की बैठक हुई।इस बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अशोक परियोजा कार्यालय मे विश्वकर्मा पूजा धुमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे पूजा के सफल संचालन के लिए श्री श्री विश्वकर्मा पूजा समिति का गठन किया गया।समिति मे संरक्षक अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार को बनाया गया।वही अध्यक्ष खान प्रबंधक एसके सिंह,उपाध्यक्ष शंभु शरण प्रसाद,शिशिर गर्ग,मनोज कुमार,कौशल आर्य,अजेश भंडारी,सचिव मिथिलेश कुमार,उप सचिव शेषनाथ प्रसाद,जैनुल अंसारी,राजेश प्रजापति, लखन साव,कोषाध्यक्ष दिलिप कुमार महतो, उप कोषाध्यक्ष स्वरूप सन्यामत को बनाया गया।वही चंदा कमेटी मे शिवलाल महतो, अनिल पाण्डेय,शंभु राम, हेमराज प्रजापति,कामेश्वर राम,आरके सिंह,केके चर्तुवेदी,प्रयाग मिस्त्री,मथुरा प्रसाद मंडल,राकेश राम, बिनोद सिंह,मुबारक हुसैन, शंकर विश्वकर्मा,पुरण गंझु,पी कुजुर,रामधनी साव को रखा गया।जबकि प्रसाद कमेटी मे श्रवण महतो,आरएन ठाकुर, आरके नोनिया,फिरो महतों, दीपक कुमार,संजय ठाकुर, बबलु गरेरी,संतोष महतो, सुनील महतो,दिलेश्वर महतो, सूरज कहार,बिनोद कुमार, कुवंर महतो,राजेश चौहान, मिन्टु कुमार,अशोक गंझु, जलेश्वर यादव को शामिल किया गया।जेनरल कमेटी मे प्रदीप कुमार,विकाश सिंह, ओमप्रकाश चौहान,प्रदीप कुमार,अशोक महतो,संतोष गिरी,गणेश रविदास,धनेश्वर गंझु,बुधन हजाम,आरएन पण्डित,नागो गंझु,फूलेश्वर महतो,बासुदेव प्रसाद,एसके सिंह,एसके चौबे,श्रीवास्तव पासवान और दिलिप सिंह को शामिल किया गया है।बैठक मे कई अधिकारी और कर्मचारी मौजुद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## विवेक विद्यालय में जन्माष्टमी समारोह का भव्य आयोजन




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को जन्माष्टमी समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इसमें विद्यालय के प्राइमरी तथा प्री प्राइमरी विभाग के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्री प्राइमरी के बच्चों ने इस अवसर पर राधा कृष्ण की रासलीला की झांकी प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राइमरी विभाग के बच्चों द्वारा श्री कृष्ण के सौंदर्य का वर्णन करते हुए एक नृत्य प्रस्तुति हुई जिसकी सभी ने प्रशंसा की। प्राचार्य अवधेश सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि श्री कृष्ण हम सभी के प्रेरणाश्रोत है जिन्होंने धर्म की पराकाष्ठा को भगवद गीता के माध्यम से इस संसार को एक अमूल्य भेंट के रूप में दिया। उन्होंने श्री कृष्ण द्वारा दी गई शिक्षा एवं ज्ञान का अपने जीवन के अनुसरण करने की सलाह देते हुए सभी विद्यार्थियों, शिक्षक शिक्षिकाओं, अभिभावकों, समाज के सभी वर्ग तथा मीडिया बंधुओं को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।

## छोटा गोविंदपुर के दयाल सिटी में दुर्गा पूजा के लिए भूमि पूजन संपन्न



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर साल की तरह इस वर्ष भी दयाल सिटी, छोटा गोविंदपुर में दुर्गा पूजा को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने के लिए सोमवार को पूजा पंडाल निर्माण हेतु भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दयाल सिटी के कई निवासियों के साथ-साथ पूजा कमेटी के अध्यक्ष रामनवमी सिंह, महासचिव डॉ. रोशन झा, कोषाध्यक्ष बबलू कुमार सिंह और अन्य पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। सभी ने पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भव्य तरीके से मनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में साहब सिंह भाटिया, ललन शाह, राजीव चाचरा, एमके सिंह, मंटू सिंह, रंजन सिंह, प्रेम प्रकाश सिन्हा, मृत्युंजय प्रताप सिंह, राजीव सिंह, अनिल गुप्ता, राकेश मिश्रा, एके सिंह, बलराम प्रताप सिंह, विकास वर्मा आदि मौजूद थे।

## हेंसल में कृष्ण जन्माष्टमी पर 108 कुंवारी कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा



**राजनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजनगर प्रखंड के हेंसल में भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर 108 कुंवारी कन्याओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। वहीं हेंसल स्थित बड़ा तालाब में कलश पूजन किया गया। कृष्ण जन्माष्टमी पूजा कमेटी के सचिव पवित्र ज्योतिषी ने बताया कि हेंसल में 2019 से जन्माष्टमी के मौके पर कलश यात्रा निकाली जाती है और संध्या बेला में पूजा अर्चना होती है। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी पर इस वर्ष भी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें स्वामी धीरूभाई जी महाराज द्वारा भागवत कथा पाठ किया जाएगा। 28 अगस्त से शुभारंभ होगा और 3 सितंबर को सम्पन्न होगा। 4 सितंबर को पालकी यात्रा एवं भंडारा के साथ जन्माष्टमी अनुष्ठान का समापन किया जाएगा। कलश यात्रा को सफल बनाने में ग्राम प्रधान अशोक गोप के साथ सभी ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

## हाथियों ने उत्पात मचाया, घर तोड़कर अनाजों को बनाया निवाला

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में शाम ढलते ही हाथियों का झुंड गांवों की ओर अपना रूख करते हुए घरों व फसलों को निशाना बना रहे हैं। क्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुटाम जंगल में करीब 20-25 की संख्या में हाथियों का झुंड डेरा जमाया हुआ है। रविवार की देर रात को कुटाम गांव में हाथियों का झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। पहले गांव के पास खेतों में लगाए गए किसानों की धान खेती को रौंद कर नष्ट कर दिया। वहीं रात को यह झुंड कुटाम गांव में घुस गया। झुंड ने ठाकुर सिंह मुण्डा का घर को तबाह कर दिया और घर में रखे धान व चावलों को अपना निवाला बनाया। वहीं हाथियों ने कई किसानों के भी खेत में लगे धानों को रौंद दिया।

## खिलाड़ी खेल के मध्यम से भी अपना कैरियर बना सकता है : महावीर मुर्मू

**जमशेदपुर :** पोडाडीहा पंचायत अंतर्गत खैरपाल के यूथ क्लब खैरपाल के ओर से पॉली रसल ग्राउंड में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता महाबीर मुर्मू शामिल हुए। टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच एचआरसी जमशेदपुर बनाम यूथ क्लब खैरपाल के बीच खेला गया। जिसमें एचआरसी जमशेदपुर ने टॉस जीतकर यूथ क्लब खैरपाल को बल्लेबाज के लिए आमंत्रित किया। तीन ओवर में खैरपाल टीम ने तीन विकेट खोकर 15 रन बनाए। एचआरसी जमशेदपुर ने एक विकेट खोकर एक ओवर में तीन बॉल में 9 विकेट से जीत हासिल कर लिया। मौके पर संबोधित करते हुए महाबीर मुर्मू ने कहा कि बारिश के बाबजूद भी खिलाड़ियों ने दोनों ही टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल ज्यादा लोग खेलते है, पर अब क्रिकेट भी काफी लोकप्रिय हो रहा है।

## चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन की रेल पटरी पर मिला महिला का शव

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 की रेल पटरी पर रविवार को देर रात एक महिला का शव मिला है। मृतक की उम्र करीब 60 साल बताई जा रही है। महिला के पास से एक बैग मिला है जिसमें एक नाइटी और एक चक्रधरपुर से जमशेदपुर का टिकट मिला है। शव की पहचान नहीं हुई है। सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंचकर शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

### गम्हरिया के रापचा में आयोजित सीएम हेमंत सोरेन 28 अगस्त को प्रमंडल स्तरीय झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में होंगे शामिल

## तीनों जिलों के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल में तैयारियों का लिया जायजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत गम्हरिया प्रखंड के फुटबॉल मैदान रापचा में 28 अगस्त को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन प्रस्तावित है। रापचा मैदान में आयोजित प्रमंडल स्तरीय ÷झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना÷ के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सरायकेला- खरसावां के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कु. लूणायत द्वारा पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्या मित्तल, पश्चिमी



सिंहभूम के उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पूर्वी सिंहभूम, पुलिस अधीक्षक पश्चिमी सिंहभूम समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी अपने स्तर से तैयारी पूर्ण कर लें। निरीक्षण के दौरान विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने, सम्मानित जनप्रतिनिधियों व लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजलापूर्ति, शौचालय, मेडिकल टीम, एंबुलेंस की उपलब्धता, आवश्यक जगहों पर बैरिकेडिंग, आवश्यक सिनेज के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त करने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम में तीनों जिले के झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना÷ के लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री द्वारा पहली किस्त जारी की जाएगी। मौके पर यातायात व्यवस्था, सभी जिले के वाहन पार्किंग, सड़क से कार्यक्रम स्थल तक आवागमन सभी आवश्यक तैयारियों को दुरुस्त करने का टास्क दिया गया। सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो इसे लेकर हर स्तर पर पदाधिकारियों को पुनर्समीक्षा का निर्देश दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। प्रमंडल के तीनों जिले से आने वाले लोगों की बड़ी संख्या को देखते हुए उनके आगमन और निकासी सुव्यवस्थित तरीके से हो यह सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम हेतु पर्याप्त बल और दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, रूट चार्ट तथा अन्य जिले से आने वाले लोगों के आगमन के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम बना रहे इसको लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया।

## बीजेपी और सरयू राय सार्वजनिक मंच पर मुझसे बहस कर ले : डॉ. अजय कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद और कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने सोमवार को बीजेपी नेताओं और विधायक सरयू राय को चुनौती देते हुए कहा कि वे सार्वजनिक मंच पर मुझसे बहस कर लें, मैं तैयार हूं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भुइयांडीह के कल्याण नगर और इंदिरा नगर का ही मामला नहीं है। यह तो महज शुरुआत है। यह बहुत बड़ा मामला



है। सरयू राय और बीजेपी के नेताओं ने कल्याणनगर और इंदिरानगर के लोगों को धोखा देने का काम किया हैं। डॉ. अजय ने कहा कि शुरुआत में तो बीजेपी और सरयू राय यह स्वीकार ही नहीं कर थे कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल(एनजीटी) में अर्जुन मुंडा ने ही शिकायत दर्ज कराई है और मुझ पर ही झुठ बोलने का आरोप लगाया था। जब मैंने एनजीटी कोर्ट आर्डर की कॉपी सार्वजनिक की तब सरयू राय और बीजेपी ने स्वीकार किया कि अर्जुन मुंडा ने ही एनजीटी में शिकायत की थी। लेकिन कल्याणनगर और इंदिरानगर के लिए शिकायत नहीं किया था। तो उन्हें यह बताना चाहिए कि किस कारण से और किसको फायदा पहुंचाने के लिए यह शिकायत किया गया था। अभी भी बीजेपी और सरयू राय लोगों को गुमराह कर रहे हैं। मैं उन्हें खुली चुनौती देता हूं कि वो सार्वजनिक मंच पर मुझसे बहस कर लें, मैं सभी कागजात पेश कर दूंगा कि इस मामले में बीजेपी नेता अर्जुन मुंडा का ही हाथ है।

## भागवत कथा में महाराज ने भगवान श्री राम और श्री कृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में चल रहे भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन सोमवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा वाचक हिमांशु महाराज ने व्यासपीठ से श्री राम और श्री कृष्ण जन्मोत्सव कथा के प्रसंग का व्याख्यान करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण का जन्म जेल में हुआ था। फिर भी वे माया से प्रेरित होकर गोकूल पहुंच गए। उन्होंने भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान मनुष्य योनी में जन्म लेकर दुःख में भी सुखी जीवन जीने की सीख देते है। भगवान अंतर्यामी असीम शक्ति के पूंज हैं। लेकिन उन्होंने अधर्म का नाश और धर्म की पुनः स्थापना के लिए श्रीकृष्ण और श्रीराम सहित दशावतार धारण किए। उन्होंने गृहस्थ में रह कर सदाचार, परोपकार और सत्य के आधार पर जीवन जीने तथा सत्संग के जरिए सर्वव्यापी ईश्वर का नाम स्मरण करने की सलाह दी। बाल गोपाल के गीत पर झूमे श्रद्धालुः महाराज जी द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव पर नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की एवं गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो गीत पर भक्त जमकर झूमे। भागवत कथा के बाद रात 9 से 12 बजे तक महाराज के साथ मथुरा से आए संगीतकारों ने भगवान के भजन प्रस्तुत किए।

## झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय इंटरमीडिएट अनुबंध शिक्षक एवं शिक्षेकत्तर मोर्चा ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** झारखंड अंगीभूत शिक्षक एवं महाविद्यालय इंटरमीडिएट अनुबंध शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर मोर्चा द्वारा सोमवार को विधायक दशरथ गागराई को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया गया कि राज्य के 65 अंगीभूत डिग्री कॉलेजों के इंटरमीडिएट प्रभाग के 840 शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों भी वित्तरहित शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की श्रेणी में आते हैं। सरकार की ओर से हमें कोई भी



अनुदान नहीं मिलता है। अत्यधिक उम्र होने की वजह से अन्यत्र नौकरी भी हम कहीं नहीं कर पाएंगे। ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध करते हुए कहा कि वित्तरहित मोर्चा के तहत जिस तरह 8000 शिक्षकों का समायोजन होने जा रहा है। वैसे ही उनका भी समायोजन किया जाये। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय इंटरमीडिएट अनुबंध शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांग न्यायसंगत है और वह सरकार का ध्यान और इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से फिरदौस,चन्द्रकला महतो, संगीता आदि मौजूद थे।

## टैलेंट सर्च एकेडमी की पूर्व छात्रा स्मृतिकणा महतो ने दक्षिणा फाउंडेशन की प्रतियोगिता में लहराया परचम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बिड़रा गांव निवासी मथुर चंद्र महतो की बेटी और जवाहर नवोदय विद्यालय, पूर्वी सिंहभूम की मेधावी छात्रा स्मृतिकणा महतो ने निःशुल्क मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाली प्रतिष्ठित संस्था दक्षिणा फाउंडेशन के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। स्मृतिकणा ने पटमदा क्षेत्र का



नाम रोशन किया है। वह जवाहर नवोदय विद्यालय, रांची में मेधावी विद्यार्थियों के एक समूह के साथ दक्षिणा फाउंडेशन के शिक्षकों के माध्यम से मेडिकल प्रवेश परीक्षा की निःशुल्क तैयारी कर रही है। टैलेंट सर्च एकेडमी के द्वारा आयोजित निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से स्मृतिकणा महतो को जवाहर नवोदय विद्यालय पूर्वी सिंहभूम में वर्ष 2019 में दाखिला मिला और इस सफलता के समाचार प्राप्त होने के बाद टैलेंट सर्च एकेडमी के अध्यक्ष इंजीनियर हाराधन महतो और सचिव इंजीनियर विनोद स्वांसी उनके परिवार से मिले एवं हार्दिक बधाई दी। मौके पर इंजीनियर हाराधन और विनोद ने आगे की पढ़ाई को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए एकेडमी के माध्यम से उनकी पढ़ाई में हर संभव सहयोग करने का वादा किया ताकि स्मृतिकणा हमारे क्षेत्र की एक प्रतिष्ठित चिकित्सक बनें और आनेवाले दिनो में गरीबों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान कर समाज में एक आदर्श चिकित्सक के रूप में प्रतिष्ठित हो सके।

## सरयू राय जादूगर हैं, दायां हाथ हवा में उठायें तो देखना होगा कि अपने बायें हाथ से क्या कर रहें हैं : धर्मेन्द्र सोनकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** सोमवार को पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष (नगर) धर्मेन्द्र सोनकर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भुइयांडीह स्थित कल्याणनगर, छायानगर एवं इंदिरानगर में बसे तकरीबन 150 घरों को तोड़ने की नोटिस के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन करते हुए साकची गोलचक्कर पर जमशेदपुर पूर्वी के निवर्तमान विधायक सरयू राय एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का पुतला दहन किया। विदित हो कि विगत शनिवार को जमशेदपुर के पूर्व सांसद एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय कुमार ने परिसदन में प्रेस कांफ्रेंस कर यह रहस्योद्घाटन किया था कि संबंधित क्षेत्रों के 150 घरों के खिलाफ़ पिछले साल 30 अगस्त को एनजीटी में अवैध अतिक्रमण की पहली शिकायत करने वाले कोई और नहीं बल्कि भाजपा के तत्कालीन जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय विधायक सरयू राय के अनन्य मित्र अर्जुन मुंडा ही थे। पुतला दहन के पश्चात मीडिया से बातचीत करते हुए धर्मेन्द्र सोनकर ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधि सरयू राय बताएं अपनी जवाबदेही पर बात करने के मुद्दे को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। धर्मेन्द्र सोनकर ने कहा कि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक वस्तुतः जादूगर हैं, इसलिए जब वे एक जादूगर की तरह अपना दायां हाथ हवा में उठायें तो यह देखना होगा कि वो अपने बायें हाथ से क्या कर रहें है ??

वहीं बबलू झा ने कहा आबरा का डाबरा राम मिलाई जोड़ी एक अंधा एक कोढ़ी। कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बब्लू झा, प्रदेश महासचिव राकेश साहू, अजितेष उज्जैन, अभिजित सिंह फिरोज खान, बलदेव सिंह ,सुशीला पांडे, सीमा मोहंती, देव शरण सिंह, अजय महतो, ए आर के कमलेश, सुनील प्रसाद कैलाश, सुरेंद्र शर्मा जिला महा सचिव अमित दुबे एवं जिला सचिव शमीम गद्दी, सुल्तान अहमद जिला सचिव अजाम सफि जिला सचिव प्रिंस सिंह संध्या दास, नीरज सिंह, गीता सिंह, नीरज साहू, सुशीला पांडे रवि राज ,रवि यादव संतोष गुप्ता, अशोक साहू, गोलू साहू, किसन कुमार, प्रवीण साहू अमन समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## आसाम बंगीय सारस्वत मठ के मठाधीश बुधवार को करेंगे भक्त सम्मेलन

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के तुता पाथराखुन सारस्वत संघ द्वारा आयोजित भक्त सम्मेलन में आसाम बंगीय सारस्वत मठ के मठाधीश महंत डाक्टर ब्रजेशानंद सरस्वती महाराज का पदार्पण होगा। तुता में 4 सितम्बर को भक्त सम्मेलन एवं संघाधिवेशन में महंत महाराज प्रवचन व श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। संघ के बासुदेव चटर्जी ने कहा कि गुरुवार को दीक्षा दान करेंगे। उपस्थित भक्त जनों के लिए भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महंत महाराज के साथ कई संन्यासी, ब्रह्मचारी भी उपस्थित रहेंगे।



## सार्वजनिक करम अखाड़ा करम परब आयोजन समिति की बैठक संपन्न



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को शहीद निर्मल महतो कुड़मि भवन राखा आसनतलिया में सार्वजनिक करम आखड़ा करम परब आयोजन समिति की एक विशेष बैठक गणेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी करम परब के दिन यानी 14 सितंबर को करम डाली गाड़ा जाएगा और 15 सितंबर को जाउआ भासान एवं दोपहर बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम झूमर का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से नीलकमल महतो, विजय महतो, परशुराम महतो , ओमप्रकाश महतो , खेमराज महतो , कोलेश्वर महतो, नृपेन्द्र महतो, संजय महतो ,राकेश महतो श्यामलाल महतो ,इंद्रजीत महतो ,अजय महतो संजय महतो आदि उपस्थित थे।

## पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में छोटा गोविंदपुर के रक्षित झा ने जीता गोल्ड



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड स्टेट पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा धनबाद में आयोजित दो दिवसीय स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जमशेदपुर के छोटा गोविंदपुर, दयाल सिटी निवासी रक्षित झा ने 70 किग्रा वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। इससे पहले भी रक्षित ने इसी वर्ष बिहार के सिवान में आयोजित अंतरराज्यीय पावर लिफ्टिंग चौंम्पियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया था। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिवार और मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## मंत्री बन्ना गुप्ता सहित सभी 6 विधानसभा क्षेत्र के लिए दावेदारों ने जमा किया आवेदन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पूर्वी सिंहभूम जिला के छह विधानसभावार कांग्रेस नेताओं के उम्मीदवारी का आवेदन पत्र सोमवार को बायोडाटा के साथ कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में जमा लिया गया। 48-जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से आवेदन पत्र जमा करने वाले नेताओं में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, प्रदेश महामंत्री अजय सिंह, इंटक प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय, अखिलेश सिंह यादव, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यम सिंह का जिला कांग्रेस कार्यालय प्रभारी संजय सिंह आजाद, उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र तिवारी ने आवेदन पत्र प्राप्त किया। जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र से जिला सचिव दुर्गा प्रसाद, पोटका विधान सभा क्षेत्र एवं घाटशिला विधान सभा क्षेत्र से प्रदेश चेयरमैन जोसाई मार्डी, बहरागोड़ा विधान सभा क्षेत्र से ऊषा देवी यादव, अजय महतो बाबू, जिला महामंत्री अपर्णा गुहा, 49- जमशेदपुर पश्चिम विधान सभा क्षेत्र से मंत्री बन्ना गुप्ता ने आवेदन पत्र कार्यालय प्रभारी संजय सिंह आजाद को सौंपा। जिला कार्यालय प्रभारी संजय सिंह आजाद ने बताया कि जल्द ही जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को आवेदन पत्रों को अनुशंसा कर सौंपा जाएगा।

# चोरी के हाईवा वाहन के साथ दो शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, भेजे गए जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** पुलिस को जिले में सक्रिय चोर गिरोह के विरुद्ध एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मयूरहंड थाना क्षेत्र के तेतरिया जंगल इलाके से चोरी के हाइवा वाहन के साथ दो शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनो चोर सदर थाना क्षेत्र के दारियातु गांव निवासी सचिन कुमार यादव एवं इटखोरी थाना क्षेत्र के मुरुमदाग गांव निवासी शिवसेवक कुमार यादव है। चोरी हुआ वाहन सिमरिया थाना क्षेत्र के छोटु सिंह का है। दरअसल चोरी हुए वाहन को सदर थाना क्षेत्र के रामटुंडा निवासी ड्राइवर रामस्वरूप यादव दो दिनों पहले अपने घर के बाहर खड़ा किया था। जहां से गिरफ्तार चोरों ने वाहन को चोरी कर लिया था। जिसको लेकर वाहन मालिक के द्वारा सदर थाना में शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए न सिर्फ चोरी हुए वाहन को सकुशल बरामद किया बल्कि चोरी में शामिल दो शातिर चोरों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफलता पाई। मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसडीपीओ संदीप सुमन ने बताया कि चोरों के विरुद्ध पुलिस की यह बड़ी सफलता है। वहीं शहर समेत पूरे जिले भर में लगातार बढ़ते चोरी की घटनाओं पर विराम लगाने को लेकर पुलिस की टीम के द्वारा सघन वाहन चेकिंग व लगातार रात्रि पेट्रोलिंग किए जाने की बात कही है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सवः धूमधाम से मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के धर्मपुर (बहेराटांड़) बाबा नगरी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाई गई। इसमें शामिल बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई। बीके बहनों ने राधा-कृष्ण की झांकी में शामिल बच्चों को तिलक लगाकर पूजा अर्चना की। माखन मिश्री का भोग लगाकर उनकी आरती उतारी। राधा कृष्ण के वेश में सजे बच्चें लोगों को आकर्षित कर रहे थे। राधा-कृष्ण का रूप धारण किए बच्चों ने नृत्य भी किए। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर ब्रम्हाकुमारी अमृता व बीके गंगोत्री ने जन्माष्टमी मनाए जाने के आध्यात्मिक रहस्य के बारे में बताया। इस दौरान बीके भाई-बहनों ने फूलों व सुंदर वस्त्रों से सजे पालने में भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप को प्रतिस्थापित कर झुलाया। सोहर गीत भी गाए और मनोवांछित फल की कामना की। इसके बाद मौजूद लोगों को माखन-मिश्री व पकवान खिलाए गए। कार्यक्रम में बीके राजमणि, नवीन, विनोद शामिल थे।

## नोनगांव के ग्रामीणों ने जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर 24 घंटा का अखंड हरि कृतन का आयोजन रखा



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री कृष्णा जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर नोनगांव में ग्रामीणों के द्वारा 24 घंटा का अखंड हरि कृतन का आयोजन किया गया। इस आयोजन को बीस सूत्री बिकास यादव के द्वारा शुभारंभ किया गया। यह हरि कृतन की आयोजन दुर्गा देवी मंडप नोनगांव में रखा गया। यह आयोजन विशेष रूप से श्री कृष्ण के जन्म के दिन, यानि कि जन्माष्टमी के दिन, भक्तों द्वारा उनके गुण, लीलाओं और उपदेशों की महिमा गाने और सुनने के लिए किया जाता है। यह त्योहार श्रावण माह की अष्टमी तिथि को होता है, जो आमतौर पर अगस्त के अंत या सितंबर की शुरुआत में पड़ता है। हर इस त्यौहार को लोग धूमधाम से मनाते हैं कहीं मटकी फोड़े जाते हैं तो कहीं संगीत नृत्य के आयोजन किए जाते हैं इस त्यौहार को प्रखंड में सुदूर वर्ती क्षेत्र से लेकर प्रखंड के हर एक हिस्सों में इस आयोजन को हिंदू सनातन भक्तों ने मनाया।हरि कीर्तन में भक्तगण भगवान श्री कृष्ण की स्तुतियों, भजनों और कीर्तन में भक्त डूबे रहे। इस अवसर पर मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर भव्य कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें धार्मिक भजन, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियाँ हुई। इस आयोजित कार्यक्रम में महेंद्र यादव, बैजनाथ यादव, कुलदीप यादव, राजकुमार यादव, सौरभ यादव, आशीष प्रसाद यादव, तुलेश्वर यादव, मखराज यादव समेत नोनगांव के सेकडो भक्तो ने भाग लिए।

## पत्थलगड़ा के दिव्यांग अनिल दांगी के नियुक्ति को लेकर झामुमो ने केंद्रीय महासचिव से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** पत्थलगड़ा प्रखंड के बेलहर गांव निवासी दिव्यांग अनिल दांगी के नियुक्ति में हुई गड़बड़ी को लेकर झामुमो के चतरा जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति के नेतृत्व में पत्थलगड़ा दांगी समाज प्रखंड कमिटी के पदाधिकारी, पत्थलगड़ा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुधीर कुमार दांगी व गिद्धौर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज वर्मा सहित अन्य ने झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे से एक विशेष मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सभी ने दिव्यांग अनिल दांगी को टीजीटी शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया 2016 का सारा समस्या से रूबरू करवाया। वहीं सभी ने उसकी नियुक्ति को लेकर सहयोग करते हुए आवश्यक कदम उठाने की अपील की। सभी समस्याओं को सुन केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने जल्द से जल्द नियुक्ति करवाने को लेकर आश्वासन दिया है। बता दें कि अनिल दांगी की नियुक्ति नहीं हो पाई है जिसको लेकर वह काफी मायूस हैं, जहां तक वे लगातार जिला व राज्य का चक्कर लगा रहे हैं। साथ ही कई पत्रकारों से वह विभाग के द्वारा हुई गड़बड़ी के कारण नहीं हो पाई नियुक्ति को लेकर रोते हुए अपनी समस्या को रखते नजर आ रहे हैं। फिर भी संबंधित विभाग के द्वारा उनको लेकर कोई पहल तक नहीं की गई है। मौके पर दांगी समाज के पत्थलगड़ा प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा दांगी, उपाध्यक्ष जगदीश दांगी, महासचिव अजय कुमार दांगी, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार दांगी आदि मौजूद रहें।

## अकीदत और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया चेहल्लुम का त्योहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल मुख्यालय के कर्बला मैदान में चेहल्लुम का त्योहार अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के द्वारा जुलूस निकाला गया और हज़रत इमाम हसन हुसैन की शहादत में नारे बुलंद किए गए।जहां मुख्यालय से फतहा, सबानो, बन्हे, लिपदा सिमरिया, आदि के विभिन्न अखाड़ों ने जुलूस निकाल देश भक्ति का सबूत कर्तव्य दिखा कर किया। वहीं तिरंगे के सम्मान में युवाओं ने एक से बढ़ कर एक तिरंगा फहरा कर देश के दुश्मनों को चुनौती दिया। जुलूस में निशान और फाटक आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। यह कार्यक्रम हर्षनाथ पुर स्थित कर्बला मैदान में मेले का आयोजन भी किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीएसपी अजय कुमार केशरी, विशिष्ट अतिथि सुभान अंसारी, कमिटी अध्यक्ष मो इदरीश, गुड्डू आलम और इमदाद हुसैन ने संयुक्त रूप से फीता के काटकर किया। वहीं संचालन हाफिज सलीम अख्तर ने किया। अखाड़े में विभिन्न अखाड़े के युवाओं ने अस्त्र-शस्त्र का परिचालन का शानदार प्रदर्शन किया। जहां बड़ी संख्या में स्त्री पुरुष और बच्चे शिरकत किया। मेले के बाद शाम को फातिहा पढ़ मेले को समापन किया गया। मौके पर थाना प्रभारी मानव मयंक, राजद महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शारदा देवी, जवाहर विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अख्तर हुसैन, मो अरबाज, सरपरस्त लतीफुर रहमान, सदर मोजम्मिल हुसैन, कमिटी उपाध्यक्ष मो उस्मान, सचिव मो कासिम, महासचिव मुबारक हुसैन, उपसचिव मो शमीम, वली हकीम, मो सकील, मो कयूम, मेराज अंसारी के अलावे हजारों के संख्या में महिला पुरुष बच्चे शामिल थे।

## यदुवंशियों ने मनाया कृष्ण जन्माष्टमी



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत ग्राम सलगा के शिव मंदिर प्रांगण में अखिल भारतीय यादव महासमाज की बैठक सोमवार को किया गया। जहां सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि कृष्ण जन्माष्टमी का महापर्व हम सभी को मिलकर धूमधाम से मानना है और तुरंत कृष्ण भगवान की फोटो मंगा कर सभी यदुवंशियों ने धूमधाम से पूजा किया। पूजा करवा रहे ब्राह्मण कामेश्वर पांडेय ने स्वस्तिवाचन गणेश वंदना के साथ कृष्ण भगवान का ध्यान अर्चना कर शंक ध्वनि के साथ पूजा को संपन्न किया गया। मौके पर उपस्थित द्वारी पंचायत मुखिया जगदीश यादव जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव राजू यादव कोमल यादव रामदेव यादव दिनेश यादव विकास यादव व यदुवंशी उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक, अध्यक्ष बने ब्रह्मदेव दांगी



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत सिंदवारी कला मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बृजेश कुमार सिंहा व संचालन मनोज कुमार दांगी ने किया।बैठक में उपस्थित गांव के लोगों ने दुर्गा पूजा धूम धाम से मनाने को लेकर बारी बारी से लोगों ने जानकारी दिया। दुर्गा पूजा का सफल संचालन के लिए संचालन कमिटी का गठन किया गया। जिसमे सर्व सम्मति से ब्रह्मदेव दांगी को अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में श्रवण कुमार सुशील कुमार दांगी राजु कुमार दांगी चमारी प्रसाद सुबोध चौबे प्रयाग दांगी राजेंद्र दांगी ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक रामचन्द्र सिंह ने मनिका विधानसभा से उम्मीदवारी को लेकर जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक रामचन्द्र सिंह ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा झारखंड प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर गठित स्कृनिंग कमिटी द्वारा विधानसभा क्षेत्रों में उमीदवारों के उम्मीदवारी हेतु बायोडाटा आवेदन के साथ देने के आदेश व झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी के निर्देशानुसार लातेहार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव को लातेहार जिला के मनिका विधानसभा (S.T. 073) से अपने उम्मीदवारी को लेकर अपना आवेदन बायोडाटा सौंपा। मौके पर पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओबेदुल्ला अंसारी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, ज्योतिप्रकाश दुबे, लातेहार प्रखंड कांग्रेस एस सी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज पासवान, नागेश्वर यादव, श्याम किशोर दुबे, रामलगन सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।विधायक श्री सिंह ने लातेहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री उरांव को अपने राजनैतिक - सामाजिक व कांग्रेस पार्टी से जुड़े कार्यो और दायित्वों से जुड़े संबंध में विस्तार पुर्वक उल्लेख किया है।

## शानो-शौकत से चेहल्लुम का निकला जुलुस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मुहर्रम के चेहल्लुम जुलुस के मौके पर बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बरवाडीह, कुचीला, छिपादोहार, सरईडीह, पोखरी कलां, बेतला समेत आस पास के क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मुहर्रम के चेहल्लुम जुलुस शानो-शौकत से मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के साथ - साथ युवाओं ने मुहर्रम की चेहल्लुम का ताजिया निकाली, जुलुस के दौरान युवाओं ने या अली, या हुसैन के नारे लगाए।साथ ही फातेहा खानी की गई। बरवाडीह बस स्टैंड, पोखरी कलां ताजिया मिलान स्थल चौपाल पर सभी पहुंचे हुए ताजिया का मिलान किया गया ।वहीं चादरपोशी भी की गई। इस दौरान खास कर युवाओं, बच्चे में काफी भीड़ के साथ उत्साह देखा गया।

## अनुमंडल में आपसी भाईचारे के साथ निकाला गया चेहल्लुम का जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में रविवार को चेहल्लुम (चालीसवाँ) का जुलूस आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द पूर्ण वातावरण में निकाला गया। प्रखंड के चेचरिया, नगर उंटारी, बरडीहा, नरही, कधवन, कोइन्दी, कोलझिकि, सरहसताल, कुशड़ण्ड, सोनबरसा, सहित आस पास ग्रामीणों क्षेत्रो में चेहल्लुम के अवसर बाजे गाजे के साथ जुलूस निकाला गया। मुस्लिम समुदाय के लोग अपने-अपने कर्बला पहुंचकर फातिहा पढ़े। मोहर्रम के 40 दिन होने के बाद चेहल्लुम का त्योहार मनाया जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने-अपने चौक से ताजिया और इस्लामी झंडा निकाले। बरडीहा गांव में चेहल्लुम के अवसर पर बाजे गाजे के साथ जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर या अली या हुसैन के नारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा. चेहल्लुम के अवसर पर बरडीहा कर्बला के मैदान में युवाओं ने नये अंदाज मे लाठी, भाले, तलवार से कई करतब भी दिखाये। नगर उंटारी अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान ने कहा कि यह त्योहार हजरत इमाम हुसैन के 72 साथियों के कर्बला के मैदान में हुये शहादत की याद में मनाया जाता है। चेहल्लुम के अवसर पर लाठी, तलवार सहित अन्य परंपरागत हथियार के करतब भी दिखाये गये। युवाओं ने या अली या हुसैन के नारे लगाते हुये मातम किया। चेहल्लुम का त्योहार शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर थाना प्रभारी आदित्य नायक लगातार क्षेत्र भ्रमण करते दिखे। जुलूस में सदर व पूर्व मुखिया मुश्ताक अहमद शेख, राहत हुसैन, डॉ ताहिर हुसैन, हैसियत अंसारी, ग्रामीण पुलिस कलाम अंसारी, मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर राकिब अनवर, असलम, महफूज, रासिब, गुलाम, समसिर अजीजी, नौशाद, सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## लिलवाबार नदी के बीचो बीच पत्थर में भगवान शिव समेत गणेश जी की चमत्कारी अवतरण



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सिदकी पंचायत अंतर्गत ग्राम नौकाबंध के लिलवाबार नदी के बीचों बीच एक विशाल पत्थर में भगवान शिव, समेत गणेश जी, एवं त्रिशूल की आकृति प्रकट हुआ है , इस चमत्कारी के बाद श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ पड़ी है।और पूजा पाठ शुरू कर दिए है, ग्रामीण विजय भारती ने बताया की हम इस नदी में कई दिनों से स्नान कर रहे थे। लेकिन एक दिन स्नान करते वक्त देखा तो उस पत्थर का दृश्य अचानक बदल गई, देखने गए तो वहां पत्थर में तरह तरह के भगवान की प्रतिमा दिखाए देने लगा। इसकी सूचना ग्रामीणों को दी.स्थानीय लोगो ने इसे चमत्कारी बताने लगे, स्थानीय लोगो के द्वारा आज सोमवार को गाजे बाजे के साथ लगभग हजारों की संख्या में भगवान शिव की प्रतिमा पर जल अभिषेक किया।लोगों के द्वारा सरकार से पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए मांग कर रहे है।

## भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एकबाल सिंह ने सदस्यता से दिया त्यागपत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह मंडल में भाजपा संगठन का हाल दिन ब दिन कमजोर और खंडित होते जा रहा है।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी से आहत कई नेताओं और कार्यकर्ताओं की नाराज़गी खुलकर सामने आ रही है। जहां आदिवासी अगुवा सह पलामू किला सोहराई जतरा समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह चेरो ने हाल ही में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बताया कि भाजपा की कथनी और करनी में बड़ा फर्क है, भाजपा आदिवासी दलित विरोधी पार्टी बनकर रह गई है। वहीं कुछ दिन पूर्व वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज कुमार सिंह जो भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य रहे साथ जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण पदों से इस्तीफा दिया है। हालांकि उनका कहना है कि वह अपने पद से इस्तीफा जरुर दिये है पर पार्टी की सेवा करते रहेंगे।वहीं भाजपा संगठन के कई पदों पर विराजमान रहे वरिष्ठ कार्यकर्ता एकबाल सिंह ने भी भाजपा की सक्रिय सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने कहा कि त्यागपत्र देने से पहले मैं बहुत दुखी हुआ लगभग 35 वर्ष भाजपा संगठन में रहा है और भाजपा की सेवा की है। कहा कि दो बार पंचायत अध्यक्ष दो बार कोषाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, बीस सुत्री उपाध्यक्ष सांसद के प्रतिनिधि बीस सुत्री अध्यक्ष जैसे पदों पर विराजमान रहे। कहा कि हाल के दिनों में भाजपा संगठन के रवैए से आहत हुए हैं, पहले सब सिस्टम से हुआ करता था अब तो कार्यकर्ताओं का आई वास कराकर पदों पर जबरदस्ती थोपा जा रहा है। कहा कि भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का मान सम्मान निचले पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया गया है, कोई किसी की बात नहीं सुनने वाला नहीं है। बताया कि कई और वरिष्ठ लोग भाजपा संगठन को छोड़ने वाले हैं।

## आर ई ओ व डीवीसी कार्यालय का घेराव को लेकर आजसू जारी किया प्रेस विज्ञप्ति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के केडू ग्राम में आर ई ओ विभाग के द्वारा लातेहार बाईपास रोड से केडू तक सड़क निर्माण का टेंडर हो जाने के बावजूद भी विभाग के द्वारा रोड का निर्माण नहीं कराया गया है। जिसका नतीजा है कि सड़क किचड़ में तब्दील हो गई है। जिसको लेकर आजसू सड़क पर धान का रोपाई कर नाराजगी जताई थी और 15 दिनों का अल्टिमेटम आर ई ओ विभाग को दी थी।लेकिन अभी तक निर्माण कार्य को शुरू नहीं कराया गया है जिसको लेकर आजसू 28 अगस्त को आर ई ओ कार्यालय का घेराव करेगी। उक्त कार्यक्रम की जानकारी आजसू जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी दी है। वहीं डीवीसी के खिलाफ नेवाड़ी पंचायत के ग्राम ओबर में आजसू के जिलाध्यक्ष के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में डीवीसी की नीतियों के कारण प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।जिलाध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि डीवीसी की गलत नीतियों से स्थानीय जनता को गंभीर आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि डीवीसी की गलत नीतियों को बदलने के लिए आजसू पार्टी सशक्त रूप से खड़ी है और ग्रामीणों के हक के लिए हर संभव कदम उठाएगी। इस अवसर पर पार्टी द्वारा बायोडाटा कलेक्शन अभियान की शुरुआत की गई है। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने भी डीवीसी के खिलाफ अपनी आवाज उठाई और पार्टी के इस अभियान की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि आजसू पार्टी उनके हक की लड़ाई में उनके साथ है।मौके पर अभिजीत सोनू रवि वर्मा अंकित कुमार आसिफ अली भोला ठाकुर प्रमिला देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बज्रपात से एक पशु धन की मौत

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत पुरना सिबला निवासी सुरेश उरांव की गाय को बज्रपात से मौत हो गई।इस संबंध में पीड़ित सुरेश उरांव पिता नन्हू उरांव ने बताया कि अभी खेती बारी का दिन है.चारो तरफ खेती लगा हुआ है। इसी कारण अपने गाय को घर के बगल मे चरने के लिए बांधे हुए थे। अचनाक तेज बारिश के साथ बज्रापात हो गया जिसके चपेट मे आने से मेरी गाय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गाय की मौत होने से लगभग बीस हजार का आर्थिक क्षति हुआ है। पीड़ित ने सम्बंधित विभाग से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

## मवेशी चोर को पुलिस ने पकड़ कर भेजा जेल

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से मवेशी चोरों का गिरोह सक्रिय था। जिससे प्रखंड के किसान एवं मवेशी पलक चिंतित एवं परेशान थे। प्रखंड के अलग-अलग क्षेत्र से लगातार हो रहे मवेशियों की चोरी कि सूचना मिलने पर खबर प्रकाशित करने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आई और मामले की छानबीन की। इसके बाद चोरी से पीड़ित किसानों एवं मवेशी पलकों से बातचीत के बाद कांड संख्या 38/2024 के तहत अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में अनुसंधान जारी किया। वही अपने अनुसंधान के क्रम में चोरी में उपयोग किए गए एक पिकअप वाहन समेत एक आरोपी साबिर खान उर्फ इम्तियाज को पकड़ कर जेल भेज दिया।

# हजारीबाग मे धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का त्यौहार

## कई जगहों पर मटका फोड़, राधा कृष्ण रूप सज्जा, नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**○हाथी घोड़ा पालकी : जय कन्हैया लाल की, जय श्री कृष्ण के नारे से गुंजायमान हुआ वातावरण**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हजारीबाग मे कई जगह पूजा- अर्चना का आयोजन किया गया साथ ही साथ मटका फोड़ ( दही हांडी ), राधा कृष्ण बाल रुप सज्जा, नृत्य, संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बड़ा बाजार ग्वाल टोली मिशन रोड मे अवस्थित मधुवन मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम कृष्ण सेवा संस्थान , राम सहाय गोप ट्रस्ट के द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का



आयोजन किया गया।इसमें चित्रकला,लेख,नाटक, नृत्य, बालरूप सज्जा एवं नृत्य संगीत का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजयी कलाकारों को संस्था की ओर से पुरस्कृत किया गया।

वही सदर प्रखंड के ओरिया मे यादव समाज के द्वारा दही हांडी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे कम समय मे मटका फोडने वाले टीम को पुरुष्कृत किया गया।

डोल्फिनो रिजॉर्ट मे विजय शंखनाद संस्था के द्वारा राधा कृष्ण बाल रूप सज्जा व मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

वहीं हजारीबाग के बड़कागांव रोड अवस्थित एंजेल्स हाई स्कूल परिसर में भक्ति और आस्था से परिपूर्ण होकर जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया। मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल विशेषरुप से उपस्थित हुए और अपनी मां विद्या जायसवाल, धर्मपत्नी निशा जायसवाल, पुत्र करण जायसवाल, पुत्र बधू अवंतिका जायसवाल और पौता- पौती सहित अपने परिवार एवं स्कूल परिवार के सदस्यों के साथ कन्हैया का मनमोहक श्रृंगार कर उन्हें विधि- विधान से झूले में अधिष्ठापित किया। यहां स्कूल के चारों हाउस के बीच मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मटका फोड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग के विजेता अर्थ हाउस और विजेता फायर हाउस बना वहीं बालिका वर्ग में विजेता वॉटर हाउस और विजेता एयर हाउस रहा। स्कूली बच्चों ने कृष्ण जन्माष्टमी के त्यौहार को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया और हाथी घोड़ा पालकी- जय कन्हैया लाल की, जय श्री कृष्ण के नारे खूब लगाए। यहां स्कूल बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप के नटखटपन को सामुहिक नृत्य के माध्यम से जीवंत कर सबका मन मोह लिया । मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की लोगों में भक्ति, श्रद्धा और आस्था के प्रति लोगों की चाहत बढ़ी है। उन्होंने कहा की भगवान श्रीकृष्ण हमारे आदर्श हैं और सदियों से उन्हीं के आदर्शों को आत्मसात कर हिंदू समाज के लोग आदर्श कार्य कर रहे हैं लेकिन वर्तमान कलयुग में भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों को विशेष आत्मसात करने की आवश्यकता है ।

# विष्णुगढ़ में दो ट्रकों की भिड़त में एक चालक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** वष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत भेलवारा में दो ट्रकों की आमने सामने भिड़न्त में एक ट्रक चालक की मौत हो गयी वही दूसरे ट्रक का चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया।इस सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की अहले सुबह विष्णुगढ़ हजारीबाग राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भेलवारा में ट्रक संख्या जेएच 0 2बीएन 3815 एवं ट्रक संख्या जे एच 02 डी एल 5844 में टक्कर में हो गयी ।घटना की खबर पाकर विष्णुगढ़ पुलिस चालक हमीद अंसारी मांडू रामगढ़ को विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई।गम्भीर रूप से घायल चालक हमीद को विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रार्थमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया हजारीबाग ले जाने के क्रम में रास्ते मे उसकी मौत हो गई।वही दूसरे चालक को भी बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

# चरही दुर्गा मंदिर प्रांगण में वन अधिकार समिति चरही का बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चरही दुर्गा मंदिर प्रांगण में वन अधिकार समिति चरही के तत्वधान में सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत वन पट्टा संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया बैठक का अध्यक्षता उपमुखिया चरही अभिजीत सिंह ने किया वही संचालन वन समिति के अध्यक्ष दिनेश्वर रविदास ने किया। बैठक मे अंचलाधिकारी के पंत्रांक संख्या - 121 दिनांक 7/3/024 में अंकित यादिवासी कल्याण आयुक्त झारखण्ड रांची के पत्रांक 2026 दिनांक 22/11/2023 के आलोक में वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत अबुआ बीर दिसोम अभियान के तहत निर्दिश्श प्राप्त हुआ है। जिसमें ग्रामीण जनता की भुमिका में महिलाओं को उपस्थिति अधिक होने का निर्देश प्राप्त है। बैठक मे सार्वजनिक पट्टा व व्यक्तिगत पट्टा पर चर्चा किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित वन समिति के सचिव लाल सिंह, वन समिति के सदस्य, समाजसेवी उमेश सिंह, लालचंद महतो, अजित सिंह,



जलील अंसारी, बिसनाथ महतो,गब्बर सिंह नौशाद अंसारी,भुनेश्वर रविवास, इस्तियाक अंसारी, रहमत अंसारी, मिन्हाज अंसारी, अल्लाउद्दीन अंसारी,,रामेश्वर ठाकुर,जुलेखा खातून,मंजू देवी, निरवा देवी, जुबेदा खातून,रिंकी देवी,सोनी देवी, चिंतामणि रविदास,मोबीना खातून,जवाहिर करमाली, राजा खटीक,बालेश्वर महतो,लालकु भुइया, किशोर ठाकुर, मैगनाथ करमाली,चरण रविदास सहित सेकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया गोंदलपुरा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के गोंदलपुरा पंचायत दुर्गा मंडप के प्रांगण में कृष्ण जन्माष्टमी काफी धूमधाम से बनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन और अध्यक्षता मुखिया सह मुख्य संघ के प्रखंड सचिव बासुदेव यादव ने अपने निजी खर्च से किया।

गोंदलपुरा को अगर कोई बचा सकता है तो वह यहां के ग्रामीण, यहां के युवा, यहां के माता बहन हैं। देश में दो बार भूमि अधिग्रहण कानून बनाया गया है। पहला कानून 1894 में बनाया गया है और दूसरा 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून बनाया गया है। पदाधिकारी भी ग्रामीण के साथ धोखा कर रहे हैं वह कंपनी के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं।

बाबा साहब भीम राव अंबेडकर ने एक कानून बनाया था लेकिन यहां पर दो तरह का कानून लागू हो रहा है। सरकार जमीन देती है कंपनी को किराया पर और ग्रामीणों की जमीन को सदा के लिए कंपनी को दिया जा रहा है।

अमरदीप यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



उपस्थित लोगों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का बधाई दिया। इस दौरान उन्होंने श्री कृष्ण के जीवनी पर चर्चा करते हुए उनके जीवन के अलग अलग क्षणों के बारे में बताया।

मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो , मुखिया बासुदेव यादव , उप मुखिया रवि महतो , पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, ओबीसी के प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव , आशीष चक्रवर्ती, प्रमोद महतो, परमेश्वर महतो, देव प्रकाश, बालेश्वर कुमार यादव, कामेश्वर गोप, सुबोध यादव, चंदन मेहता सहित सैकड़ो भक्तगण उपस्थित थे।

# वृद्धा आश्रम में माता-पिता को छोड़ने की बढ़ती प्रवृत्ति एक चिंताजनक विषय है : डॉ अमित सिन्हा



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ अमित सिन्हा ने सोमवार को जन्माष्टमी के अवसर पर वृद्धा आश्रम में वृद्धों के बीच फलाहार का वितरित किया एवं उनका कुशलक्षेम जाना ! उन्होंने कहा इन के सानिध्य में रहने से जीवन के अनेक महत्वपूर्ण बाते सीखने को मिलते हैं ! लेकिन आजकल, कई लोग अपने माता-पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ देते हैं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद स्थिति है। माता-पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि आर्थिक समस्याएं, समय की कमी, या अन्य परिवारिक जिम्मेदारियां। लेकिन क्या हमें अपने माता-पिता की देखभाल करने की जिम्मेदारी नहीं होनी चाहिए? माता-पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ने से उन्हें अकेलापन और अवसाद महसूस हो सकता है। वे अपने परिवार से दूर हो जाते हैं और अपने जीवन के अंतिम दिनों में अकेले रहते हैं। हमें अपने माता-पिता की देखभाल करनी चाहिए और उन्हें अपने साथ रखना चाहिए। हमें उनकी जरूरतों को पूरा करना चाहिए और उन्हें प्यार और सम्मान देना चाहिए। इस पूरे कार्यक्रम के बाद शहर डॉ सिन्हा ने हजारीबाग शहर के विभिन्न मंदिरों में हो रहे कृपासिंधु, श्री बांके बिहारी जी के पूजा में शामिल हो कर शीश नवा सम्पूर्ण क्षेतवासियो के लिए मंगलकामना किए ।

# बड़वार में धूम धाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** दारू प्रखंड के अंतर्गत बड़वार गाँव मे स्थित राधा कृष्ण मंदिर में पूरे आस्था व उल्लास के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी की तैयारी काफी दिनों से की जा रही थी। मंदिर में रंग-रोगन का काम किया गया है। यहाँ आए श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराधिका रानी का ध्यानकर आरती गायें और अपने जीवन को श्रीकृष्ण और श्रीराधा के जैसा पुनित गुण धारण करने की प्रतिज्ञा की। वही मंगलवार को सुबह में बहुत ही आकर्षक मटका फोड़ का कार्यक्रम किया जाना है।उसके बाद महाप्रसाद का वितरण कर पूजा समापन किया जाएगा। इस पूजा को सफल बनाने के लिए कमेटी गठित किया गया है। जिसका अध्यक्ष बिनय यादव, सचिव राजू यादव, कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव एंव सक्रिय सदस्य संतोष यादव, सूरज यादव,रिंकू यादव, शुभम यादव, सिकंदर यादव, नवरत्न यादव, सचिन यादव,पंकज यादव, सुरेश यादव, बीरेंद्र यादव, अप्पू यादव एंव समस्त बड़वार निवासी जन्माष्टमी के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में लगे हुए है।

# टाटीझरिया प्रखंड में रविदास महासभा का हुआ बैठक , प्रखंड अध्यक्ष बने संजय कु.रवि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** स्वामी विवेकानंद विद्यालय +2 उच्च विद्यालय परिसर में रविदास महासभा का बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग जिला अध्यक्ष विनोद कुमार और संचालन झरपो निवासी शिक्षक विजय रविदास ने किया । बैठक में समाज विकास को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा कर प्रखंड कमिटी का गठन किया गया । वही सर्वसम्मति से बेडमक्का गांव निवासी संजय कुमार रवि, पिता स्व. अमृत राम को प्रखंड अध्यक्ष,विजय रविदास



पिता रामेश्वर रविदास , राजू रविदास पिता महादेव रविदास उपाध्यक्ष,सुरेंद्र रामदीन पिता बाबूलाल राम सचिव,अजीत कुमार दास पिता जगदेव राम उप सचिव, सरजू राम पिता चितो राम कोषाध्यक्ष , अजीत कु .दास पिता कौलेश्वर राम उपकोषाध्यक्ष, अरुण राम पिता थनू राम संगठन मंत्री,श्रीकांत कुमार दास पिता महेंद्र रविदास उप संगठन मंत्री,दीपक कुमार दास पिता छोटन रविदास मीडिया प्रभारी,संरक्षक में राजेश रौशन,संजय राम,अर्जुन राम,पप्पू रविदास बेडमक्का, पसंस विनय कुमार,सरजू राम,गौतम राम,मुकेश कुमार ,बिरेंद्र कुमार पदाधिकारी गणों का चयन जिले से आए प्रमुख अधिकारी गणों के अनुशंसा पर किया गया। मौके पर मौजूद रविदास समाज के कई लोगो ने नव निर्वाचित पदाधिकारी गणों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किये।

# बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा काठ पुजा हुआ संपन्न



**○काठ पूजा हमारी परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है : ङ्क प्रमोद यादव**

**○काठ पूजा दुर्गा पूजा की शुरुआत का प्रतीक है, जो हमें मां दुर्गा की आराधना की ओर अग्रसर करती है : ङ्क सचिव दीप नारायण निषाद**

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर में भक्ति भाव का माहौल हर तरफ नजर आ रहा है सावन माह की समाप्त के बाद श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के साथ मां दुर्गे की पूजा अर्चना की तैयारी भव्य रूप से प्रारंभ हो जाती है। मां दुर्गे की पूजा अर्चना की तैयारी को लेकर शहर के बड़ा बाजार दुर्गा पुजा महासमिति के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर एक नंबर थाना स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में काठ पूजा का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ, इस विशेष पूजा का आयोजन परंपरागत रीति रिवाजों के साथ किया गया जिसमें महासमिति के पदाधिकारी सदस्य एवं स्थानीय लोग बढ़ चढ़कर भाग लिए। पूजा अर्चना पुजारी अरूप कुमार भट्टाचार्जी के द्वारा पूरी विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया। जिसमे यजमान के रूप में बाल गोविंद निषाद,लखन निषाद,संजय यादव,दिलीप सोनी एवं सचिन केसरी पूजा में यजमान के रूप में शामिल हुए। काठ पूजा, जो दुर्गा पूजा की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है, हर साल श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन संपन्न होती है। मौके पर : ङ्क अध्यक्ष प्रमोद यादव, सचिव दीप नारायण निषाद, कोर कमेटी के सदस्य ओमप्रकाश गुप्ता, शिवशंकर गुप्ता,पवन खण्डेलवाल,नरेश निषाद,बाल गोविंद निषाद,गुड्डन सोनकर,लखन निषाद,दिलीप सोनी,संजय यादव,सुशील मिश्रा,रितेश खण्डेलवाल,आशुतोष चौधरी, लक्ष्मण निषाद,पंकज कसेरा,राजकुमार,अभय निषाद, सचिन केशरी,सुजल,सहित,सागर जी कई महासमिति के सदस्यगण उपस्थित थे। यह जानकारी महासमिति के मीडिया प्रभारी प्रमोद खण्डेलवाल ने दी।

# बासुदेव ऑटोमोटिव ने विष्णुगढ़ में खोला टाटा मोटर्स का शोरूम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में आज पहली बार टाटा मोटर्स शोरूम का भव्य उद्धघाटन विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास एवं विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सागेन मुर्मू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने कहा कि आज बड़ी खुशी की बात है,कि विष्णुगढ़ में पहली बार किसी चारपहिया वाहन का शोरूम खुला है,और उसके उद्धघाटन का अवसर मुझे मिला इसके लिए आप सबो का बहुत-बहुत धन्यवाद। शोरुम के मैनेजर रवि शर्मा ने जानकारी देते



हुए बताया कि 24 सालों का भरोसा अब विष्णुगढ़ में,विष्णुगढ़ में बासुदेव ऑटोमोटिव के द्वारा खोला गया टाटा मोटर्स का शोरूम ।विष्णुगढ़ को मिलाकर झारखंड में बासुदेव ऑटोमोटिव के कुल 9 शोरुम हो चुके हैं।हमारे विष्णुगढ़ ब्रांच में टाटा की सभी प्रकार की गाड़ियां उपलब्ध है। इस मौके पर मुख्य रूप से ओमप्रकाश सोनी, बिरजू कसेरा,सुखदेव

# राधा-कृष्ण मंदिर ग्वालटोली मथुरानगर में धूम-धाम से मना जन्माष्टमी का त्योहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग बॉडम बाजार ग्वाल टोली मथुरा नगर स्थित राधा-कृष्ण शिव परिवार पंचमुखी हनुमान मंदिर में सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था से परिपूर्ण होकर जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया।

मंदिर कमिटी द्वारा मंदिर को आकर्षक रूप में सजाया गया। उसके बाद लड्डू गोपाल को मनमोहक श्रृंगार कर उन्हें विधि-विधान से झूले में अधिष्ठापित किया गया। जिसके बाद महंत अजय पांडे द्वारा विधि विधान से मंत्रोचरण के साथ पूजा संपन्न कराया गया। पूजा में जजमान के रूप में मनीष कुमार मुन्ना, कैलाश यादव, विराट यदुवंशी, शीला देवी, रीना कुमारी, शनाया कुमारी, कुणाल यादव, सुमन वर्मा शामिल हुए। पूजा के बाद भक्तों द्वारा लड्डू-गोपाल को भक्ति गीतों संग झूमते-गाते भक्तों ने झूला झुलाया और भोग लगाया।



भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में कृष्ण जन्माष्टमी के त्यौहार को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया और हाथी घोड़ा पालकी-जय कन्हैया लाल की, जय श्री कृष्ण के नारे खूब लगाए।

रात्रि में 8 बजे से मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी उसके बाद मंडली द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जो रात्रि 11¬45 तक चला। 12 बजते हीं मंदिर में शंख और घंटी की आवाज गूंजने लगी और फिर श्री कृष्ण का आगमन हुआ जिसके बाद महाआरती की गई। उसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# केरेडारी और बड़कागांव के कई गांवों में कीर्तन में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी और बड़कागांव प्रखण्ड क्षेत्र में भगवत भक्ति की बहार बही। श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के साथ क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में 24 घंटे का अखंड श्री हरि कीर्तन का आयोजन जगह-जगह पर हुआ। सोमवार को इस अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी और बड़कागांव प्रखंड के कई गांव का सघन दौरा किया और ग्रामीणों के साथ हरे कृष्णा हरे राम संकीर्तन में शामिल होकर उनका उत्साहवर्धन किया ।

सांसद मनीष जायसवाल ने इसकी शुरुआत केरेडारी प्रखंड स्थित ग्राम गर्रीकला के

महुवा चौक स्थित शिव मंदिर से किया। जिसके बाद ग्राम जमीरा के जमीरा मंदिर, पेटो पंचायत के भदईखाप के सती चौरा अवस्थित



सतबहनी माता स्थान में आयोजित अखण्ड श्री हरि कीर्तन में शामिल हुए। तत्पश्चात ग्राम जोरदाग पहुंचकर यहां कार्यरत एनटीपीसी की संवेदक एजेंसी बीजीआर द्वारा इस क्षेत्र के सरकारी पथ मुख्य मार्ग को काटकर अवरुद्ध करने का कुत्सित प्रयास किया गया जिसका निरीक्षण कर जायजा लिया। स्थानीय लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा की जल्द ही संबंधित मदर कंपनी एनटीपीसी के अधिकारियों से वार्ता करेंगे और जनहित में ऐसे पथों को अवरुद्ध होने से बचाएंगे। सरकारी पथों को अवरुद्ध करने का अधिकार किसी को नहीं है। यहां से बड़कागांव के गोंदलपूरा पंहुचे जहां श्रीकृष्ण हरि कीर्तन में शामिल हुए। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल का सभी गांवों के लोगों ने सामूहिक रूप से गर्म जोशी से जोरदार स्वागत किया और अपने क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत कराया। सांसद मनीष जायसवाल ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी समस्याओं को लेकर संवेदनशील हूं और जल्द ही निराकरण का पूर्ण प्रयास करूंगा ।

मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता अनिल मिश्रा, जय नारायण प्रसाद, समाजसेवी सत्येंद्र सिंह, केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, उपेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह ,नरेश महतो, प्रयाग महतो, अमित गुप्ता, बद्रीनारायण सिंह, बाल गोविंद सोनी, सावित्री देवी, जगदीश सिंह, बैजनाथ तिवारी, भुवनेश्वर साव, राजेंद्र सिंह, पंकज शाह, निर्मल राम, शंभू कुमार, राजू साव, शेर सिंह, मुखिया कौशल्या देवी, रंजीत कुमार, बड़कागांव भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, श्रीकांत निराला, मुखिया बासुदेव गोप, नरसिंह प्रसाद, किशोर राणा, कैलाश राणा, शिव कुमार शिबू, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# प्रवासी मजदूर विनोद यादव की नागपुर में मौत,सदमे में पूरा परिवार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अलपिटो पंचायत के करमाटांड़ निवासी 32 वर्षीय विनोद यादव पिता प्रयाग यादव की नागपुर के पाण्डुराना में एक बस दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो गई। घटना के संदर्भ में बताया गया कि विनोद विगत 15 वर्षो से नागपुर में फर्नीचर का कार्य करते थे। शनिवार को बस से कार्यस्थल पर जाने के दौरान बस गहरी खाई में गिर गई, जिसमें बस में यात्रा कर रहे लगभग 39 लोग घायल हुए और 16 लोगों की हालत गंभीर बताई गई। वहीं पांच लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी, जिसमें विष्णुगढ़ प्रखंड के विनोद यादव भी शामिल थे। दुर्घटना के बाद विनोद यादव को घटनास्थल से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था, उसी दौरान उनकी मृत्यु हो गई। नागपुर से एंबुलेंस सेवा द्वारा शनिवार को मृतक का शव अपने पैतृक गांव पहुंचते ही परिजनों की चितकार से पूरा गांव शोक में डूब गया। शव को देखते ही पत्नी का बुरा हाल था। वहीं मां के आंसू



और पत्नी के चित्कार से पूरा गांव दहल उठा। मृतक की एक तीन वर्षीय बच्ची भी है, वहीं इनके दादा का कहना है कि घर संसार चलाने के लिए वह एकमात्र घर का युवक था। घटना की जानकारी के बाद शोक संतृप्त परिजनो से मिलने अलपिटो पंचायत के पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक, पूर्व पंसस महेश यादव और अशोक यादव ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

## प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का जिला अध्यक्ष जोया परवीन ने किया स्वागत



रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का रामगढ़ जिला के चितरपुर स्थित पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर के कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी का अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष जोया परवीन सहित अल्पसंख्यक नेताओं ने माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का लगा हुजूम लोगों ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को बुके भेंट कर बधाई दी जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने अपने वक्तव में कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने को लेकर जोर देते हुए कहा सबको साथ लेकर चलें और पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को ज्यादा से ज्यादा मजबूत करें। इस दौरान मो आशिक, सब्बीर अंसारी,मोहसिन अंसारी, मोइन अंसारी, शफीक अली, रियाजुद्दी, शमीम सहित कई उपस्थित थे।

## हिंदुओं के त्यौहार में हेलमेट के नाम पर वसूली गलत है : राजेश ठाकुर



रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा नेता राजेश ठाकुर ने बताया कि रामगढ़ में मोटरसाइकिल हेलमेट चेकिंग के नाम पर यातायात पुलिस के द्वारा रामगढ़ में मनमर्जी अवैध स्कूली की जा रही है इससे रामगढ़ के लोग बहुत परेशान है श्री ठाकुर ने बताया कि यातायात पुलिस की आडियल रवैया रामगढ़ के व्यापारी वर्ग दुकानदार वर्ग परेशान है हर रोज मोटरसाइकिल चेकिंग से रामगढ़ के नजदीकी आवागमन से यहां के व्यापार में भी काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है श्री ठाकुर ने बताया कि हिंदुओं के त्यौहार में भी मोटरसाइकिल चेकिंग की जाती है इसके हम घोर निंदा करते हैं त्यौहार में चेकिंग करने के नाम पर वसूली और लोगों को परेशान करने की मानसिकता पुलिस विभाग की अच्छी संकेत नहीं है झारखंड सरकार के संरक्षण में मोटरसाइकिल वाहनों की चेकिंग कर वसूली की जा रही है हेलमेट सुरक्षा की दृष्टिकोण से अच्छी है लेकिन इसके नाम पर वसूली गलत है श्री ठाकुर ने कहा कि इस मामले को लेकर जिला के पुलिस अधीक्षक से जल्द लिखित शिकायत करूंगा।

## माँ के नाम एक पेड़ के तहत कई फलदार पेड़ लगाए गए



भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता): जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर गरीब समाजसेवी संघ भुरकुंडा के द्वारा खेपा आश्रम के बगल में माँ के नाम एक पेड़ के तहत कई फलदार पेड़ लगाए गए। अशोक कुमार चौहान ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को माँ के नाम एक पेड़ लगाना चाहिए , क्योंकि तापमान को कम करने के लिए पेड़ लगाना जरूरी है। हर व्यक्ति को उसके माँ ने उसको जन्म दिया है, यदि माँ जीवित है,तो भी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाने पर वह खुश होगी, यदि माँ का स्वर्गवास हो गया है, तो भी उसकी आत्मा खुश होगी। मेरे पुत्र/पुत्री ने पर्यावरण को बचाने के लिए मेरे नाम का एक पेड़ लगाया।इस सफल बनाने मे ~ अशोक कुमार चौहान, दिनकर सिंह, सुभाष करमाली, बिनोद साव, कुणाल कुमार, विजय कुमार, जीत राम, अमन चौहान, सुरजीत सिंह,केसी दास, राजेंद्र मुंडा,लीला कुमारी,पिंकी देवी इत्यादि।

## दुर्घटनाग्रस्त वाहन से चावल की चोरी मामले में दो गिरफ्तार

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): 25 अगस्त की सुबह में चूटूपालू घाटी रामगढ़ में एकएन चावल लदी ट्रक नं0 सीजी 14एमके 0417 पलटी हुई थी। जिसकी देख-रेख वाहन चालक के द्वारा किया जा रहा था। वाहन देख-रेख के क्रम में 25 अगस्त की रात्रि में वाहन चालक की आंख लग गया तो वह सो गया। जब आंख खुली तो देखा कि किसी के द्वारा ट्रक के त्रिपाल को खोलकर चावल की बोरी को निचे गिराया गया है तथा वाहन काकार्यक्रम दोनो बैट्री गायब है। इसपर चालक वहीं छुपकर पलटी हुई वाहन पर नजर रखने लगा। इसी बीच तीन व्यक्ति स्कूटी पर सवार होकर आये तथा दोनों व्यक्ति सड़क के किनारे खड़ा होकर पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी एवं अन्य वाहनों पर नजर रखने लगे तथा एक व्यक्ति ट्रक पर चढ़कर चावल की बोरी को नीचे गिराने लगा तथा वाहन का हाईड्रोलिक मशीन को उठाकर स्कूटी पर रख दिया। इसके बाद तीनो व्यक्ति मिलकर जमीन से चावल की बोरी को उठाकर स्कूटी पर लोड करने लगे। इसी बीच वाहन चालक चोर-चोर का हल्ला करते हुए रास्ते में चलने वाली अन्य वाहनों के चालको के सहयोग से भाग रहे तीनो व्यक्तियों में से दो व्यक्ति को पकड़ लिया गया। उसी दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी वहां पहुंच गयी तथा पकड़े दोनो व्यक्ति को अपने कब्जे में लेते हुए नाम-पता एवं आवश्यक पूछताछ किया गया। जिसपर दोनो व्यक्ति द्वारा चोरी करने की बात स्वीकार की गयी। उनकी निशानदेही पर वाहन से चोरी की गयी दो बैट्री को बरामद किया गया। इस संबंध में रामगढ़ थाना में काण्ड सं0-248/2024 दर्ज किया गया। पकड़ाये दोनों व्यक्ति को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। छापामारी दल में पुअनि आशुतोष कुमार सिंह, पुअनि बीरबल हेम्ब्रम, सअनि सुजीत कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता): गोला प्रखंड के मगानपुर में लालदेव रजक की अध्यक्षता और संचालन निरंजन महतो की उपस्थिति में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का बैठक आहुत किया गया ,मुख्य रूप से प्रदेश संघर्ष मोर्चा के राज्य सदस्य सह सामुदायिक सहायक अध्यापक संघ के उतरी छोटानगपुर प्रमंडल अध्यक्ष भागवत तिवारी उपस्थित हुए ,, सभी सदस्यों ने बारी बारी से कहा कि इस बार किसी भी प्रकार से आकलन पास और बाकी वर्ग के सहायक अध्यापक के साथ 28.08.2024 के वार्ता में आवश्यक रूप से बात को रखे तथा सबको सबका अधिकार मिले की पहल करे । भागवत तिवारी जी के नेतृत्व में संघर्ष मोर्चा का गठन किया है जिसमें प्रदेश के साथी शकील अहमद और वीरेंद्र राय समेत बहुत सारे अगुवा साथी ने सहयोग की यही सोचकर कि अब 62 हजार के साथ न्याय होना चाहिए सबको सबका अधिकार मिलना चाहिए ,आप सभी ने जिस उद्देश्य के साथ मोर्चा का गठन किया है उस उद्देश्य का पूर्ति करे और सबको सबका अधिकार दिलवाने में सहयोग करे । 28इ08 इ2024 को वार्ता में प्रमुखता से राज्य के 62 हजार को लाभ मिले इसकी पहल शिक्षा मंत्री के समक्ष करे । इस बीच भागवत तिवारी ने कहा कि किसी भी वर्ग के साथ गलत नहीं होगा सबको सबका अधिकार मिलेगा ऐसा विचार कर मोर्चा काम कर रही है तथा आगामी बैठक में मोर्च के सदस्य मजबूती के साथ राज्य के 62 हजार को लाभ मिले इसको लेकर प्रमुखता से बातो को रखने का कार्य करेंगे । हमारे वार्ताकार सभी साथी सबको सबका हक और अधिकार मिले की पहल करते है आगे भी करेंगे । अगर सरकार ईपीएफ ,कल्याण कोष , अनुकंपा , शहरी क्षेत्र के 4त्न इंक्रीमेंट ,सेवा संपुष्टि को शिथिल तथा महत्वपूर्ण मांग राज्य के 62 हजार को वेतनमान / समतुल्य मानदेय नहीं दिया गया तो आने वाले चुनाव में वर्तमान हेमंत सरकार के वादा खिलाफी का विरोध करने तथा होने वाले विधान सभा चुनाव में इनको अपना मत नहीं देंगे ।

# संजय बेदिया हत्या मामले में पांच गिरफ्तार





प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : 23 अगस्त की रात्रि संजय बेदिया को ग्राम तिलैया कुज्जू ओपी के पास अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस संदर्भ में कुज्जू ओपी में प्राथमिक दर्ज कर काण्ड का अनुसंधान प्रारंभ किया गया। मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता के मद्देनजर काण्ड के त्वरित उद्भेदन एवं अज्ञात अपराधकर्मियों के गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा कार्रवाई करने पर पता चला कि करीब 1 वर्ष पूर्व धर्मेन्द्र बेदिया भारतमाला प्रोजेक्ट एवं अन्य सरकार द्वारा अधिगृहित जमीन के एवज में 3 करोड़ रूपया की राशि प्राप्त हुआ था। जिसमें मृतक संजय बेदिया को कम राशि दिया गया था। जिसमें मृतक द्वारा और अधिक अपने हिस्से की राशि की मांग किया जाता था। परंतु धर्मेन्द्र बेदिया पैसा देना नहीं चाहता था। जिस कारण धर्मेन्द्र बेदिया द्वारा संजय बेदिया की हत्या करवाने के उदेश्य से अपने फुफेरा भाई सुभाष बेदिया जो ग्राम खफिया बरकाकाना का रहने वाला है तथा अपराधी प्रवृति का है एवं अपराधकर्मियों के संगत में रहता है। सुभाष बेदिया द्वारा धर्मेन्द्र बेदिया को बताया गया कि जमीन मुआवजा की राशि 2 करोड़ रूपया मिलने की बात संजय को बताना है। शेष 01 करोड़ 12 लाख रूपया हमदोनों आपस में बाटेंगें। संजय बेदिया की हत्या करवा देने से फिर किसी प्रकार का विवाद नहीं रहेगा। जिसके लिए 02 लाख रूपया देना होगा। जिसपर धर्मेन्द्र बेदिया राजी हो गया और करीब 25,000 रूपया सुभाष बेदिया को अग्रीम राशि दे दिया। 23 अगस्त को घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से सुभाष बेदिया अपने सहयोगी अपराधकर्मी करण उरांव, अमन कुमार ठाकुर एवं उमेश बेदिया 2 मोटरसाईकिल से ग्राम बोंगावार के पास पहुंच कर धर्मेन्द्र बेदिया को बुलाकर योजना तय किया। अमन कुमार ठाकुर ने संजय बेदिया को कल्याण विभाग का अफसर बताकर फोन किया तथा नयामोड़ आकर मिलने को कहा। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया की नयामोड़ पर हीं धर्मेन्द्र बेदिया ने शूटर अमन ठाकुर, करण उरांव और सुभाष बेदिया के समक्ष संजय बेदिया की पहचान करा दिया। उसके बाद अपराधकर्मी भाग निकले। अनुसंधान के क्रम में धर्मेन्द्र बेदिया से सघन पूछताछ करने पर उन्होंने अपना अपराध स्वीकार करते हुए पूरे घटनाक्रम को बताया तथा उसके निशानदेही पर करण उरांव एवं अमन कुमार ठाकुर को घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल के साथ तथा धर्मेन्द्र बेदिया, सुभाष बेदिया, करण उरांव की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल एवं गोली जिसे उमेश बेदिया के पास छिपाकर रखा था को बरामद किया एवं घटना में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार किया गया।छापामारी दल में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मांडू अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश लिण्डा, कुजू ओपी प्रभारी दिगम्बर पाण्डेय, मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानन्द कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी मो अख्तर अली, पुअनि संजय हेम्ब्रम, तकनीकी शाखा, रामगढ़ एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है : पवन कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के गोला प्रखंड का कमेटी विस्तार गुनगुन पैलेस डाक बंगला में जिला अध्यक्ष देवानंद महतो की अध्यक्षता तथा संचालन जिला प्रवक्ता पांडव कुमार महतो के द्वारा की गई। गोला प्रखंड कमेटी विस्तार करते हुए अध्यक्ष पद हेतु अशोक चक्रपाणि, उपाध्यक्ष रितु लाल महतो कामदेव करमाली, विश्वजीत कुमार महतो, नेपाल महतो, अर्जुन महतो, रिंकू कुमार ,मिथुन थानदार ,बसंत कुमार, हीरालाल महतो, संगठन सचिव इंद्रदेव कुमार, मोहम्मद तौफीक सैफ अंसारी, धर्मनाथ महतो, कुलेश्वर साव, राजेंद्र मांझी, संगठन महासचिव धीरेंन महतो, संतोष करमाली ,नीलकंठ महतो ,रहमत अंसारी ,सरोज कुमार, सचिव किशोर महतो, नवाजी संसारी, कमल प्रसाद, शिशुपाल महतो, तेजू महतो, अमर पटेल ,मिथिलेश रजवार, सहसचिव विनय कुमार महतो, रंजीत कुमार महतो ,मंजेश कुमार महतो, प्रवक्ता कपिल देव महतो, कोषाध्यक्ष देव चरण महतो, भागीरथ थानदार, मीडिया प्रभारी महावीर महतो, निखिल रजक ,प्रकाश कुमार महतो मिथुन साव को सर्व समिति से बनाया गया है सभी ने अपना दायित्व बखूबी से निभाने की बात कही है, केन्द्रीय उपाध्यक्ष आदरणीय श्री पवन कुमार ने कहा की टाइगर जयराम महतो के हाथों ही झारखंड का विकास संभव है और अभी सभी वर्ग के लोगों को एक साथ मिलकर टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करें। इस कमेटी विस्तार में मुख्य रूप से पवन कुमार, पनेश्वर महतो, सुदर्शन महतो, संतोष चौधरी,संतोष टिडुवार, जिला अध्यक्ष देवानन्द महतो, कुशवाहा पंकज महतो , डा. राजेश महतो, पांडव महतो, ओम प्रकाश आदि थे ।

# अंतरराज्य बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ (पतरातू) : 25 अगस्त को समय करीब 11 बजे रात्रि में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली कि पतरातू थाना क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस चौक के पास अंतरराज्य मोटरसाईकिल चोर गिरोह संदिग्ध हालत मे घूम रहे हैं। जो किसी घटना को अंजाम देने की फिराक मे है। उक्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा एसडीपीओ पतरातू वीरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर उक्त स्थान में छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान एक बाईक पर सवार दो युवक पुलिस गाड़ी को देखकर भागने लगे। जिन्हें छापामारी दल के द्वारा खदेड़कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उक्त दोनों युवक ने अपना नाम राजा पाल उर्फ राजा बंगाली, राहुल कुमार बताया। पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जबाब नहीं दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया की दोनों युवक स्पेलेण्डर मोटरसाईकिल न0 जेएच01 डीएच 0590 पर सवार थे । जिसकी कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया। उक्त दोनों युवक का पूर्व गतिविधि का सत्यापन किया गया तो पाया गया कि राजा पाल उर्फ राजा बंगाल पूर्व में रांची जिला से मोटरसाईकिल चोरी के केस मे जेल जा चुका है। जो कुछ दिन पहले ही जेल से जमानत पर छुटकर बाहर निकला है। मोटरसाईकिल चोरी के केस के अलावे पोक्सो, रंगदारी तथा आर्म्स एक्ट के केस मे भी आरोपित रहा है। जब राजा पाल से गहराई से पूछताछ किया गया तो बताया कि ये दोनो मोटरसाईकिल चोरी करने का काम करते है। यह स्पेलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल रिम्स रांची से चोरी कर तीन दिन पहले लाये है। पूछताछ करने पर बताया कि एक स्पेलण्डर मोटरसाईकिल अटल भेंडर कचहरी रोड रांची से चोरी किया हुआ तथा सेवा सदन रांची के पास से चोरी किया हुआ एक स्कूटी भी ये पटना पैथोलॉजी के पास खाली पड़ा हुआ क्वार्टर में छिपाकर रखे हुए है। इनके बताये अनुसार उक्त स्थान से एक स्पेलेण्डर मोटरसाईकिल एवं एक स्कुटी को भी बरामद किया गया। इस संदर्भ में उक्त दोनो अभियुक्त के विरूद्ध पतरातू थाना में प्राथमिक दर्ज कर जेल भेज दिया गया। छापामारी दल मे एसडीपीओ पतरातू विरेन्द्र कुमार राम, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, पुअनि प्रदीप कुमार रजक एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## यादव समाज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर झांकी के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाला



प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : यादव समाज के लोगो ने सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर पटेलनगर स्थित राधा कृष्ण मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाला। शोभा यात्रा में लोग भगवान कृष्ण से जुडे भजनों पर नाचते गाते और राधे राधे, जय श्रीकृष्ण व जय यादव जय माधव के जयघोष करते थाना मैदान पहुंचे। जहां खीर का प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हो गया। इसेक पूर्व पटेलनगर सीसीएल कॉलोनी स्थित राधा कृष्ण ठाकुर बाड़ी मंदिर परिसर से सोमवर को सादव समाज के लोगो ने सामुहिक रूप से विधि विधान के साथ पुजा किया। पुजा के बाद अखंड ज्योत लेकर झांकी निकाली गई। शोभा यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर शहर के पेट्रोल पंप, पूरनराम चौक, बिरसा चौक, मेनरोड, संकट मोचन मंदिर होते हुए थाना ग्राउंड काली मंदिर परिसर पहुंचा। जहां खीर के प्रसाद वितरण किया गया। इसके पूर्व राधा कृष्ण मंदिर में पुजा अर्चना बाहर से आये कलाकारों ने राधा, कृष्ण, सुदामा और बासुदेव की जीवंत आकर्षक झांकी के साथ भ्रमण किया। शोभा यात्रा के दौरान पूरे रास्ते कृष्ण भक्त भक्ति गीतों के साथ राधे राधे, जय श्रीकृष्ण व जय यादव जय माधव के जयघोष से पुरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा में खास कर छोटे छोटे बच्चों का उत्साह देखने को मिला जो हाथों में पीले झंडा लिए पूरे यात्रा में थिरकते नजर आए। मौके पर गिरधारी गोप, अमरदीप यादव, हृदयानंद यादव, नेपाल यादव, धनंजय यादव, कन्हैया यादव, शंकर यादव, रामविलास यादव, सत्येंद्र यादव, संतोष यादव, धर्मेंद्र यादव,सहित सैकड़ो यादव परिवार के लोग शामिल थे।

## डांडी पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

गिददी : डांडी पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों की सोमवार को एक बैठक की गई। जिसमें खुशी जाहिर किया गयाकि हमलोग जो बात रखे कि चारकोल और उसके रद्दी केमिकल से जो डायवरर्सन बनाया जा रहा है उसे तुरंत बंद किए जाय और मिट्टी पत्थर से निर्मित किया जाय। क्योंकि चारकोल के गंदे पानी से मनुष्य के साथ साथ जानवर भी हो रहे थें प्रभावित जिससे कई बीमारी फैलने से ग्रामीणों ने रोका कुछ राजनीतिक दल के लोग अपना अपन पोजीशन बनाने में दो तीन दिनों तक लगें रहे लेकिन अततः ग्रामीणों की जीत हुई जिससे खुशी का माहौल है । और मिट्टी पत्थर से बनकर डायवरर्सन का निर्माण विभाग के द्वारा कराया गया। मुखिया लखन लाल महतो ने कहा कि सवेदक और कुछ तथा कथित नेताओं के मिलीभगत से डायवरर्सन बनाने में आयरन स्पंज फैक्ट्रियों से चारकोल और उसके गंदे केमिकल से बनाने लगा जिसको ग्रामीणों ने विरोध किया की चारकोल और गंदे केमिकल से बनने नही देंगे। मिट्टी और पत्थर से डायवरर्सन बनाया जाय।लेकिन उनलोगों ने अपने जिद पर अड़ गए कि बनेगा तो इसी से और धरना प्रदर्शन पर बैठ गए यह किसी से छिपा नहीं है जबकि मै विभाग के अभियंता के साथ साथ उच्चस्तरीय पदाधिकारियों से संपर्क किया और बात किए तब सवेदक के द्वारा मिट्टी और पत्थर सेडायवरर्सन बना। कुछ लोग अफवाह फैला रहें हैं कि मेरे पहल से बना हैं तो यह देखने की चीज है की डायवरर्सन चारकोल से बना है कि मिट्टी पत्थर से यदि चारकोल से बना है तो निश्चित उन लोगों का पहल है और यदि मिट्टी पत्थर से बना है तो वह ग्रामीणों की विरोध का पहल है। इस मौके पर ग्रामीणों में महेश ठाकुर अर्जुन महतो तहसीन कवर राजू महतो सुबोध महतो असलम अंसारी राजेश्वर महतो मदन महतो धनेश्वर महतो पंकज महतो नीरज ठाकुर सहित सैकडों लोग उपस्थित थे ।

## आजसू द्वारा फुटबॉल ग्राउंड में प्रखंड स्तरीय फुटबॉल एवं बॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया गया आगाज



प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ छावनी क्षेत्र में युवा आजसू के तत्वाधान में फुटबॉल ग्राउंड में प्रखंड स्तरीय (फुटबॉल एवं बॉलीबॉल) खेल-खुद प्रतियोगिता का आगाज किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के द्वारा राष्ट्रगीत के साथ एवं हवा में गुब्बारे का गुच्छा उड़ाकर मैच का शुभारम्भ किया गया। साथ ही इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को खेल के मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और खेल भावना को जीवंत के लिए सभी को शुभकामनाएं दिया गया। साथ ही समाजसेवी सह युवा नेता पियूष चौधरी का उपस्थित रहे। तथा खिलाड़ियों से उनका परिचय प्राप्त किया गया एवं सभी खिलाड़ियों का हौसलावर्धन किया गया। इस कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो इस कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल खुद प्रतियोगिता के नेतृत्वकर्ता रामगढ़ जिला सह प्रभारी एवं छावनी परिषद के प्रभारी रोहित सोनी ,संचालनकर्ता नितिश कुमार दांगी , नगर संयोजक अजय पांडे, सतीश कुशवाहा, अंकित अग्रवाल, अजीत गुप्ता, कुणाल महतो, जयप्रकाश मानकी, अमित कुमार, इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन मनोज महतो , मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे फुटबॉल एसोसिएसन सी. डी सिंह, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, सचिव नीरज मंडल, कार्यकारणी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, उपाध्यक्ष मीरा देवी, शिवम् पिल्लई, संजय सिंघानिया, बिट्टी सिंह,पंकज वर्णवाल,लालू शर्मा एवं सैकड़ों लोग उपस्थिति रहे।

## भाकपा-माले मासस रामगढ़ प्रखंड के कार्यकर्ताओं की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : भाकपा-माले, मासस रामगढ़ प्रखंड के कार्यकर्ताओं की बैठक नई सराय में संपन्न हुई। बिजेंद्र प्रसाद,सरयू बेदिया के अध्यक्ष मंडल में तथा मुख्य अतिथि कॉ0 भुनेश्वर बेदिया व देवकीनंदन बेदिया उपस्थित थे।बैठक में अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार भाजपा की सरकार दस वर्षो से लगातार लोकतंत्र की हत्या करते हुए फासीवादी शासन चला रही है। जिसके खिलाफ भाकपा-माले आंदोलन को तेज करेगी। अगामी 9 सितंबर को धनबाद में आयोजित एकता रैली में इस रामगढ़ प्रखंड से 200 लोग भागीदारी लेंगे जिसमें हेसला -100, महुआडांड़ -30,मनुआ -20,छत्तरलोधमा-10,मरार -20, रामगढ़ शहर-10, अरगड्डा- सिरका 20,लोदरोबेडा -25 लोगों को गोलबंदी व भागीदारी कराने की जिम्मेदारी दी गई है।बैठक में कामरेड बंशी बेदिया, रसीद अंसारी, लालमोहन मुंडा, शैलेन्द्र बेदिया, अनोद बेदिया, जगदीश बेदिया, लाल कुमार बेदिया,मोदी बेदिया, माथुर राम, रिझन बेदिया, धनेश महली, मो0 फैजल, मो0 शफीउनल्ला, राजेन्द्र राम अशोक भुइंया, रुदल राय, कामेश्वर महतो, खिलेश्वर बेदिया, चन्द्रिका राम, छोटेलाल बेदिया अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### रैयत विस्थापित मोर्चा ने उरीमारी पीओ को सौंपा पांच सुत्री मांग पत्र

# विस्थापितों का प्राथमिकता के आधार पर रोजगार सुनिश्चित करें आशीर्वाद कंपनी : बिनोद हेम्ब्रोम



प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : उरीमारी परियोजना कार्यालय में सीसीएल प्रबंधन उरीमारी,आशीर्वाद कंपनी एवं रैयत विस्थापित मोर्चा उरीमारी शाखा के बीच पांच सूत्री मांग को लेकर सोमवार को परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार के साथ सकारात्मक वार्ता हुई। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने की। रैयत विस्थापित मोर्चा की ओर से सीसीएल प्रबंधन को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपी गई। जिसमें उरीमारी परियोजना के अंतर्गत आउटसोर्सिंग कंपनी में ग्राम पोटंगा के 12 टोला के सभी बेरोजगार विस्थापितों को प्राथमिकता के आधार पर शत प्रतिशत रोजगार दिया जाय ताकि यहां से कोई बेरोजगार विस्थापित दूसरे स्थान पर पलायन न कर सके। ग्राम भुरकुंडवा एवम रस्काटोला के विस्थापित ग्रामीणों के लिए नदी एवं शमशान घाट आने जाने का रास्ता बनाया जाय। खाता संख्या नं 78 भूमि के एवज में नौकरी और मुआवजा दिया जाय।विस्थापितों को बैठने के लिए शेड बनाया जाय। ग्राम पोटंगा के गंधौनियां टोला में दो चबूतरा का निर्माण,क्लब घर का मरम्मत एवम गंधौनिया के चारो ओर बाउंड्री को मरम्मत कर रंग रोगन किया जाय। उपरोक्त पांच सूत्री मांग पर उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि विस्थापितो की समस्यायों पर सकारात्मक पहल किया जाएगा। वहीं इस बैठक में सीसीएल प्रबंधन की ओर से एम पी गुप्ता (ई एंड एम),नीतीश (एल एंड आर),चंदन कुमार (पी ई सिविल) आशीर्वाद कंपनी की ओर से दिवाकर प्रसाद विश्वकर्मा, रैयत विस्थापित मोर्चा के बरका सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज बेसरा,क्षेत्रीय सचिव मोहन सोरेन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सह झामुमो नेता सह विस्थापित नेता संजय करमाली, रैयत विस्थापित मोर्चा उरीमारी शाखा सचिव बिनोद हेम्ब्रोम,शाखा उपाध्यक्ष राजकुमार हेंब्रम, पोटंगा पंचायत उप मुखिया रविन्द्र सोरेन,साहेबराम बेसरा,अजय करमाली,पंकज हेंब्रम, आनंद बेसरा,मनोज उरांव, नरेश बेसरा, नरेश हंसदा, सुरेश टुडू,प्रदीप बेसरा, सूरज बेसरा, रमेश हंसदा, राम बेसरा,सोमरा मांझी, महादेव टुडू, राजेश सोरेन, विजय टुडू, संजय मुंडा, रमेश मुंडा, संतोष टुडू, प्रसाद पावरिया, मुनालाल सोरेन, रमेश सोरेन,रिंकू करमाली,राजू करमाली, गणेश करमाली, दहा मांझी,संदीप करमाली, अनिल बेसरा, संजय हेंब्रम,अजय हेंब्रम, विजय सोरेन, अजय मरांडी, जयपाल सोरेन, अविनाश सोरेन, राहुल सोरेन,गुप्ता सोरेन, राजू टुडू, जुगल सोरेन सहित कई लोग शामिल थे।

## सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोपीनाथडीह ग्राम स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में ÷स्वस्थ शरीर स्वस्थ समाज÷ अभियान के तहत एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह द्वारा किया गया। हरेंद्र सिंह ने बताया की इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं समाज में कैंसर के लक्षण, बचाव के उपाय और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके प्रारंभिक स्तर के निदान को प्रोत्साहित करना है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठाया। हरेंद्र सिंह ने सभी सहयोगियों, डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों को धन्यवाद दिया और भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन के लिये आश्वस्त किया।

## श्री दुर्गा पूजा समिति का किया गया गठन लगातार छठा बार बने धीरेन्द्र कुमार अध्यक्ष



**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शारदीय नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर श्री दुर्गा शक्ति मंदिर के प्रांगण में रविवार को बगोदर वासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री आन्नद चौरसिया के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। 3 अक्टूबर से प्रारंभ शारदीय नवरात्रि एवं दशहरा मेले को सुरक्षित व व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए पुर्व के ही समिति का विस्तार किया गया जिसमें सर्वसम्मति से पुनः धीरेन्द्र कुमार को अध्यक्ष, सुभाष साव उपाध्यक्ष राजेश चौरसिया उप कोषाध्यक्ष सोनु गुप्ता सचिव सुमित चौरसिया एवं लेखाकार कुंदन सिन्हा को दायित्व सौंपा गया इसके अलावा एक सौ कार्यसमिति सदस्य बनाये गए।बैठक में ओम प्रकाश गुप्ता, गुरूचरण साव, सत्यनारायण प्रसाद, संजय चौरसिया, भोला वर्नवाल,अशोक चौरसिया, दिलिप साव, पवन कुमार, दिलिप बिंद, रुपेश गुप्ता, मुन्ना गुप्ता, रितेश चौरसिया, अमितेश वर्नवाल,संजय भगत अर्जुन स्वर्णकार समेत सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

## जन्मदिन के मौके पर रणविजय सिंह ने किया मां लिलोरी मंदिर में किया पूजा अर्चना

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत मां लिलोरी मंदिर



में अपने जन्मदिन की शुभ अवसर पर कांग्रेस नेता सह बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री रणविजय सिंह अपने पूरे परिवार संग पूजा करने पहुंचे ।

रणविजय सिंह ने मां लिलोरी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति और तरक्की के लिए प्राथना किया व मां लिलोरी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर सिंह के समर्थक मौजूद थे।

## पहला कदम में धूमधाम से मना कृष्ण जन्माष्टमी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम में सोमवार को जन्माष्टमी का पावन उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चो के बीच सरायढेला थाना की एस आई, पायल कुमारी शामिल हुई।

# डिगवाडीह गणेशा मेला से हो रहा है राजस्व का नुकसान नगरीय प्रशासन निदेशालय को संज्ञान में लेने की जरूरत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** डिगवाडीह गणेश मेला में प्रत्येक वर्ष मेला कमेटी के पास लगभग 40 से 45 लाख रूपया आता है। जिसमे 18 लाख 51 हज़ार मेला लगाने लिए मेला संचालक कमिटी को देता है। लगभग तीन से चार लाख दान पेटी से एवं मंदिरों पर प्रसाद बेचने वाले दुकानदार से तीन से चार लाख लिया जाता है। नेता ठेकेदार पूरे धनबाद जिला से चंदा की उगाई की जाती है। ऐसे कई जगहों से लाखो रूपया आता है लेकिन कोई हिसाब नहीं होता है। सारा पैसा जनता का होता है और जनता से लुटा गया पैसा आपस में बंदर बाट किया जाता है जिसका कोई भनक तक नहीं लगता। डिगवाडीह के लिए दुर्भाग्यपूर्ण की बात यह है की आज तक पूर्ण रूप से मंदिर का निर्माण नहीं हो पाया।



**मेला पर 10 से 12 वर्षो से 5 से 6 लोग एवं उनके रिश्तेदार का बना हुआ है दबदबा :-** मेला कोमेटी में जितनी भी सदस्य है सभी को सह सहमती से कोई और जगह बैठ कर सदस्य का चयन कर लिया जाता है। लगभग 10 से 12 वर्षो से 5 से 6 लोगो एवं उनके रिश्तेदार का दबदबा बना हुआ है। पद सिर्फ नाम का होता है सारा काम 6 से सात लोग ही करते है। नगरीय प्रशासन निदेशालय को संज्ञान में लेना चाहिए। नगरीय प्रशासन निदेशालय डाक के जरिया अगर मेला लगाता है तो मेला में लगे सभी झूले से लेकर सुरक्षा सम्बंधित जिम्मेवारी नगरीय प्रशासन निदेशालय की होगी। सभी तरह के झूले भी काफी सस्ता होगा। राजस्व को भी इसका फायदा होगा। जनता को कम पैसे में झुला झूलने का मौका मिलेगा।

**मेला के नाम पर लाखो का लेन देन होना गैर कानूनी, जाँच का विषय :-** मेला कमेटी एवं मेला संचालक के बीच लाखो रूपया का लेन देन होना, ये दर्शता है की मेला कोमेटी नियम अनुसार गलत कर रही है। जबकि नगरीय प्रशासन निदेशालय को खबर तक नहीं। मेला के नाम पर लाखो का लेन देन होना ये बिलकुल गलत एवं गैर कानूनी है जिसकी जांच होनी चाहिए।

# गिरिडीह पुलिस ने पांच चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में मुफ्फसिल थाना पुलिस ने पांच चोरों को दबोचा। वही गिरफ्तार पांचों चोरों के पास से चोरी के सामान जेवर, पूजा के बर्तन समेत कई और सामान बरामद किया गया.इधर गिरफ्तार चोरों में पचंबा थाना इलाके के ज़ोरबाद गांव निवासी बजरंगी दास और बादल भुइयां के साथ शहर के महादेव तालाब रोड निवासी दीपक ठठेरा, कोलडीहा निवासी दीपू साहू, शहर के बड़ा चौक निवासी प्रदीप स्वर्णकार हैं. जानकारी के अनुसार तीन चोरों ने मुफ्फसिल थाना इलाके के पपरवाटांड़ निवासी लखेंद्र सिंह के घर में सेंधमारी कर लाखों के सामान की चोरी की थी. तीनों चोरों ने प्रदीप स्वर्णकार और दीपक ठठेरा की दुकान में चोरी के जेवर और कई बर्तन बेच दिये थे. सीसीएल क्वार्टर में रहनेवाले लखेंद्र सिंह के घर चोरी के बाद पुलिस जांच में जुटी और तीनों को दबोचा. इसके बाद तीनों ने दीपक ठठेरा और प्रदीप स्वर्णकार की दुकान में बर्तन और जेवर बेचने की बात को कबूला. इसके बाद मुफ्फसिल थाना पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया।

# झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि अधिवक्ता मनोज कुमार यादव ने पेश की धनबाद विधानसभा से दावेदारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार झारखंड के सभी 81 विधानसभा मे कांग्रेस पार्टी से संभावित प्रत्याशी आवेदन पत्र जिला अध्यक्ष को जमा कर रहे हैं। इसी क्रम मे अधिवक्ता मनोज कुमार यादव ने धनबाद विधानसभा से अपनी दावेदारी पेश करते हुए आवेदन पत्र जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह को जमा किया। अपने आवेदन पत्र में अधिवक्ता मनोज कुमार यादव ने बताया कि वे पिछले लगभग 21 वर्षो से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय हैं। छात्र जीवन से लेकर अब तक वो कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दे चुके हैं। वर्तमान में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओ.बी.सी के उपाध्यक्ष के पद पर कांग्रेस पार्टी में अपनी सेवा दे रहे हैं। उन्होने कहा की यदि पार्टी मुझे अपना प्रत्याशी बनाती है तो पार्टी की जीत सुनिश्चित है। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मदन महतो, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री लालबाबू यादव, धनबाद जिला एनएसयूआई के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी, धनबाद नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह विशेष तौर पर उपस्थित थे।

# पुलिस की नजर में राज्य के बेरोजगार युवा अपराधी : मौर्या

पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** भाजपा के सोशल मीडिया ज़िला प्रभारी मनोज मौर्या ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर कहा की भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा द्वारा विगत 23 अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान में युवा जनाक्रोश रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सत्ता में आने के पूर्व अपने चुनावी घोषणा के माध्यम से राज्य के युवाओं एवं छात्र - छात्राओं से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि सत्ता में आते ही एक साल में 5 लाख युवाओं को रोजगार देंगे, 5 हजार से 7 हजार रुपए प्रत्येक महीने महंगाई भत्ता देंगे। महंगाई भत्ता और 5 लाख का रोजगार तो दे नहीं पाए, जो प्रतियोगी परीक्षाएं होनी थी उसमें से एक भी परीक्षा निष्पक्ष रूप से नहीं करवा पाए। श्री मौर्या ने कहा कि सरकार की इसी विफलता के विरोध में यह जनाक्रोश रैली का आयोजन कर राज्य के युवाओं को जगाने का प्रयास किया गया वही जनाक्रोश रैली पूरे राज्य से रांची ना पहुंच सके इसके लिए सभी जिलों के पुलिस प्रशासन ने इतनी सख्ती कर रखी थी कि रांची जाने वाले सभी मार्गों को पुलिस छावनी में बदल दिया गया था। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा था कि अपने ही राज्य के युवा उग्रवादी हैं या दूसरे देशों से आने वाले आतंकवादी हैं जिसको रोकने के लिए राज्य के पुलिस विभाग ने कमर कस ली हो। राज्य की पुलिस प्रशासन ने इन



युवाओं को रोकने में जितनी तत्परता दिखाई, यदि इसका 10 प्रतिशत भी अपराधियों को पकड़ने एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों को घुसपैठ करने से रोकने के लिए तत्परता दिखाई होती तो आज राज्य की स्थिति कुछ और होती। मौर्या ने कहा की संथाल परगना बांग्लादेशी घुसपैठियों का अड्डा ना बना होता और ना ही राज्य की महिलाओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार की संख्या में इतना इजाफा होता। हालांकि राज्य के युवाओं को यह बात समझ आ गई है कि निकट के दिनों में ना केवल सरकार से लड़ाई लड़नी होगी बल्कि अब पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी आंदोलन करना होगा।

# गृह रक्षा वाहिनी विभाग में ड्यूटी करना है और कमान चाहिए तो रिश्वत देना होगा : कैलाश नाग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ड्यूटी करना है कमान चाहिए तो रिश्वत देना होगा। यह हाल देश की कोयला राजधानी धनबाद जिला के गृह रक्षा वाहिनी विभाग का है। जी हां यह हम नहीं, बल्कि धनबाद जिला के कुछ होमगार्ड जवान विभाग में फैले भ्रष्टाचार को फिर से उजागर कर रहे हैं। भले ही सरकार ने प्रतिदिन मिलने वाले 500 रुपए वेतन भत्ता को बढ़ाकर 1088 रुपए कर दिया है, लेकिन विभाग में ड्यूटी बांटने के नाम पर कमान के बदले रिश्वतखोरी को खत्म नहीं कर पाई है। जवानों से थाना, सरकारी अधिकारी, अस्पताल, कार्यालयों आदि में ड्यूटी ली जाती है। एक तरफ जिला पुलिस के जवानों की तरह होमगार्ड का वेतन समान होने से होमगार्ड जवानों के भीतर खुशी की लहर है, तो दूसरी तरफ रिश्वतखोरी का भ्रष्टाचार खत्म नहीं होने से वे काफी दुखी भी हैं।




होमगार्ड जवान इसकी शिकायत कमांडेंट से लेकर डीजी और झारखंड सरकार से भी कर चुके हैं। फिर भी इसको लेकर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती है। पूर्व में कई बार कमान के बदले घूस मांगने पर हंगामा और धरना प्रदर्शन हो चुका है। बगैर रिश्वत दिए ड्यूटी का कमान भी नहीं मिलता है। जो जवान रिश्वत नहीं देते हैं उन्हें दो-तीन महीने से लेकर 6 महीने तक ड्यूटी का कमान नहीं दिया जाता है। गृह रक्षा वाहिनी विभाग का नियम है कि जो जवान जितने दिन ड्यूटी करेंगे उतना ही दिन का वेतन मिलेगा। इसी का फायदा विभाग के कुछ दबंग अधिकारी और ड्यूटी बांटने वाले मुंशी उठाते हैं।

**सम्मान समारोह के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने खोला राज :-** लंबे आंदोलन के बाद होमगार्ड के दैनिक पारिश्रमिक में हुई बढ़ोतरी के पीछे अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को सम्मानित करने के लिए रविवार को संयुक्त मोर्चा गृह रक्षा वाहिनी संघ झारखण्ड की ओर से गांधी सेवा सदन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष कैलाश नाग, प्रदेश प्रवक्ता कमल कुमार शर्मा ने गृह रक्षकों के पारिश्रमिक 500 रुपए को बढ़ाकर 1088 रुपए किए जाने पर राज्य सरकार का आभार जताया। कैलाश नाग और कमल कुमार शर्मा ने सीधे तौर पर यह भी कहा कि होमगार्ड विभाग में भ्रष्टाचार हावी है। गृह रक्षकों को ड्यूटी बांटने में मोटी रकम ली जाती है। यह घूस दलाल के माध्यम से लिया जाता है। यह गृह रक्षकों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह के भ्रष्टाचार पर रोक लगना चाहिए।

## शिक्षक दिवस पर सर्वश्रेष्ठ 5000 शिक्षकों को सम्मानित करेगा झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला इकाई धनबाद की एक बैठक जिला अध्यक्ष एस के सिन्हा की अध्यक्षता में गांधी सेवा सदन में की गई। जिला सचिव इरफान खान ने कहा कि धनबाद जिले में 500 से ज्यादा यू डाइस प्राप्त गैर मान्यता निजी विद्यालय है जिसमें सभी विद्यालय में हमारे शिक्षक एवं शिक्षिका बेहतर शिक्षा बच्चों को दे रहे हैं। उसके बाद भी सरकार के द्वारा शिक्षा विभाग के द्वारा वैसे बेस्ट शिक्षकों को किसी भी तरह का सम्मान नहीं दिया जाता है। सिर्फ निजी विद्यालयों से यू डाइस में शिक्षकों और बच्चों का डाटा ही मांगा जाता है। संगठन शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर धनबाद जिले के सभी निजी विद्यालयों के जो भी बेहतर शिक्षक है। विद्यालय प्रबंधन से उनकी सूची लेकर उन्हें सम्मानित करने का काम करेगा। सरकारी विद्यालयों में करोड़ो रूपया खर्च करने के बाद भी सरकार बेहतर शिक्षा देने में असफल है। बैठक में इरफान खान जिला सचिव धनबाद जिला अध्यक्ष एस के सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष रणजीत कुमार मिश्रा, बलियापुर अध्यक्ष एवं सचिव एसके श्रीवास्तव, झरिया अध्यक्ष किशोर महतो, विशाल कुमार श्रीवास्तव, दीपक मिश्रा, जगदीश साहब मुन्ना सिंह आदि उपस्थित रहे।

## हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) ने महुदा में किया प्रेस वार्ता, कहा

# आरक्षित सीटों के मामले में भी वर्गीकरण होना चाहिए : नंदलाल मांझी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिला अंतर्गत महुदा के बीसीसीएल गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता कर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) ने कहा कि मोर्चा (हम) सात सीटों से झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

उक्त बाते पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता नंदलाल मांझी ने दी। उन्होंने बताया कि झारखंड में हम पार्टी का संगठन काफी मजबूत है सीटों के मामले में उच्चस्तरीय फैसला लिया जाएगा।

आरक्षण पर पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि हम पार्टी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन करता है, आरक्षण से सम्पन्न लोगों को बाहर रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि राजनीत में आरक्षित सीटों के मामले में भी वर्गीकरण होना चाहिए ताकि सभी लोगों को मौका मिल सके।

मौके पर मनोज मांझी (जिला अध्यक्ष चतरा), दीना मांझी, संतोष सागर, मनोज मांझी, राकेश मांझी, अधिवक्ता शंकर मांझी (राष्ट्रीय प्रवक्ता), नन्दलाल मांझी (राष्ट्रीय प्रवक्ता), नारायण प्रसाद मांझी (जिला अध्यक्ष गया), आदि लोग उपस्थित थे।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक को मारी गोली, आरोपी फरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गोंदूडीह ओपी क्षेत्र के गोंदूडीह तालाब के निकट देर रात मंदिर के पास पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों में भिड़ंत हो गई। इस दौरान एक युवक को तीन लोगों ने मिलकर जमकर पिटाई कर दी और गोली मारकर भाग निकले। गोली लगने से युवक वहीं घायल होकर गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और जख्मी युवक के घर वालों को सूचना दी। घर वाले भागे भागे घटनास्थल पर पहुंचे और गोली लगने से घायल 25 वर्षीय गुलटन यादव को आननफानन में इलाज के लिए असर्फी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए घायल को दुर्गापुर मिशन अस्पताल रेफर कर दिया। जहां वह इलाजरत है। गोली पीठ के उपरी हिस्से में बांह के किनारे लगी है।? गोली शरीर के भीतर फंसी हुई है। जिसे डॉक्टर ऑपरेशन कर निकालेंगे। परिजनों के अनुसार घायल गुलटन की स्थित सामान्य है। डॉक्टर ने कहा है कि खतरे की कोई बात नहीं है। इस संबंध में गुलटन यादव के पिता ने गोंदूडीह ओपी में लिखित शिकायत की है। इसके आलोक में



गोंदूडीह थाना की पुलिस ने छोटू यादव, सत्यम यादव और एक अन्य अज्ञात के खिलाफ जान मारने की नीयत से गोली चलाकर जख्मी करने का एफआईआर दर्ज कराई है। गोंदूडीह थाना की पुलिस का कहना है कि जख्मी युवक का बयान अभी तक नहीं लिया गया है। जिसके खिलाफ एफआईआर की गई है, फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

# दानापुर मंडल के 08 स्टेशनों पर विभिन्न ट्रेनों का ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दानापुर मंडल के बंषीपुर, मननपुर, भलूई, बड़हिया, महेषलेटा हाल्ट, बासूचक हाल्ट, कुन्दर हाल्ट एवं शहीद जितेन्द्र हाल्ट गोपालपुर स्टेषन/हाल्ट पर प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. बंषीपुर स्टेषन पर दिनांक 27.08.2024 से गाड़ी सं. 18621 पटना-हटिया एक्सप्रेस 18.31/ 18.33 बजे तथा गाड़ी सं. 18622 हटिया-पटना एक्सप्रेस 08.51/ 08.53 बजे रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

2.मननपुर स्टेषन पर दिनांक 27. 08.2024 से गाड़ी सं. 13105 सियालदह- बलिया एक्सप्रेस 21.05/ 21.07 बजे तथा गाड़ी सं. 13106 बलिया-सियालदह एक्सप्रेस 17.00 / 17.02 बजे रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

3.भलूई स्टेषन पर दिनांक 27.08.2024 से गाड़ी सं. 13029 हावड़ा-मोकामा एक्सप्रेस 08.15/ 08.17 बजे तथा गाड़ी सं. 13030 मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस 17.08 /17.10 बजे रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

4.बड़हिया स्टेषन पर दिनांक 27.08.2024 से गाड़ी सं. 18181 टाटा-थावे एक्सप्रेस 06.49/06.51 बजे तथा दिनांक 28.08.2024 से गाड़ी सं. 18182 थावे- टाटा एक्सप्रेस 21. 09/ 21.11 बजे रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर कैरो नर्मदेश्वर मंदिर की आकर्षक सज्जा, 12 घन्टे का अखंड कीर्तन का आयोजन

**द्वारिकाधीश श्री कृष्ण अपने राधा के साथ जन्माष्टमी पर मंदिर में थे विराजमान, दर्शन को ललायित थे श्रद्धालु**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 26 अगस्त सोमवार को कैरो मुख्यालय स्थित श्री श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर की गई भगवान विष्णु की पुजा अर्चना एवं स्थानीय समिति के द्वारा 12 घन्टे का अखंड कीर्तन का भी किया गया आयोजन। इस अवसर पर राधा-कृष्ण की झांकी एसी थी मानो स्वयं भगवान अपने राधा के साथ मंदिर मे विराजमान हों। मौके पर पुरोहित कौशल कान्त त्रिपाठी जी के द्वारा मंदिर में विधि-विधान पुर्वक भगवान विष्णु की पुजा अर्चना के बाद स्थानीय समिति के द्वारा हरे राम हरे राम, हरे कृष्ण हरे कृष्ण का 12 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। उक्त कीर्तन का आयोजन 26 अगस्त सोमवार को 12 बजे दिन से शुरु होकर 12 बजे मध्य रात्रि प्रभू श्री कृष्ण जी के जन्म के उपरांत समाप्त होगी। इस अवसर पर मुख्यालय कैरो स्थित श्री श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर को आकर्षक रुप से की गई थी साज सज्जा। विदित है कि द्वापर युग में पृथ्वीलोक मे असुर सम्राट कंश का अत्याचार काफी बढ़ गया था,जिसका नाश हेतू भगवान विष्णु ने कंश के वहन के देवकी के आठवे संतान के रुप मे कंश के कारागार मे श्री कृष्ण का अवतार आज ही के दिन भाद्र पद कृष्ण पक्ष को अष्टमी तिथि को 12 बजे मध्य रात्रि मे हुआ था तभी द्वापर युग से आज तक श्री जी के जन्म के उपलक्ष्य मे जन्माष्टमी का त्योहार बहुत धूम-धाम से मनाये जाने की परम्परा युगों युगो से चलती आ रही है। मौके पर कैरो श्री श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर के अखन्ड कीर्तन मे गंगा साहू, वसंत साहु, मोती कुमार, कृष्णा साहू, सुरज मोहन साहू, ओम साहू, सुजीत प्रसाद, शंकर साहू, बालेश्वर साहू, राजेन्द्र सोनी इत्यादि अनेको लोग उपस्थित थे।

# चोरी के प्रयास कर रहे चोर का विशुनपुरा पुलिस ने किया खुलासा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** थाना अंतर्गत झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के ऊपर स्थित मदन प्रसाद गुप्ता के एसबीआई सीएसपी में 22 अगस्त को अज्ञात अपराधीकर्मी द्वारा चोरी करने की नीयत से लगे ताला को तोड़ने का काफी प्रयास किया गया था।इस संबंध में बिशुनपुरा थाना कांड संख्या 45/24, 23 अगस्त 24 धारा 334(1)/62 BNS दर्ज किया गया था, का खुलासा विशुनपुरा पुलिस करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि इस केस की जांच नवीनतम वैज्ञानिक -तकनीकी एवं मानव प्रयासों के साथ किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर श्री सत्यनारायण सिंह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर एवं पुलिस निरीक्षक नगर ऊंटारी अंचल के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के अगल बगल में लगे सीसीटीवी फुटेज अवलोकन किया गया। तब पता चला कि एसबीआई के सीएसपी में ताला तोड़ने वाले अपराधी का पहचान पंकज कुमार उर्फ भानु पिता सुनील पासवान टोला ललकी माटी बिशुनपुरा के रूप में हुई। तत्पश्चात उक्त अपराधी के घर पर छापेमारी कर पंकज कुमार उर्फ भानु को गिरफ्तार किया गया।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का छठवा दिन का मैच समाप्त



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का छठवां दिन का मैच आसिफ-11 सबडेगा बनाम तिर्की ब्रदर्स राँची के बीच खेला गया जिसमें आसिफ-11 सबडेगा ने तिर्की ब्रदर्स रांची को 40-01 गोल से पराजित किया और जीत हासिल कर दूसरे चरण में अपना स्थान बना लिया। इस मैच के मुख्य अतिथि मोहम्मद शाहिद रहे। आज का मैच अल-फतेह(झारखंड) बनाम टी-श्रुति एफसी(उड़ीसा) के बीच खेला जाएगा।

## 11 से 15 सितम्बर तक आयोजित होगी पांच दिवसीय मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अन्तर्राजीय फुटबॉल टूर्नामेंट

**जलडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में आगामी 11 से 15 सितम्बर तक मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अन्तर्राजीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुए मुख्य आयोजन कर्ता आकाश साहू एवं मो इरफ़ान ने बताया की पांच दिवसीय टूर्नामेंट में झारखण्ड एवं अन्य राज्यों से कुल 16 टीमें शिरकत करेंगी जिसका नामांकन शुल्क 6500 रूपये निर्धारित किया गया है। टूर्नामेंट की विजेता टीम को एक लाख रूपये नगद एवं उपविजेता टीम को एक्यावन हजार रूपये नगद सहित ट्रॉफी से सम्मानित किया जायेगा वहीं पुरे टूर्नामेंट में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ़ द सीरीज के तौर पर शानदार रेंजर साईकिल प्रदान की जाएगी। टूर्नामेंट के संचालन को लेकर कमिटी का विस्तार करते हुए अध्यक्ष के रूप में अघना खड़िया एवं उपाध्यक्ष के रूप में रामदेव साहू एवं दिलीप साहू(पाला) जबकि सचिव के रूप में आशीष इंदवार वहीं कोषाध्यक्ष के रूप में दिलीप साहू एवं संदीप साहू को जिम्मेवारी दी गई गई। टूर्नामेंट में 6 सितम्बर तक प्रवेश शुल्क देकर टीमें अपना स्थान सुनिश्चित कर सकते हैं। वहीं किसी प्रकार की जानकारी लेकर कमिटी के सदस्यों के फोन नंबर 8757433512, 8102948038, 9102896430 से संपर्क कर सकते हैं।

## आगामी 8 सितंबर को एक दिवसीय पी पेसा कानून पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी : सोमदेव उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति, लोहरदगा (झारखण्ड) के जिला अध्यक्ष सोमदेव उराँव द्वारा लोहरदगा जिला के सभी प्रखंड पंचायत के पहान, पुजार एवं महतो को सूचित किया जाता है कि आगामी 8 सितंबर 2024 दिन रविवार को पूर्वाह्न 10.30 बजे से 4.00 बजे तक एम0 जी0रोड स्थित झखरा कुम्बा लोहरदगा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में विगत 29 जुलाई 2024 को झारखण्ड के माननीय उच्चतम न्यायालय राँची ने पी0पेसा (अनुसूचित क्षेत्र उपबन्ध विस्तार अधिनियम 1996 के प्रावधानों को 13 जिलो में लागू करने हेतू फैसला देते हुए आदेश जारी कर दो माह का समय झारखण्ड सरकार को दिया है। इस विषय पर सभी आदिवासी पढ़े लिखे एवं बुद्धिजीवी से आग्रह किया गया है कि आप अपने हक अधिकार जल-जंगल, जमीन भाषा, संस्कृति, धार्मिक जमीन रीति रीवाज की सुरक्षा पी0 पेसा ग्राम सभा में नीहित है। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति के द्वारा पूरे जिलावासियों से अपील की जाती है कि इस कार्यशाला में अवश्य शामिल लें।

# लोहरदगा युवा कांग्रेस ने रक्तदान कर किया जरूरतमंद की मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बीते रात्रि लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती मरीज हिसरी पंचायत निवासी रसीदा खातून को चिकित्सकों ने ए पॉजिटिव ब्लड उपलब्ध कराने के बात कही जिसपर मरीज के परिजनों ने युवा कांग्रेस से मदद की गुहार लगाई,इसकी सूचना पाते ही लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग के नेतृत्व एवं जिला महासचिव कैश आलम के पहल पर काम्यादान एजुकेशनल सोसायटी के सेक्रेट्री वसीम अंसारी द्वारा जरूरतमंद मरीज को ए पॉजिटिव ब्लड देकर जीवन दान देने का कार्य किया गया, रक्तदाता वसीम अंसारी ने कहा की रक्तदान महादान है इससे किसी व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है रक्तदान करने से किसी को घबराना नहीं चाहिए रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त कण एवं नए प्लेटलेट्स का निर्माण होता है,जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि युवा कांग्रेस हमेशा से जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रयासरत है किसी के जीवन को बचाना नेक कार्य है। जिला महासचिव कैश आलम ने कहा की युवा कांग्रेस हमेशा लोगों की सहायता के लिए तैयार खड़ी है और अनेक कार्यों के द्वारा लोगों की मदद कर रही है। मौके पर जिला महासचिव तौसीफ आलम, जिला महासचिव आसिफ अंसारी, मोहसिन अंसारी, मंजूर अंसारी, विकास उरांव आदि उपस्थित थे।

# कर्मा पूर्व संध्या मनाने को लेकर बैठक आयोजित कर लिया निर्णय : अमित उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पडहा भवन कुडू में आदिवासी छात्र संघ प्रखंड समित कुडू अध्यक्ष-अमित उरांव के अध्यक्षता में आदिवासी छात्र संघ एवंम राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा प्रखंड समिति एवंम आदिवासी समाज के अन्य संगठन के अधिकारी एवंम सदस्यों के साथ आने वाले आदिवासियों का प्राकृतिक महापर्व करम को लेकर प्रखंड में करम पूर्व संध्या मानाने को लेकर बैठक किया गया जिसमे सर्व सहमति से निर्णय लेते हुए प्रखंड के अंतर्गत अमर शहीद वीर बुधु भगत टीको पोखरा टोली मैदान में 11 सितम्बर 2024 दिन बुधवार को मनाया जायगा जिसका संचालन पूर्व के ही चुने हुए करम पूर्व संध्या संचालन समिति के पाधिकारी ही करेंगे, वहीँ आदिवासी छात्र संघ कुडू के प्रखंड अध्यक्ष-अमित उरांव ने अपनी बातों को रखते हुए कहा की करम पूर्व संध्या धूम धाम से मनाया जाएगा हम सभी तो करम परब अपने अपने घर में मानते हैं लेकिन पूर्व संध्या मनाने से हमलोग एक जगह जुट पाएंगे मेरा प्रखंड के आदिवासी समाज के लोगों से आग्रह होगा की आगामी पूर्व संध्या कार्यक्रम में भारी संख्या में पारम्परिक वेश-भूसा में आने की बात कही और जितने भी खोड़हा दल आएंगे उनके लिए भी पुरस्कार दिया जायगा, मुख्य रूप से राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा कुडू के अध्यक्ष-शनि भगत, सरस्वती उराँव, रविन्द्र उराँव, रमेश उराँव, राजेश भगत, आशीष उराँव, इत्यादी उपस्थित रहें।

# अज्ञात अपराधियो ने बिजली तार किया चोरी अंधेरे में रहने पर विवश ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अज्ञात अपराधियों ने झखरा जितियाटोली बिजली तार चोरी घटना को दिया अंजाम ग्रामीणों के बीच समस्या उतपन्न हो गई है। सेन्हा थाना क्षेत्र के झखरा जितिया टोली में बीते रात अज्ञात चोरों द्वारा बिजली खंभा में लगा तार को चोरी कर लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि चोरी घटना को अंजाम रविवार रात्रि में दिया गया है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि बिजली खम्भा में लगे ग्यारह हजार बिजली तार को अज्ञात चोरों द्वारा काट लिया गया। जिससे ग्राम वासी अंधेरे में रहने को मजबूर है। वही बिजली तार चोरी होने की जानकारी ग्रामीणों को सुबह हुआ जब लोग बाहर निकले और अचानक बिजली खंभा पर नजर गया तो देखा की गांव के अगल बगल लगे बिजली का तीन पॉल से तार को काट लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली तार चोरी होने से बरसात के महीने में रात को काफी दिकत होगी और अंधेरा में रात गुजारना होगा। बच्चों को पढ़ाई लिखाई में भी परेसानी होगी साथ ही बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व भी अज्ञात चोरों द्वारा बिजली तार का चोरी कर लिया गया था जो अभी तक नही लगा है। और फिर से अज्ञात चोरों द्वारा बिजली तार चोरी घटना को अंजाम दिया गया। जिसकी सूचना बिजली मानव दिवस कर्मी के द्वारा विभाग को अवगत कराया जा चुका है।

# अविराम कॉलेज में जन्माष्टमी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा के डी एल एड और बी एड के प्रशिक्षुओ द्वारा जन्माष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम में राधा कृष्ण के रूप में अंकिता साक्षी और के द्वारा झांकी प्रस्तुत की गई। सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर पालना झुला कर जन्माष्टमी कार्यक्रम का शुभारंभ कर और अपने उद्बोधन में कहा गया कि कृष्ण एक सच्चे मित्र, दार्शनिक, थे और द्रोपदी की लाज बचाने के लिए वे स्वयं आ गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा, रेणुका, ममता, कुंदन, ऋतु, शिव, जंगबहादुर, आफताब, रामप्रकाश, अनिल चिनीबास, शशि आदि उपस्थित थे।

# भवनाथपुर-नगर मुख्य मार्ग पर बाइक दुर्घटना में दो लोग हुए घायल, रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** नगर उंटारी-भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर कड़िया धाम के पास बीती रात्रि एक बाईक के अनियंत्रित होकर पलटने से उस पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगो की मदद घायलो को भवनाथपुर सी एच सी में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए दोनो सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घायलों में अखिलेश पटेल पिता नागेंद्र चौधरी, अनूप कुमार पिता उमेश बैठा दोनो खरौंधी के चौरिया निवासी के नाम शामिल है। घटना के बारे में घायल ने बताया की बंशीधर नगर से बाईक से अपने घर खरौंधी वापस आ रहा था की कड़िया धाम के पास बाईक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में दोनो लोग बुरी तरह घायल हो गए है।

## वोट बैंक के लिए रोहिंग्या तथा आतंकवादी को बढ़ावा दे रही है हेमंत सरकार : टीपू खान



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष टीपू खान ने अपनी प्रतिक्रिया देकर वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की राज्य की हेमंत सरकार जो झामुमो राजद और कांग्रेस गठबंधन की सरकार है। वो आज के दिन में सिर्फ अलगाववादी आतंकवादी रोहिंग्या मुसलमान को संरक्षण देने का काम कर रही है सिर्फ और सिर्फ वोट बैंक बढ़ाने के लिए यहां के जो वास्तविक रहने वाले मुसलमान है उसे गुमराह किया जा रहा है। किसी तरह का कोई भी विकास का काम वर्तमान सरकार के द्वारा नही किया गया। साथ ही कहा की सिर्फ और सिर्फ अलकावादी अलकायदा और आतंकवादियों को संरक्षण देने का काम वर्तमान हेमन्त सोरेन की सरकार कर रही है।

# कोलेबिरा विधायक एवं कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारीयों के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर

**जनप्रतिनिधियों ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग एवं श्यामलाल प्रसाद कोलेबिरा मुखिया अंजना लकड़ा वार्ड सदस्य टिंकू प्रसाद कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी ऐव ग्रामीणों के साथ मिलकर किया उद्घाटन । 25 अगस्त सोमवार को कोलेबिरा सेमरटोली में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। विगत महीने से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही थी जिसके चलते यहां के ग्रामीण परेशान थे, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी से संपर्क करने के बाद विधायक के प्रयास से ट्रांसफर बदलवाया गया, पिछले महीने विधायक के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र में 13 खराब ट्रांसफार्मर बदल गया इस बार भी पूरे कोलेबीरा प्रखंड में विभिन्न पंचायत एवं गांवों में करीब 19 खराब ट्रांसफार्मर को चिन्हित कर बदलवाने के लिए विधायक ने सरकार से नया ट्रांसफार्मर की मांग की है अविलंब खराब ट्रांसफार्मर बदला जाएग ! प्रखंड अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि ने बताया फिलहाल कोलेबिरा प्रखंड में करीब 19 ट्रांसफार्मर 25, 63 100, 200, खराब है इसको विधायक के द्वारा सरकार से मांग की गई है और जल्द से जल्द उसको लगाया जाएगा, साथ ही विद्युतीकरण के लिए नया टेंडर भी हो चुका है संबंधित कंपनी को सरकार द्वारा विद्युतीकरण की सामग्री दी गई है बरसात के बाद नया विद्युतीकरण भी किया जाएगा एवं सर्वे भी किया जा चुका है ताकि कोई भी गांव टोला ना छूटे, यह हमारा प्रयास है कि विद्युत का लाभ सभी ग्रामीण को हो, हमारी सरकार ने 200 यूनिट बिजली का भी माफ कर दिया गया है ग्रामीण उसका फायदा उठाएं यह हमारा प्रयास है। मौके पर मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाडी युवा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग डेविड कंडुलना अजय डुंगडुंग पियूष डुंगडुंग प्रवीन सोरेंग फ्लोरेंशिया सोरेंग बृजिनिया केरकेट्टा अजय सिंह, प्रिया देवी, बृजिट कंडुलना तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संघ के अध्यक्ष बने प्रभुदयाल और सचिव सुजीत उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड स्तरीय झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संघ का प्रखंड स्तरीय कमिटी का गठन किया गया गया। झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संघ का बैठक जिला उपाध्यक्ष दुर्गा महली की अध्यक्षता में आयोजित कर प्रखंड स्तरीय झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संघ का गठन किया गया। आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से प्रभुदयाल मिंज को अध्यक्ष और सुजीत उराँव को सचिव चुना गया। साथ ही कोषाध्यक्ष पद पर प्रतिमा देवी निर्वाचित हुई। वही प्रखंड कमिटी गठन के पश्चात झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संघ का जिला अध्यक्ष शमशुल अंसारी ने कहा कि एक जुट होकर संघ के माध्यम से हम सभी ग्रामीण चौकीदार अपने हक अधिकार की लड़ाई के लिये तैयार हैं। साथ ही कहा कि विज्ञापन निकल कर चौकीदारों की बहाली हो रही है। जिसे रद्द किया जाये। विज्ञापन के आधार पर चौकीदारों की बहाली झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संघ विरोध करती है.वही झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संघ के प्रदेश संयुक्त सचिव नेजवत अंसारी ने कहा कि वर्ष 1990 में चौकीदारों की नियुक्ति हुई थी जो सेवानिवृत हुए उनके परिवार के आश्रितों को अपवाद बॉन्ड लेकर क्षतिपूर्ति के आधार पर बहाली हुआ है। जिस पर 70 प्रतिशत बहाली हो चुकी है। बचे हुए अन्य 30 प्रतिशत का बहाली करना सरकार सुनिश्चित करे साथ ही कहा कि 450 चौकीदारों को सेवा से विमुक्त किया गया है। जिसे सरकार सेवा में वापस ले अगर सरकार ऐसा नही करती है.तो पूरे प्रदेश के झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संघ के लोग राँची में आंदोलन करेंगे जिसका जिम्मेवार राज्य सरकार होगी। साथ ही कहा कि सरकार से मांग करते हैं विज्ञापन के आधार पर नही अनुकम्पा के तहत चौकीदारों का बहाली किया जाये। मंच संचालन कुडू प्रखंड अध्यक्ष राजू राम द्वारा किया गया। मौके पर झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संघ के जिला उपाध्यक्ष दुर्गा महली के अलावे रामकेश्वर उराँव, कलेश्वर उराँव, नानू देवी, बिफई उराँव, बिना देवी, चन्द्रदेव उराँव, रंगनाथ ठाकुर, बरती उराँव, प्रतिमा देवी,वासुदेव उराँव सहित अन्य सभी चौकीदार उपस्थित थे।

## रोहित उरांव के सौजन्य से किया जा रहा जर्सी का वितरण : निशीथ जयसवाल



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव के सौजन्य से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल के द्वारा लोहरदगा प्रखंड के ग्राम अरकोसा जमुरा टोली गांव के युवा खिलाड़ियों को जर्सी वितरण किया गया। इस मौके पर धर्म गुरु अजय बाबा, पुनैय उरांव, ज्ञानदेव उरांव, संदीप उरांव, विकास उरांव, विजय उरांव एवं अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### कंगना रनौत को भाजपा ने दिया कड़ा निर्देश



**नई दिल्ली** : भाजपा सांसद कंगना रनौत को किसान आंदोलन को लेकर बयान देना भारी पड़ गया है। भाजपा ने कंगना के बयान से किनारा कर लिया है और इसके साथ कंगना को सख्त निर्देश भी जारी किया है। भाजपा ने साफ शब्दों में कहा है कि कंगना रनौत का किसान आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में दिया गया बयान पार्टी का मत नहीं है। भाजपा कंगना के बयान से असहमति व्यक्त करती है।भारतीय जनता पार्टी ने जारी किए गए नोटिस में कहा है कि पार्टी की ओर से, पार्टी के नीतिगत विषयों पर बोलने के लिए कंगना रनौत को न तो अनुमति है और न ही वे बयान देने के लिए अधिकृत हैं। भाजपा की ओर से कंगना को निर्देशित किया गया है कि वे इस प्रकार के कोई बयान भविष्य में न दें। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास तथा सामाजिक समरसता के सिद्धांतों पर चलने के लिए कृतसंकल्पित है।दरअसल, कंगना रनौत का एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कंगना ने कहा था कि जो किसान आंदोलन हुआ वहां लाशे लटक रही थी, वहां रेप हो रहे थे। किसान बिल को वापस ले लिया गया जिससे देश चौंक गया। ये बहुत लंबी प्लानिंग थी जैसे बांग्लादेश में हुआ।

### डॉक्टर की मौत पर सीएम के इस्तीफे की मांग को लेकर सचिवालय मार्च अवैध : तृणमूल



**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की वरिष्ठ मंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता चंद्रिमा भट्टाचार्य ने मंगलवार को छात्र संगठन छात्र समाज द्वारा नवान्न मार्च की योजना को अवैध करार दिया है। इस मार्च के माध्यम से संगठन आर.जी. कर अस्पताल में एक पोस्ट-ग्रेजुएट प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग कर रहा है।सोमवार को कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, भट्टाचार्य ने दावा किया कि यह रैली बिना पुलिस की अनुमति के बुलाई गई है और इसे कुछ तत्वों द्वारा राज्य में शांति और स्थिरता को भंग करने के इरादे से आयोजित किया जा रहा है।भट्टाचार्य के साथ तृणमूल के नेता कुणाल घोष और जयप्रकाश मजूमदार भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि डॉक्टर की हत्या के मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई है और मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग को उन्होंने राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया।भट्टाचार्य ने कहा कि इस रैली का आह्वान सोशल मीडिया पर छात्र समाज द्वारा किया गया है, जिसने पुलिस को अपने योजनाओं के बारे में सूचित नहीं किया है। हम सभी पीड़िता के लिए न्याय चाहते हैं और अपराधियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। केस सीबीआई को सौंपा जा चुका है, और सीएम के इस्तीफे की मांग राजनीतिक रूप से प्रेरित है।

# झामुमो में सभी को मिलता है पूरा मान सम्मान : मंत्री मिथिलेश

## विभिन्न क्षेत्रों से 500 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : गढ़वा के विभिन्न गावों से 500 से अधिक लोगों ने दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर ली। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। रविवार को मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर गढ़वा प्रखंड के पिपरा पंचायत के गांगी कला गांव के 200 से अधिक लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। जबकि क्षेत्र भ्रमण के दौरान गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के उंचरी, फरठिया पंचायत के



सिदेखुर्द तथा पाल टोला नकदरवा में काफी संख्या में लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की।मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को पार्टी में शामिल करते हुए स्वागत किया। मंत्री ने कहा कि आज पूरे जिले में हर गांव से काफी संख्या में लोग दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। जनता का रूझान इस बात को दर्शाता है कि पूरे राज्य में जनहित का बेहतर कार्य हो रहा है। साथ ही गढ़वा में हो रहे चौतरफा विकास कार्या से जनता झामुमो की ओर आकर्षित हो रही है। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों से मंत्री ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में जनता के बीच जाकर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करें। साथ ही उनकी समस्याओं का निदान कराने की दिशा में पहल करें। मंत्री ने कहा कि झामुमो में सभी को पूरा मान सम्मान मिलता है।पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से गांगी कला गांव से बिंदेश्वर चौधरी, विनोद, मुनारिक, अमरेश चौधरी, मनोज चौधरी, सावित्री देवी आदि का नाम शामिल है।

## ओखरगाड़ा में डॉ. एमएन खान ने किया हर्बल सेंटर का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : जिले के मेराल प्रखंड के ओखरगाड़ा में एमडी अफताब एसके अमूल्य हर्बल सेंटर का उद्घाटन किया गया। सेंटर का उद्घाटन एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान ने फीता काटकर किया। मौके पर काफी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों का नि शुल्क चेकअप किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि उक्त सेंटर आयुर्वेद से बने हुए प्रोडक्टों को प्रमोट करने और आयुर्वेद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खोला गया है। इस केंद्र के प्रोपराइटर एमडी अफताब, डॉक्टर शिवबचा चौहान, डॉ सुनील मेहता, डॉक्टर अजय रजवार रवि, भूषण दुबे, सूर्यकांत शर्मा, हाजी नसीरुद्दीन, सदरू खान सहित काफी संख्या में महिलाएं और बुजुर्ग उपस्थित थे। इस अवसर पर जिनका निःशुल्क चेक अप किया गया उन्हें निःशुल्क दवा भी दिया गया।

# जम्मू -कश्मीर के लिए भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

एजेंसी

**नई दिल्ली:** जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी( भाजपा ) ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित 40 नेताओं को शामिल किया गया है। सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी प्रमुख रूप से शामिल हैं। चुनाव आयोग को भेजी गई सूची में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, जी किशन रेड्डी, शिवराज सिंह चौहान और डॉ.





जितेंद्र सिंह, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी शामिल हैं। इसके साथ ही पूर्व मंत्री अनुराघ ठाकुर, स्मृति ईरानी, जनरल (रिटायर्ड), वी.के.सिंह, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश चुनाव प्रभारी राम माधव, तरुण चुघ के नाम भी इस सूची में शामिल हैं। स्टार प्रचारकों में स्थानीय नेताओं को भी शामिल किया गया है। इसमें जम्मू -कश्मीर के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैना, अशोक कौल, डॉ. निर्मल सिंह, कविंद्र गुप्ता, सुनील शर्मा, देवेंद्र सिंह राणा, सुखनंदन चौधरी, श्याम लाल शर्मा, त्रिलोक जमवाल, अरुण प्रभात सिंह, नीलम लंघे, सरदार रणजोध सिंह नलवा, सरदार सरबजीत सिंह जोहल, दानांथर सिंह कोटवाल संगीता भगत, हाजी जावेद जरगर, सोफी युसूफ, मोहम्मद अनवर खान और संजीता डोगरा शामिल हैं। चुनाव आयोग को भेजी गई स्टार प्रचारकों की सूची में भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि यह सूची जम्मू कश्मीर में पहले चरण के लिए है। हांलाकि इसे ही दूसरे और तीसरे चरण के लिए मान्य किया जाए। यदि कोई परिवर्तन होगा तो पार्टी उसे सूचित करेगी।

# सिंगापुर के राष्ट्रपति से मिला भारतीय मंत्रियों का दल , द्विपक्षीय संबंधों पर हुई बातचीत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत सरकार के चार प्रमुख मंत्रियों के एक दल ने सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम और प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की गई। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि चार भारतीय कैबिनेट मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर में राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम और प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। इन कैबिनेट मंत्रियों में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव शामिल थे। उल्लेखनीय है कि भारत-सिंगापुर के रिश्तों को मजबूत करने और द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए सिंगापुर में आयोजित दूसरा भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन हुआ। इसमें भारत के चार केंद्रीय मंत्रियों ने हिस्सा लिया। मंत्रालय के मुताबिक इन नेताओं ने सिंगापुर के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के दौरन डिजिटलीकरण, हरित पहल और कौशल



विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके भारत-सिंगापुर रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने पर चर्चा की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम की सराहना की कि वे दूरगामी सुधारों को विकसित करने में अपने मौलिक योगदान के माध्यम से बहुपक्षवाद के एक मजबूत समर्थक हैं, जो सरकारों और संस्थानों को 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बना सकते हैं। निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2023 में जी-20 भारतीय प्रेसीडेंसी के दौरान बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने पर जी-20 विशेषज्ञ समूह के सदस्य के रूप में अमूल्य योगदान के लिए राष्ट्पति थर्मन शनमुगरत्नम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# चेहल्लुम इंसान बनने का देता है संदेश : चंद्रशेखर सिंह छोटू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : चेहल्लुम लोगों को बेहतर इंसान बनने का संदेश देता है। इस दिन गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करने का दिन है। इमाम हुसैन ने बुराइयों के खिलाफ जंग लड़ी थी। इमाम हुसैन मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम यह नवासे थे। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य सह डालटनगंज विधानसभा के भावी प्रत्याशी चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। वे रविवार को चैनपुर प्रखंड के बंदुआ में शेरे खुदा नौजवान कमेटी के तत्वाधान में चेहल्लुम पर आयोजित जलसा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चेहल्लुम एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। इसकी विशेष धार्मिक मान्यताएं हैं। चेहल्लुम शहीदे कर्बला की याद में मनाई जाती है। 10वीं मोहरर्म को हजरत इमाम हुसैन व कर्बला के शहीदों की शहादत के 40वें दिन



पड़ता है। चेहल्लुम के दिन एक जगह एकत्रित होकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत की बहादुरी व वीरता की गाथा सुनते हैं।

उन्होंने कहा कि सभी को इमाम हुसैन के बताए गए रास्ते पर चलने की जरूरत है। कहा कि शेरे खुदा नौजवान कमेटी के तत्वाधान में छोटे से गांव में बड़ा कार्यक्रम किया गया है। उन्होंने इसके लिए कमेटी के सदर जहीर आलम की प्रशंसा की। कहा कि यहां पर एक दूसरे समुदायों को पगड़ीपोसी कर भाईचारगी का संदेश दिया गया है। उन्होंने कमेटी के पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया। कहा कि कार्यक्रम में कुडू से खेल टीम के मुख्य मो रबुल व अन्य खिलाड़ियों का हथियार के साथ प्रदर्शन उम्दा रहा। मौके पर सदर जहीर आलम ने आजूसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू, सतीश तिवारी, सुरेश सिंह, भुवनेश्वर प्रजापति व राजीव पांडेय की पगड़ीपोसी कर सम्मानित किया। वहीं चंद्रशेखर सिंह छोटू ने सदर जहीर आलम, सचिव इस्लाम मियां, जनरल सदर मो खुर्शीद, जनरल सचिव मो अजमुल मियां, मो अख्तर, खजांची मो इश्तियाक, जनरल खजांची गोल्डन मुश्ताक, राजू, मो सुलेमान, जहीर आलम व सचिव इस्लाम मिया को पार्टी की ओर से पगड़ीपोसी कर सम्मानित किया।

### गेस्ट हाउस कांड को याद कर मायावती बोली सपा ने मुझ पर करवाया हमला, कांग्रेस चुप रही

**लखनऊ** : बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने गेस्ट हाउस कांड को याद करते समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 2 जून 1995 में समर्थन वापस लेने पर सपा ने मुझ पर जानलेवा हमला कराया था। उस दौरान केंद्र में रही कांग्रेस सरकार ने भी समय से अपना दायित्व नहीं निभाया। इस पर कांग्रेस कभी क्यों नहीं बोलती है। मायावती ने कहा कि उस समय सपा के आपराधिक तत्वों से भाजपा सहित समूचे विपक्ष ने मानवता व इंसानियत के नाते मुझे बचाने में दायित्व निभाया है, तो कांग्रेस को बीच-बीच में तकलीफ क्यों होती है। लोग इससे सचेत रहें। बसपा प्रमुख ने कहा कि उस वक्त केंद्र की कांग्रेस सरकार की भी नीयत खराब हो चुकी थी, जो कुछ भी अनहोनी के बाद यूपी में राष्ट्रपति शासन लगाकर पर्दे के पीछे अपनी सरकार चलाना चाहती थी।

# रूस के सारातोव की सबसे ऊंची इमारत पर यूक्रेन का हमला

एजेंसी

**सारोतोव** : यूक्रेन ने रूस के सारोतोव शहर पर सोमवार को ड्रोन हमला किया। इस शहर के सबसे ऊंची बिल्डिंग वोल्गा स्काई को निशाना बनाया गया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल गहो रही है, जिसमें देखा जा सकता है कि ड्रोन वोल्गा स्काई बिल्डिंग से जाकर टकराती है। ड्रोन के टकराने से बिल्डिंग में आग लग जाती है। इस वीडियो को देखकर यूजर्स को अमेरिका में हुए 9/11 आतंकी हमले की याद आ गई। बता दें कि यह 38 मंजिला बिल्डिंग है। सारोतोव शहर के गवर्नर रोमन बसुरगिन ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर जानकारी दी कि इस ड्रोन हमले में एक महिला घायल हो गई है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसके वायु रक्षा प्रणालियों ने सारातोव क्षेत्र में नौ ड्रोन नष्ट कर



दिए। बता दें कि इस हमले को बाद शहर के एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी, हालांकि, कुछ घंटों के बाद फ्लाइट्स की आवाजाही को फिर से शुरू कर दी गई। बता दें कि यूक्रेनी राष्टपति जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि यूक्रेन की सेना रूस के कुर्स्क क्षेत्र में तीन किलोमीटर तक आगे बढ़ गई है। यूक्रेनी सेना ने दो और बस्तियों पर नियंत्रण कर लिया है। वहीं रूस ने उत्तरी और पूर्वी यूक्रेन को निशाना बनाकर रात में कई मिसाइलें और ड्रोन दागे।यूक्रेनी सेना और स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इन हमलों में चार लोगों की मौत हो गई और 37 लोग घायल हो गए। एपी के अनुसार रूस के सीमावर्ती क्षेत्र बेलगोरोद में यूक्रेनी गोलाबारी में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन में एक होटल पर हमला किया, जिसमें एक पत्रकार लापता हो गया और दो अन्य घायल हो गए।

## हिमंता बिस्वा सरमा को कहना चाहिए कि हम झामुमो और हेमंत का मुकाबला नहीं कर सकते : सुप्रियो





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा बिना जानकारी के झारखंड में कानून सिखाने आ गये हैं। उन्हें बताना चाहिए कि किसान आंदोलन क्या पाकिस्तान में हो रहा था। ये वहीं हिमंता हैं जिनकी पार्टी ने किसान आंदोलनकारियों को रोकने के लिए सड़कों पर कीलें लगा दीं। कटीले तार और कंक्रीट के बैरियर लगा दिये। हिमंता बिस्वा सरमा तब कहां थे। सुप्रियो ने याद दिलाते हुए कहा कि किसान आंदोलन के समय दिल्ली में 42 केस दर्ज किये गये। वहीं, हरियाणा में 138 केस दर्ज किये गये। कुल मिलाकर एक आंदोलन में 180 एफआईआर दर्ज किये गये। नामजद और लाखों अज्ञात के नाम पर केस दर्ज किये गये। दरअसल, हिमंता को ये कहना चाहिये था कि हम डरे हुए हैं। हम जेएमएम का मुकाबला नहीं कर सकते। हम हेमंत सोरेन का मुकाबला नहीं कर सकते। सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकार वार्ता में कहा कि इस साल चार राज्यों में चुनाव होने हैं। इसमें एक झारखंड भी है। पहले जम्मू-कश्मीर को विभाजित किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को चोट पहुंचायी गयी। अब सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में आने पर वहां चुनाव कराये जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चुनावों की तिथियों की घोषणा कर दी है। इन दोनों राज्यों में आचार संहिता भी लागू हो गयी है। इस बीच हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने आयोग से हरियाणा में एक तारीख को होने वाले चुनाव की तिथि बदलने की मांग की है। सुप्रियो ने कहा कि देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब केंद्र में काबिज सत्तारूढ़ दल का नेता ही चुनाव की तिथि बदलने की मांग कर रहा है। इसका कारण ये है कि भाजपा लोगों के सामने आने से डर रही है। इसलिए चुनाव को स्थगित या टालना चाहती है। इसका असर झारखंड में भी दिखाई पड़ा है। यहां 23 तारीख को इन्होंने एक रैली की।

### लद्दाख में पांच नए जिलों का निर्माण बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में कदम : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लद्दाख में पांच नए जिलों के गठन को बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में एक कदम बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस संबंध में साझा एक एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, लद्दाख में पांच नए जिलों का निर्माण बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में एक कदम है। जांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग पर अब अधिक ध्यान दिया जाएगा, जिससे लोगों को सेवाएं और अवसर और भी करीब आएंगे। वहां के लोगों को बधाई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से लद्दाख में पांच नए जिले बनाने ने निर्णय की जानकारी दी थी।

# लातेहार जिले के सभी मुखिया 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर : सुभाष

प्रभाम मंत्र संवाददाता

**गारू (लातेहार)** : झारखंड राज्य के मुखियाओं ने अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में लातेहार जिले के मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने लातेहार के उपायुक्त को एक पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। पत्र में श्री सिंह ने बताया कि राज्यभर के सभी मुखिया अपनी लंबित मांगों के निराकरण के लिए हड़ताल पर जा रहे है हैं। इस हड़ताल में लातेहार जिले के भी सभी मुखिया शामिल होंगे ।मुखिया संघ की प्रमुख मांगों में पंचायती राज वित्त आयोग की राशि का शीघ्र वितरण, आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना के मामलों में मुआवजा, मानदेय में वृद्धि, सरकारी योजनाओं में प्रतिनिधियों के परिवारों का समावेश और वित्तीय शक्तियों की बहाली शामिल हैं।

#### पंचायती राज वित्त आयोग की राशि का शीघ्र वितरण की मांग

मुखियाओं का कहना है कि पंचायतों को विकास कार्यों के लिए वित्त आयोग द्वारा निर्धारित राशि का जल्द से जल्द आवंटन किया जाए। इस राशि के बिना गांवों में विकास कार्य रुक गए हैं, जिससे जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। और पंचायत का विकास नहीं हो पा रही है।

#### सरकारी योजनाओं में समावेश

चौथी मांग में मुखियाओं ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि वर्तमान में चल रही योजनाओं जैसे कि मईया सामान्य योजना और अबुआ आवास योजना में मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, और जिला परिषद सदस्य के परिवारों को शामिल किया जाए।

#### मानदेय में वृद्धि की मांग

तीसरी मांग में मुखियाओं ने केरल राज्य के तर्ज पर अपना मानदेय 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की है। वर्तमान मानदेय से उन्हें अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में कठिनाई हो रही है।

#### आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना पर मुआवजा

हड़ताल की दूसरी प्रमुख मांग है कि कार्यकाल के दौरान किसी भी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, प्रमुख, या जिला परिषद सदस्य की आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में उनके परिवार को 30 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। यह मुआवजा उनके परिवार के भरण-पोषण हो सके।

#### वित्तीय शक्तियों की बहाली की मांग

पांचवीं और अंतिम मांग में मुखियाओं ने जोर दिया है कि बिना जांच के किसी भी मुखिया की वित्तीय शक्तियां निलंबित न की जाएं। जिन मुखियाओं की वित्तीय शक्तियां जप्त की गई हैं, उन्हें तुरंत बहाल किया जाए।

#### जिले में विकास कार्यों पर पड़ेगा असर

हड़ताल के कारण जिले में चल रहे विकास कार्यों पर भी असर पड़ सकता है। लातेहार मुखियाओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक वे अपने पदों से हटने का कोई इरादा नहीं रहेगा।